सूची

भूमिका

भारतवर्ष की मुख्य जीविका खेती है। वैदिक काल से इस देश में खेती होने के प्रमाण मिलते हैं। इस देश में इतना अन्न और दूध होता था कि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन प्रातःकाल अग्नि और घी से अग्निहोत्र करके भी अन्न और घी को चुका नहीं पाता था। लोग खूब खाते थे और अतिथियों को खिलाते थे। न कोई भीख माँगता था, और न कोई चोरी करता था। पशुओं के लिये लम्बे-चौड़े जंगल छूटे हुए थे। मनुष्यों की प्रवृत्ति सात्विक थी। इससे प्रकृति के सब अंग अनुकूल थे। ठीक समय पर वृष्टि होती थी; वृक्षों में फल आते थे और पृथ्वी अन्न से हरी-भरी रहती थी। अब सभी बातें अस्त-व्यस्त हो गई हैं। धन-धान्य की कमी से मनुष्यों में चोरी, जारी, छल-प्रपञ्च बढ़ गये हैं। ठीक समय पर न वृष्टि होती है; न अन्न उपजते हैं और न फल आते हैं। पृथ्वी की उर्वरा-शक्ति भी क्षीण हो गई है। अतएव इस सामूहिक पतन को रोकने के लिये खेती की क्रिया में फिर सुधार करना आवश्यक हो गया है।

पराशर कहते हैं :—

अवस्त्रत्वं निरन्नत्वं कृषितोनैव जायते।
अनातिथ्यञ्चदुःखित्वं दुर्मनो न कदाचन॥

'खेती करने वाले को वस्त्र और अन्न का कष्ट नहीं होता। अतिथि-सेवा में असमर्थता तथा अन्य दुःखों से उसके मन को कभी खेद नहीं पहुँचता।'

सुवर्णरौप्यमाणिक्यवसनैरपिपूरिताः।
तथापि प्रार्थयन्त्येव कृषकान् भक्ततृष्णया॥

'सोना, चाँदी, माणिक्य और वस्त्र आदि से सम्पन्न पुरुषों को भी भोज्य पदार्थ की इच्छा से किसान से प्रार्थना करनी ही पड़ती है।'

अन्नं प्राणो बलश्चान्नमन्नंसर्वार्थसाधकम्।
देवासुरमनुष्याश्च सर्वे चान्नोपजीविनः॥

'अन्न ही प्राण और बल है, और अन्न ही सब कामों का सिद्ध करने वाला है। देवता, असुर और मनुष्य, सभी अन्न से जीते हैं।'

अन्नं तु धान्यसंभूतं धान्यं कृष्या विना न च।
तस्मात्सर्वम्परित्यज्य कृषिं यत्नेन कारयेत्॥

'भोजन अन्न से बनता है; अन्न खेती विना उत्पन्न नहीं होता; अतएव अन्य काम छोड़कर पहले यत्न से खेती करनी चाहिये।'

इस प्रकार पराशर मुनि ने खेती की महिमा कही है। आज भी संसार के सब धंधे अन्न ही के लिये हैं। एक जाति दूसरी जाति पर शासन कर रही है; रेल दौड़ रही है; मोटर चल रही है; हवाई जहाज़ उड़ रहे हैं; खानें खोदी जा रही हैं; सभायें हो रही हैं; नाटक और सिनेमा दिखलाये जा रहे हैं; विद्यार्थी पढ़ रहे हैं; समाचार-पत्र निकल रहे हैं; सेना से क़वायद कराई जा रही है; डाकख़ानों से चिट्ठियाँ बँट रही हैं; चोर चोरी कर रहा है; राजा दंड दे रहा है; इत्यादि; ये सब काम देखने में भिन्न-भिन्न प्रकार के हैं; पर ग़ौर से देखने पर इन सब के मूल में अन्न ही दिखाई पड़ेगा। पेट नाम का एक ऐसा अद्भुत यंत्र मनुष्य के शरीर में लगा हुआ है, जो मनुष्य को तरह-तरह के स्वांग रचने को विवश करता है। या यों कहना चाहिये कि पेट ही की प्रेरणा से मनुष्य का मस्तिष्क इतना विकसित हुआ है। आजकल तो मनुष्य का दिमाग़ पेट ही को सिर पर लिये हुए दुनिया में दौड़ लगा

रहा है। अतएव आदमी को सब से पहले पेट का प्रबन्ध करना चाहिये। इसी के लिये संसार की सारी चहल-पहल है। भोजन-वस्त्र की प्राप्ति खेती के बिना असंभव है। यह इतनी स्पष्ट बात है कि इसके लिये ऋषि-मुनियों की साक्षी की जरूरत नहीं है।

हिन्दुओं में खेती का सिलसिला आदिमकाल से है। इससे खेती सम्बंधी उनके अनुभव भी बहुत पुराने हैं। अपने अनुभवों को उन्होंने छोटे-छोटे छंदों में बंद करके कंठ-कंठ में रख छोड़ा है। यह धन उनको हजारों वर्षों से, पीढ़ी दर पीढ़ी, विरासत की तरह मिलता चला आ रहा है। इन छंदों की संख्या भारत की सब भाषाओं को मिलाकर लाखों होगी; पर इनका पुस्तकाकार संग्रह कहीं उपलब्ध नहीं है। पूर्व-काल में किसी ने संग्रह किया था, या नहीं, यह भी अभी तक लापता है।

मैंने सन् १९२६ से १९२९ तक भारतवर्ष के भिन्न-भिन्न प्रान्तों में भ्रमण करके ग्रामगीतों का संग्रह किया था। उस समय मुझे खेती सम्बंधी बहुत सी कहावतें भी मिली थीं। यद्यपि काश्मीर, पंजाब, राजपूताना, काठियावाड़, गुजरात, महाराष्ट्र, दक्षिण भारत, उड़ीसा, बंगाल, आसाम, बिहार, मध्यप्रदेश और अन्य प्रान्त की कहावतें उनकी भिन्न-भिन्न भाषाओं या बोलियों में अलग-अलग हैं; पर उनमें अनुभव प्रायः एक ही प्रकार का मिलता है। कितने बड़े खेत में कितना अन्न बोना चाहिये? यह तौल भी प्रायः समान है और खेती के औज़ार किस आकार के होने चाहिये? यह माप भी प्रायः एक है। इससे मालूम होता है कि ज्ञान का मूल सब का एक है; केवल भाषा या बोली का जामा अलग-अलग है।

मुझे वाचस्पति कोष में पराशर के कुछ श्लोक मिले हैं। उनमें से कुछ मैं यहाँ उद्धृत करता हूँ :—

ईषा युगोहलस्थाणुर्निर्योलस्तस्यपाशिका ।
अड्डचल्लश्चशोलश्च पचनीचहलाष्टकम् ॥ १ ॥

पञ्चहस्ताभवेदीषास्थाणुःपञ्चवितस्तिकः ।
सार्द्धहस्तस्तुनिर्योलोयुगःकर्णसमानकः ॥ २ ॥
निर्योलपाशिका चैव अड्डचल्लस्तथैव च ।
द्वादशांगुलमानो हि शैलोगजिप्रमाणकः ॥ ३ ॥
सार्द्ध द्वादश मुष्टिर्वा कार्य्या वा नवमुष्टिका ।
दृढ़ा पचनिका ज्ञेया लौहाग्रावंशसंभवा ॥ ४ ॥
आबन्धो मण्डलाकारस्स्मृतपञ्चदशांगुलः ।
प्रोक्तं हस्त चतुष्कं च रज्जुः पञ्चकरान्विता ॥ ५ ॥
पञ्चांगुलाधिकोहस्तो वा फालकास्मृता ।
अर्कस्यपत्रसदृशी पाशिका च नवांगुला ॥ ६ ॥

ईषा (हरीस), जुवा, हल-स्थाणु (कुढ़), निर्योल (फार), पाशिका (दावी), अड्डचल्ल (पाचर), शहल और पचनी ये आठ हल के अंग हैं ॥ १ ॥

पाँच हाथ की हरीस, ढाई हाथ का कुढ़, डेढ़ हाथ का फार और बैल के कान बराबर जुवा होना चाहिये ॥ २ ॥

फार, दावी, पाचर ये तीनो बारह-बारह अंगुल के हों और शहल हाथ भर का होना चाहिये ॥ ३ ॥

साढ़े बारह मूठी का या नौ मूठी का आगे लोहा लगा हुआ पुष्ट बाँस का पाचर होना चाहिये ॥ ४ ॥

जुवा के बीच में गोलाकार पंद्रह अगुल का आबन्ध होता है। चार हाथ का जुवा और पाँच हाथ का नाधा होता है ॥ ५ ॥

एक हाथ पाँच अंगुल का वा एक हाथ का फार होता है। और मदार के पत्ते के समान नौ अगुल की दावी होती है ॥ ६ ॥

एकविंशति शल्यस्तुविद्धकःपरिकीर्त्तितः ।
नवहस्ता तु मदिका प्रशस्ता कृषिकर्मणि ॥ ७ ॥

इयं हि हल सामग्री पराशरमुनेर्मता ।
सुदृढाकर्पकैः कार्या शुभदा कृषिकर्मणि ॥ ८ ॥
चत्वारिंशतथाचाष्टावंगुलानिहलस्मृतः ।
अथायामोंगुलेर्भाव्योहलीशावेधतश्चयः ॥ ६ ॥
षोडशैवतुतस्याधः षड्विंशतिरथोपरि ।
वेधस्तथा च कर्तव्यः प्रमाणेन षडंगुलः ॥ १० ॥

इक्कीस काँटों से युक्त विद्धक होता है (यह जोते हुए खेतों का तृण निकालने के लिये पूर्व देश में प्रचलित है)। नौ हाथ का हेंगा (सिरावन) खेती के काम में अच्छा होता है ॥ ७ ॥

पराशर मुनि के मत से यही हल की सामग्री है। जिस किसान के पास यह सामग्री रहती है, उसका कल्याण होता है ॥ ८ ॥

अड़तालीस अंगुल का हल (कुढ़) होता है। उस अड़तालीस में हरीस के छेद के नीचे सोलह अंगुल और छेद के ऊपर छब्बीस अंगुल रहे, और छः अंगुल का छेद हो, जिसमें हरीस रहती है ॥ ९, १० ॥

प्राञ्जला सप्तहस्ता तु हलीशाविदुषांमता ।
तस्यावेधस्सवर्णायाः कार्यो नववितस्तिभिः ॥११॥

सात हाथ की हरीस विद्वानों की सम्मति है। और उसका छेद नौ बीते पर कराना चाहिये ॥११॥

चतुर्हस्त युगं कार्यं स्कन्धस्थानेऽर्द्धचन्द्रवत् ।
मेष शृङ्ग कदंबस्य सालधवद्रुमस्य च ॥ १२ ॥

जुआ चार हाथ का होना चाहिये। कन्धे के ऊपर अर्द्धचन्द्राकार बनवाना चाहिये। यह भेंड़ के सींग का, कदम्ब, साल या धव की लकड़ी का होना चाहिये ॥ १२ ॥

प्रतोदोयिपमग्रंथिर्वेणवश्च चतुःकरः ।
तदग्रे तु प्रकर्तव्या जवाकारा तु लोहवत् ॥ १३ ॥

विपम (ताक) गाँठों का, चार हाथ लम्बा, बाँस का, पैना होना चाहिये। उसके सिरे पर लोहे के समान जवाकार बना दे॥ १३॥

गाँवों में जाकर हल की सामग्री देखिये, तो पराशर मुनि के मत से ठीक मिलती-जुलती हुई मिलेगी। इससे मालूम होता है कि खेती की परम्परा में पराशर ही की आज्ञा आज भी चल रही है। पराशर कहते हैं:—

मृत्सुवर्णसमा माघे पौषे रजतसन्निभा।
चैत्रेताम्र समाख्याताधान्यतुल्या च माधवे॥

'माघ में जोतने से भूमि सोने के बराबर, पौष में जोतने से चाँदी के बराबर, चैत्र में ताँबा, और वैसाख में अन्न के बराबर फलप्रद है।'

इससे मालूम होता है कि पराशर के समय में माघ में फ़सल कट जाती थी। अर्थात् आजकल का चैत्र का मौसम पराशर के समय में माघ में आ जाता था। ज्योतिषियों का कथन है कि पृथ्वी की गति के कारण ऋतु-काल आगे सरकता जा रहा है। कोई समय ऐसा भी था, जब अगहन में वसन्त आ जाता था। जैसा गीता में भगवान् ने अपने लिये कहा है:—

मासानां मार्गशीर्षोहं ऋतूनां कुसुमाकरः।

'महीनों में मैं अगहन हूँ, और ऋतुओं में वसन्त'।

यदि अगहन में वसन्त न पड़े तो यह कथन सत्य ही नहीं हो सकता। इससे स्पष्ट है कि भगवान् श्रीकृष्ण के समय में अगहन में वसन्त आ जाता था। पराशर के उपर्युक्त श्लोक से भी उसका समर्थन होता है। अगहन-पौष में, आजकल की तरह उन दिनों के वसन्त में, फ़सल कट जाती रही होगी। तभी तो पराशर माघ में खेत जोतने की सम्मति देते हैं।

पराशर का एक श्लोक और भी है:—

वैशाखे वपनं श्रेष्ठं ज्येष्ठे तु मध्यमं स्मृतम्।

'वैशाख में बीज बोना श्रेष्ठ है और जेठ में मध्यम है।'

इससे भी यही प्रमाणित होता है कि पराशर का वैशाख आजकल के आषाढ़ में पड़ता है।

वर्षा-विज्ञान

वर्षा के सम्बन्ध में किसानों का अनुभव बड़े ही काम का है। उनका प्रकृति-निरीक्षण अद्भुत है। गिरगिट, बनमुर्गी, साँप, गौरैया, मेढक, चींटी, बकरी आदि जीवों की गति-विधि तथा हवा का रुख और आकाश का रङ्ग देखकर वे वर्षा का अनुमान करते हैं और वह सत्य होता है। सबसे विलक्षण बात उनके इस सिद्धान्त में है, जो वे पौष और माघ का वातावरण देखकर सावन और भादों की वृष्टि का अनुमान करते हैं। उनके मत से पौष और माघ वर्षा के गर्भाधान का समय है। इन दो महीनों में हवा का रुख और बादल और बिजली देखकर वे बता सकते हैं कि सावन और भादों में कब और कितनी वर्षा होगी। जेठ वर्षा के गर्भस्राव का समय है। वह महीना यदि बिना बरसे बीत गया तो सावन भादों में अच्छी वर्षा की आशा की जाती है। किसानों के मत से वर्षा का गर्भ १९६ दिन में पकता है। क्या ही अच्छा होता कि किसानों के इस वर्षा-ज्ञान की जाँच बड़ी तत्परता से की जाती और भारत-सरकार इसके लिये अलग एक विभाग खोलती और मुख्य कर पौष और माघ महीनों के वातावरण का लेखा लिख रक्खा जाता। दो-चार वर्षों के लगातार तजरबे से एक सत्य या झूठ प्रमाणित होकर रहता।

नक्षत्रों, राशियों और दिनों के सम्बन्ध में भी किसानों में बहुत-सी कहावतें प्रचलित हैं। इनमें से कितनी ही सच ठहरती हैं। जैसे—

सुक्रवारी बादरी,
रहे सनीचर छाय।
डंक कहै सुनु भड्डरी,
बिन बरसे ना जाय॥

मैंने कभी इसे मिथ्या होते नहीं पाया।

मंगलवारी होय दिवारी।
हँसैं किसान रोवैं बैपारी॥

सं० १९८७ में मङ्गल को दिवाली पड़ी थी। इस साल अन्न बहुत सस्ता है। किसान खाने-पीने से खुशहाल हैं। व्यापारियों को घाटा लग रहा है। वे सच-मुच रो रहे हैं। हजारों वर्षों में न जाने कितने बार मङ्गल को दिवाली पड़ी होगी और किसान हँसे होंगे और व्यापारी रोये होंगे; अनुभव पर अनुभव हुए होंगे; तब यह कहावत बनी होगी।

पृथ्वी के वायुमण्डल पर सूर्य-चन्द्रमा की तरह नक्षत्रों और राशियों का भी प्रभाव पड़ता है। इस बात की जानकारी किसानों को भी है। उनकी कहावतों में इसका उल्लेख स्पष्ट मिलता है। पौष और माघ में जो वृष्टि का गर्भाधान होता है, उसके लक्षण कहावतों के अनुसार ये हैं:—वायु, वृष्टि, बिजली, गर्जन और बादल। गर्भाधान के दिन ये लक्षण दिखाई पड़ें, तो वृष्टि विस्तार के साथ होगी। लोगों का विश्वास है कि उजाले पक्ष मे गर्भाधान होने से सन्तान अर्थात् वृष्टि निर्बल होती है।

राशियाँ बारह और नक्षत्र सत्ताईस होते हैं। सूर्य को एक नक्षत्र से दूसरे नक्षत्र तक पहुँचने में लगभग चौदह दिन लगते हैं।

यहाँ दो सारिणियाँ दी जाती हैं। जिनसे राशियों और नक्षत्रों के समय का पता चल जायगा। ये सारिणियाँ संवत् १९८७ के अनुसार हैं:—

राशियाँ	इसमें सूर्य बहुधा कब आया है ?	इस दिन चन्द्रमा किस नक्षत्र में था ?
मेष	१३ अप्रेल, १९३०	चित्रा
वृष	१४ मई ,,	अनुराधा-ज्येष्ठा
मिथुन	१४ जून ,,	उत्तराषाढ़
कर्क	१६ जुलाई ,,	पूर्वभाद्र
सिंह	१६-१७ अगस्त ,,	भरणी
कन्या	१६-१७ सितम्बर ,,	आर्द्रा
तुला	१७ अक्टोबर ,,	अश्लेषा
वृश्चिक	१६ नवम्बर ,,	उत्तराफाल्गुनी
धनु	१५ दिसम्बर ,,	चित्रा, स्वाती
मकर	१४ जनवरी १९३१	अनुराधा
कुंभ	१२ फरवरी ,,	मूल नक्षत्र
मीन	१४ मार्च ,,	उत्तराषाढ़

नक्षत्र	इसमें सूर्य कब आता है ?
अश्विनी	१३ अप्रेल
भरणी	२७ अप्रेल
कृत्तिका	११ मई
रोहिणी	२५ मई
मृगशिरा	५ जून
आर्द्रा	२१ जून
पुनर्वसु	५ जुलाई
पुष्य	२० जुलाई
अश्लेषा	३ अगस्त
मघा	१६ अगस्त

नक्षत्र	इसमें सूर्य कब आता है ?
पूर्वाफाल्गुनी	३० अगस्त
उत्तराफाल्गुनी	१३ सितम्बर
हस्त	२७ सितम्बर
चित्रा	१० अक्टोबर
स्वाती	२४ अक्टोबर
विशाखा	६ नवम्बर
अनुराधा	१९ नवम्बर
ज्येष्ठा	२ दिसम्बर
मूल	१५ दिसम्बर
पूर्वाषाढ़	२० दिसम्बर
उत्तराषाढ़	१० जनवरी
श्रवण	२३ जनवरी
धनिष्ठा	५ फरवरी
शतभिषा	१९ फरवरी
पूर्वभाद्रपद	३ मार्च
उत्तरभाद्रपद	१६ मार्च
रेवती	३० मार्च

घाघ की कहावतें

घाघ की कहावतें, जो इस पुस्तक में दी हुई हैं, वे सभी घाघ की बनाई हुई हैं, इस बात का कोई प्रमाण नहीं है। घाघ ने कोई पुस्तक लिखी थी, या वे जबानी कहावतें कहा करते थे, इसका भी कुछ पता नहीं है। सम्भव है, कुछ कहावतें घाघ ने कही हों, और कुछ उनके बाद के लोगों ने बनाकर उनके नाम से प्रचलित कर दी हों। इन्हें संग्रह करते समय, [illegible] नाम से जो कहावतें बताई गई, या

लिखकर दी गई, मैंने उन्हें घाघ की मान लिया है और इस पुस्तक में उन्हें स्थान दे दिया है।

घाघ की कुछ कहावतें नीति की हैं, जो पुस्तक के प्रारम्भ में अलग दे दी गई हैं। बाकी कहावतें खेती से सम्बन्ध रखने वाली हैं। विहार में भड्डरी की कहावतें भी घाघ के नाम से प्रसिद्ध हैं। मैंने विहार से आई हुई कहावतों में से वर्षा-विषयक कहावतें भड्डरी के हिस्से में कर दी हैं। घाघ की खेती की कहावतें तो अत्यन्त उपयोगी हुई हैं; उनकी नीति की कहावतें भी बड़ी मजेदार हैं। छोटे-छोटे मन्त्रों में बड़े-बड़े अनुभवों के गूढ़ तत्त्व भर दिये गये हैं। उनमें किसानों के जीवन के अनेक सुखों और दुःखों के जीते-जागते चित्र हैं।

भड्डरी की कहावतें

भड्डरी की कहावतें प्रायः सब वर्षा-विषयक हैं। मेघमाला नामक संस्कृत-ग्रंथ में भड्डरी की कहावतों के कुछ मूल श्लोक मिलते हैं, पर बहुत सी कहावतें ऐसी हैं, जो बिल्कुल स्वतन्त्र जान पड़ती हैं। घाघ की तरह भड्डरी की कहावतों के सम्बन्ध में भी कहा जा सकता है कि 'क्या सभी कहावतें भड्डरी की बनाई हुई हैं?' इसका भी उत्तर वही है जो घाघ की कहावतों के लिये है।

भड्डरी की कहावतें विहार, मध्यप्रदेश और युक्तप्रांत से लेकर सारे राजपूताना और पञ्जाब तक फैली हुई हैं। इससे इस बात का पता लगाना कठिन हो जाता है कि भड्डरी वास्तव में कहाँ के रहने वाले थे? या कहाँ की बोली में उन्होंने अपनी कहावतें कही थीं? मारवाड़ में प्रचलित भड्डरी की कहावतों का एक बड़ा हस्तलिखित संग्रह मेरे पास है। उसमें से कुछ कहावतें मैंने पुस्तक के अंत में दे दी हैं। पञ्जाब में प्रचलित भड्डरी की कहावतें मैंने नहीं दीं। क्योंकि थोड़े-से शब्दों की

भिन्नता के सिवा उनमें और अन्य प्रान्तों की कहावतों के भावों में कोई अन्तर नहीं है।

भड्डरी ने वर्षा के सिवा शकुन, छिपकली, दिशाशूल आदि पर भी कहावतें कही हैं। अन्त में मैंने उनमें से भी कुछ कहावतें दे दी हैं। इनसे इस बात का पता चलेगा कि देहात में किस-किस प्रकार के विश्वास किसानों में घर किये हुए हैं।

देहात में कहावतों का बड़ा प्रचार है। ऐसा मालूम होता है कि किसानों के जीवन का महल कहावतों ही की ईंटों पर बना हुआ है। घाघ और भड्डरी ही की नहीं, बीसों अन्य ग्रामीण अनुभवियों की कहावतें गाँव-गाँव में प्रचलित हैं। सब का संग्रह करना एक व्यक्ति का काम नहीं; पर संग्रह होना अत्यन्त आवश्यक है। मैं तो यहाँ तक कहूँगा कि वर्तमान हिन्दू-जाति का सच्चा रूप देखना हो तो गाँवों में प्रचलित कहावते पढ़नी चाहिये। ऐसा मालूम होता है कि ग्रामीण जनता ने अपना जीवन ही कहावतों के सुपुर्द कर रक्खा है। गाँवों में अब मनु, याज्ञवल्क्य या पराशर का भारतवर्ष नहीं है। अब तो वहाँ कहावतों का भारतवर्ष मिलेगा। अतएव जो देश की दशा जानना चाहें और देशवासियों के मनोभावों का ठीक-ठीक अध्ययन करना चाहें, उन्हें कहावतों का अध्ययन सबसे पहले करना चाहिये।

घाघ और भड्डरी की कहावतों के संग्रह में मुझे एक वर्ष से अधिक लग गये। कुछ संग्रह तो मेरे पास पहले ही से था; कुछ मैंने स्वयं भ्रमण करके संग्रह किया और कुछ पत्र-द्वारा प्राप्त किया। मैं कुछ दिनों तक कलकत्ते की इम्पीरियल लाइब्रेरी में भी प्रतिदिन लगातार पाँच घंटे बैठकर कहावतों की खोज करता रहा। पर घाघ और भड्डरी की दो ही चार कहावतें मुझे वहाँ नई मिलीं। इससे परिश्रम और धन का व्यय तो अधिक हुआ; पर यथेच्छ लाभ नहीं हुआ। हाँ, यह सन्तोष

अवश्य हुआ कि, इम्पीरियल लाइब्रेरी में कुछ अधिक कहावतें मिलने का मेरा संदेह निकल गया।

इस पुस्तक के संकलन में मुझे जिन छपी हुई पुस्तकों से सहायता मिली, उनके और उनके लेखकों के नाम धन्यवाद-सहित मैं यहाँ प्रकट करता हूँ।

(१) मुफ़ीदुल्मज़ारईन—मासिक पत्र।

(२) युक्तप्रान्त की कृषि सम्बन्धी कहावतें—ले० श्रीयुक्त बी० एन० मेहता, I. C. S, भू० कलक्टर बनारस; आजकल कमिश्नर इलाहाबाद।

(३) कृषि-रत्नावली—ले० बाबू मुकुन्दलाल गुप्त, रायबहादुर, अज़मतगढ़ कोठी, आज़मगढ़।

कहावतों में पाठान्तर बहुत मिलते हैं। और जब एक ही कहावत कई प्रान्तों में प्रचलित मिलती है, तब पाठान्तर का मिलना स्वाभाविक भी है। मैंने इस पुस्तक में वही पाठ दिया है, जो मेरी समझ मे ठीक था। अतएव कोई सज्जन यह न समझें कि मैंने किसी कहावत में अपनी ओर से कुछ बढ़ाया या घटाया है। मैंने सब में से एक पाठ चुन लेने के सिवा और कोई हस्तक्षेप नहीं किया है।

कहावतों का अर्थ, जहाँ तक हो सका, मैंने बहुत सरल भाषा में दिया है। आशा है, उनसे पूरा लाभ उठाया जायगा।

हिन्दी-मन्दिर, प्रयाग
जुलाई, १९३१

रामनरेश त्रिपाठी

घाघ की जीवनी

घाघ के सम्बन्ध में शिवसिंह ने अपने 'सरोज' में लिखा है :—

'घाघ कान्यकुब्ज अंतर्वेद वाले सं० १७५३ में उ० ॥'

'इनके दोहा, छप्पय, लोकोक्ति तथा नीति सम्बन्धी सामैक ग्रामीण बोलचाल में विख्यात हैं।'

मिश्रबन्धु अपने 'विनोद' में लिखते हैं :—

'ये महाशय १७५३ में उत्पन्न हुए और १७८० में इन्होंने कविता की। मोटिया नीति आपने बड़ी जोरदार ग्रामीण भाषा में कही है।'

हिन्दी-शब्द-सागर के सम्पादकों का कथन है :—

'घाघ गोंड़े के रहनेवाले एक बड़े चतुर और अनुभवी व्यक्ति का नाम, जिसकी कही हुई बहुत सी कहावतें उत्तरीय भारत में प्रसिद्ध हैं। खेती-बारी, ऋतु-काल, तथा लग्न-मुहूर्त आदि के सम्बन्ध में इनकी विलक्षण युक्तियाँ किसान तथा साधारण लोग बहुत कहा करते हैं।'

भारतीय चरिताम्बुधि में लिखा है :—

'ये कन्नौज के रहने वाले थे। सन् १६९६ में पैदा हुए थे।'

श्रीयुक्त पीर मुहम्मद मूनिस का मत है :—

'घाघ के पद्यों की शब्दावली को देखते हुए अनुमान करना पड़ता है कि घाघ चम्पारन और मुजफ्फरपुर ज़िले की उत्तरीय सरहद पर, औरैयामठ या बैरगनिया और कुड़वा चैनपुर के समीप किसी गाँव के थे।'

घाघ की जीवनी

घाघ के सम्बन्ध में शिवसिंह ने अपने 'सरोज' में लिखा है :—

'घाघ कान्यकुब्ज अंतर्वेद वाले सं० १७५३ में उ० ॥'

'इनके दोहा, छप्पय, लोकोक्ति तथा नीति सम्बन्धी सामैक ग्रामीण बोलचाल मे विख्यात हैं।'

मिश्रबन्धु अपने 'विनोद' में लिखते हैं :—

'ये महाशय १७५३ में उत्पन्न हुए और १७८० मे इन्होंने कविता की। मोटिया नीति आपने बड़ी जोरदार ग्रामीण भाषा में कही है।'

हिन्दी-शब्द-सागर के सम्पादकों का कथन है :—

'घाघ गोंड़े के रहनेवाले एक बड़े चतुर और अनुभवी व्यक्ति का नाम, जिसकी कही हुई बहुत सी कहावतें उत्तरीय भारत में प्रसिद्ध हैं। खेती-बारी, ऋतु-काल, तथा लग्न-मुहूर्त आदि के सम्बन्ध में इनकी विलक्षण युक्तियाँ किसान तथा साधारण लोग बहुत कहा करते हैं।'

भारतीय चरिताम्बुधि में लिखा है :—

'ये कन्नौज के रहने वाले थे। सन् १६९६ में पैदा हुए थे।'

श्रीयुक्त पीर मुहम्मद मूनिस का मत है :—

'घाघ के पद्यों की शब्दावली को देखते हुए अनुमान करना पड़ता है कि घाघ चम्पारन और मुजफ्फरपुर जिले की उत्तरीय सरहद पर, औरैयामठ या बैरगनिया और कुड़वा चैनपुर के समीप किसी गाँव के थे।'

घाघ की जीवनी

घाघ के सम्बन्ध में शिवसिंह ने अपने 'सरोज' .. .. ~ .

'घाघ कान्यकुब्ज अंतर्वेद वाले सं० १७५३ में उ० ॥'

'इनके दोहा, छप्पय, लोकोक्ति तथा नीति सम्बन्धी सामैक ग्रामीण बोलचाल में विख्यात हैं।'

मिश्रबन्धु अपने 'विनोद' में लिखते हैं :—

'ये महाशय १७५३ मे उत्पन्न हुए और १७८० में इन्होंने कविता की। मोटिया नीति आपने बड़ी जोरदार ग्रामीण भाषा में कही है।'

हिन्दी-शब्द-सागर के सम्पादकों का कथन है :—

'घाघ गोंड़ के रहनेवाले एक बड़े चतुर और अनुभवी व्यक्ति का नाम, जिसकी कही हुई बहुत सी कहावतें उत्तरीय भारत में प्रसिद्ध हैं। खेती-बारी, ऋतु-काल, तथा लग्न-मुहूर्त आदि के सम्बन्ध में इनकी विलक्षण युक्तियाँ किसान तथा साधारण लोग बहुत कहा करते हैं।'

भारतीय चरिताम्बुधि में लिखा है :—

'ये कन्नौज के रहने वाले थे। सन् १६९६ में पैदा हुए थे।'

श्रीयुत पीर मुहम्मद मूनिस का मत है :—

'घाघ के पद्यों की शब्दावली को देखते हुए अनुमान करना पड़ता है कि घाघ चम्पारन और मुजफ्फरपुर जिले की उत्तरीय सरहद पर, औरैयामठ या बैरगनिया और कुड़वा चैनपुर के समीप किसी गाँव के थे।'

पराशर का एक श्लोक और भी है.—

वैशाखे वपनं श्रेष्ठं ज्येष्ठे तु मध्यमं स्मृतम्।

'वैशाख में बीज बोना श्रेष्ठ है और जेठ में मध्यम है।'

इससे भी यही प्रमाणित होता है कि पराशर का वैशाख आजकल के आषाढ़ में पड़ता है।

वर्षा-विज्ञान

वर्षा के सम्बन्ध में किसानों का अनुभव बड़े ही काम का है। उनका प्रकृति-निरीक्षण अद्भुत है। गिरगिट, बनमुर्गी, साँप, गौरैया, मेढक, चींटी, बकरी आदि जीवों की गति-विधि तथा हवा का रुख और आकाश का रङ्ग देखकर वे वर्षा का अनुमान करते हैं और वह सत्य होता है। सबसे विलक्षण बात उनके इस सिद्धान्त में है, जो वे पौष और माघ का वातावरण देखकर सावन और भादों की वृष्टि का अनुमान करते हैं। उनके मत से पौष और माघ वर्षा के गर्भाधान का समय है। इन दो महीनों में हवा का रुख और बादल और बिजली देखकर वे बता सकते हैं कि सावन और भादों में कम और कितनी वर्षा होगी। जेठ वर्षा के गर्भस्राव का समय है। वह महीना यदि बिना बरसे बीत गया तो सावन भादों में अच्छी वर्षा की आशा की जाती है। किसानों के मत से वर्षा का गर्भ १९६ दिन में पकता है। क्या ही अच्छा होता कि किसानों के इस वर्षा-ज्ञान की जाँच बड़ी तत्परता से की जाती और भारत-सरकार इसके लिये अलग एक विभाग खोलती और मुख्य कर पौष और माघ महीनों के वातावरण का लेखा लिख रक्खा जाता। दो-चार वर्षों के लगातार तजरबे से एक सत्य या झूठ प्रमाणित होकर रहता।

नक्षत्रों, राशियों और दिनों के सम्बन्ध में भी किसानों में बहुत-सी कहावतें प्रचलित हैं। इनमें से कितनी ही सच ठहरती हैं। जैसे—

घाघ की जीवनी

घाघ के सम्बन्ध में शिवसिंह ने अपने 'सरोज' में लिखा है :—

'घाघ कान्यकुब्ज अंतर्वेद वाले सं० १७५३ में उ० ॥'

'इनके दोहा, छप्पय, लोकोक्ति तथा नीति सम्बन्धी सामैक ग्रामीण बोलचाल में विख्यात हैं।'

मिश्रबन्धु अपने 'विनोद' में लिखते हैं :—

'ये महाशय १७५३ में उत्पन्न हुए और १७८० में इन्होंने कविता की। मोटिया नीति आपने बड़ी जोरदार ग्रामीण भाषा में कही है।'

हिन्दी-शब्द-सागर के सम्पादकों का कथन है :—

'घाघ गोंड़े के रहनेवाले एक बड़े चतुर और अनुभवी व्यक्ति का नाम, जिसकी कही हुई बहुत सी कहावतें उत्तरीय भारत में प्रसिद्ध हैं। खेती बारी, ऋतु-काल, तथा लग्न-मुहूर्त आदि के सम्बन्ध में इनकी विलक्षण युक्तियाँ किसान तथा साधारण लोग बहुत कहा करते हैं।'

भारतीय चरिताम्बुधि में लिखा है :—

'ये कन्नौज के रहने वाले थे। सन् १६९६ में पैदा हुए थे।'

श्रीयुक्त पीर मुहम्मद मूनिस का मत है :—

'घाघ के पद्यों की शब्दावली को देखते हुए अनुमान करना पड़ता है कि घाघ चम्पारन और मुजफ्फरपुर जिले की उत्तरीय सरहद पर, औरैयामठ या बैरगनिया और कुड़वा चैनपुर के समीप किसी गाँव के थे।'

"अथवा चम्पारन के तथा छूहो-छूहो के निकटवर्ती किसी गाँव में उत्पन्न हुए होंगे; अथवा उन्होंने यहाँ आकर कुछ दिनों तक निवास किया होगा।"

पण्डित कपिलेश्वर झा लिखते हैं :—

'पूर्व काल में पं० वराहमिहिर ज्योतिषाचार्य अपना ग्राम सौं राजाक ओहि ठाम जाइत रहथि, मार्ग में साँझ भय गेलासे एक ग्वारक ओतय रहला। ओ गोआर बड़े आदर से भोजन कराय हिनक सेवार्थ अपन कन्याक नियुक्त कयलक। प्रारब्धवश रात्रि में ओहि गोपकन्या में भोग कयलन्हि। प्रातःकाल चलबाक समय में गोप-कन्या के उदास देखि कहलथिह्न जे यहि गर्भ से अहाँके उत्तम विद्वान् बालक उत्पन्न होएत ओ कतोक वर्षक उत्तर एक बेरि एत पुन. हम आएब, इत्यादि धैर्य दय ओहि ठाम से विदा भेलाह।'*

यह कथा भड्डरी के सम्बन्ध में प्रचलित है।

श्रीयुक्त बी० एन० मेहता, आई० सी० एस०, अपनी 'युक्तप्रान्त की कृषि सम्बन्धी कहावतें' में लिखते हैं :—

'घाघ' नामक एक अहीर की उपहासात्मक कहावतें भी स्त्रियों पर आक्षेप के रूप में हैं।'

रायबहादुर बाबू मुकुन्दलाल गुप्त 'विशारद' अपनी 'कृषि-रत्नावली' में लिखते हैं :—

'कानपुर जिलान्तर्गत किसी गाँव में सवत् १७५३ में इनका जन्म हुआ था। ये जाति के ग्वाला थे। १७८० में इन्होंने कविता की मोटिया नीति बड़ी जोरदार भाषा मे कही।'

राजा साहब पँडरौना (जि० गोरखपुर) ने स्वागत-समिति के

---

* विशाल-भारत, फरवरी १९२८।

सभापति की हैसियत से अपने भाषण में हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन के गोरखपुर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर कहा था कि घाघ उनके राज के निवासी थे। गाँव का नाम भी उन्होंने शायद रामपुर बताया था। मैंने जाँच कराई, तो मालूम हुआ कि इसमें कुछ भी तथ्य नहीं है।

मैंने 'शिवसिंहसरोज' के आधार पर कविता-कौमुदी—प्रथम भाग में लिखा था—

'घाघ कन्नौज-निवासी थे। इनका जन्म स० १७५३ में कहा जाता है। ये कब तक जीवित रहे, न तो इसका ठीक-ठीक पता है, और न इनका या इनके कुटुम्ब ही का कुछ हाल मालूम है।'

इन उद्धरणों से घाघ को कन्नौज, गोंडा, चम्पारन, गोरखपुर और कानपुर, इनमें किसी एक जिले का निवासी मानना पड़ेगा; कुछ लोग इन्हें फतहपुर जिले के किसी गाँव का निवासी बतलाते हैं; कुछ लोग रायबरेली का; और कुछ लोग कहते हैं कि ये छपरे के रहनेवाले थे, वहाँ से अपनी पतोहू से रूठकर कन्नौज चले गये थे।

मैंने प्रायः सब स्थानों की खोज की। कहीं-कहीं मैं स्वयं गया; कहीं अपने आदमी भेजे और कहीं पत्र भेजकर पता लगाया। मैंने अवध के प्रायः सभी राजाओं और ताल्लुकेदारों को पत्र लिखकर पूछा कि 'घाघ' क्या उनके राज के निवासी थे ? कुछ राजाओं और ताल्लुकेदारों ने उत्तर दिया कि 'नहीं'। खोज के लिये कन्नौज रह गया था। मैं उसकी चिन्ता ही में था कि तिर्वा के राजा साहब के प्राइवेट सेक्रेटरी, ठाकुर केदारनाथ सिंह, बी० ए०, का पत्र मिला कि कन्नौज में घाघ के वंशधर मौजूद हैं। उनका पत्र पाकर मैंने कन्नौज में घाघ की खोज की, तो यह पता चला कि घाघ कन्नौज के एक पुरवे में, जिसका नाम चौधरी सराय है, रहते थे। अब भी वहाँ उनके वंशज रहते हैं। ये लोग दूबे कहलाते हैं। घाघ पहले-पहल हुमायूँ के राजकाल में गंगा-पार के रहनेवाले थे। ये हुमायूँ के दरबार में गये। फिर अकबर के साथ

रहने लगे। अकबर उनपर बड़ा प्रसन्न हुआ। उसने कहा कि अपने नाम का कोई गाँव बसाओ। घाघ ने वर्तमान 'चौधरी सराय' नामक गाँव बसाया और उसका नाम रक्खा 'अकबराबाद सराय घाघ'। अब भी सरकारी कागज़ात में उस गाँव का नाम 'सराय घाघ' ही लिखा जाता है।

सराय घाघ क़न्नौज शहर से एक मील दक्खिन और क़न्नौज स्टेशन से ३ फर्लाङ्ग पश्चिम है। बस्ती देखने से बड़ी पुरानी जान पड़ती है। थोड़ा-सा खोदने पर जमीन के अंदर से पुरानी ईंटें निकलती हैं। अकबर के दरबार में घाघ की बड़ी प्रतिष्ठा थी। अकबर ने इनको कई गाँव दिये थे, और इनको चौधरी की उपाधि भी दी थी। इसी से घाघ के कुटुम्बी अभी तक चौधरी कहे जाते हैं। सराय घाघ का दूसरा नाम चौधरी सराय भी है।

ऊपर कहा जा चुका है कि घाघ दूबे थे। इनका जन्मस्थान कहीं गंगापार में कहा जाता है। अब उस गाँव का नाम और पता इनके वंशजों में कोई नहीं जानता। घाघ देवकली के दूबे थे और सराय घाघ बसाकर अपने उसी गाँव में रहने लगे थे। उनके दो पुत्र हुये—मार्कंडेय दूबे और धीरधर दूबे। इन दोनों पुत्रों के खान्दान में दूबे लोगों के बीस-पचीस घर अब उस बस्ती मे हैं। मार्कंडेय दूबे के खान्दान में बच्चू लाल दूबे और विष्णुस्वरूप दूबे तथा धीरधर दूबे के खान्दान में रामचरण दूबे और श्रीकृष्ण दूबे वर्तमान हैं। ये लोग घाघ को सातवीं या आठवीं पीढ़ी में अपने को बतलाते हैं। ये लोग कभी दान नहीं लेते। इनका कथन है कि घाघ अपने धार्मिक विश्वासों के बड़े कट्टर थे। और इसी कारण उनको अंत में मुग़ल-दरबार से हटना पड़ा था; तथा उनकी जमींदारी का अधिकांश जब्त हो गया था।

इस विवरण से घाघ के वंश और जीवन-काल के विषय में संदेह नहीं रह जाता। मेरी राय में अब घाघ-विषयक सब कल्पनाओं

की इतिश्री समझनी चाहिये। घाघ को ग्वाल समझने वालों अथवा वराहमिहर की संतान मानने वालों को भी अपनी भूल सुधार लेनी चाहिये।

घाघ की कहावतों का जितना प्रचार अवध में और कन्नौज के आस-पास है, इतना युक्तप्रान्त के या विहार के किसी जिले में नहीं है। इससे भी घाघ इधर ही के प्रमाणित होते हैं। घाघ की कहावतें न कहीं लिखी मिलती हैं, न अब तक कहीं छपी ही थीं। वह आम तौर पर किसानों की जबान पर मिलती हैं। और प्रत्येक जिले के किसान उसे अपनी ही बोली के साँचे मे ढाले हुये हैं। इससे घाघ की कहावतों की भाषा से उनके जन्म-स्थान का पता नहीं लग सकता। बैसवाड़े के लोग घाघ की कहावतें अपनी बोली मे कहते हैं। वे 'पेट' को 'प्याट' और 'सोवैं' को 'स्वावैं' बोलते हैं। पर विहार वाले 'पेट' और 'सोवैं' बोलते हैं। इससे घाघ की भाषा को उनके जन्मस्थान का प्रमाण मानना ठीक नहीं।

घाघ के विषय मे एक यह कहावत प्रचलित है कि वे छपरे के रहनेवाले थे। वे जो कहावतें बनाते, उनकी पतोहू उनके विरुद्ध दूसरी कहावतें बना देती थी। जैसे—

घाघ ने कहा—

मुये चाम से चाम कटावै
भुइँ सँकरी माँ सोवै।
घाघ कहैं ये तीनो भकुवा
उढ़रि जाइँ औ रोवै॥

उनकी पतोहू ने इसका प्रतिवाद इस प्रकार किया—

दाम देइ के चाम कटावै
नींद लागि जब सोवै।

माम के मारे उदरि गईं
जब समुझि थाइ तब रोवैं ॥

घाघ ने कहा—

पौला पहिरे हर जोतै
औ सुथना पहिरि निरावै।
घाघ कहैं ये तीनों भकुवा
बोझ लिहे जो गावै ॥

पतोहू ने कहा—

अहिर होइ तो कम ना जोतै
तुरकिन होइ निरावै।
छैला होय तो कम ना गावै
हलुक बोझ जो पावै ॥

घाघ ने कहा—

तरुन तिया होइ अँगने सोवै।
रन में चढ़ि के छत्री रोवै ॥
साँझे सतुवा करै बियारी।
घाघ मरै उनकर महतारी ॥

पतोहू ने कहा—

पतिव्रता होइ अँगने सोवै।
बिना अन्न के छत्री रोवै ॥
भूख लागि जब करै बियारी।
मरै घाघ ही कै महतारी ॥

घाघ ने कहा—

बिन गौने ससुरारी जाय।
बिना माघ घिउ खींचरि खाय ॥

बिन वर्षा के परी पौधा।
घाघ कहैं ये तीनों पौधा॥

पतोहू ने कहा—

काम परे ससुरारी जाय।
मन चाहे घिउ खाँचरि खाय॥
करै जोग तो पहिरै पौधा।
कहै पतोहू घाघै पौधा॥

इस तरह अपना मजाक उड़ते हुए देखकर घाघ का मन छपरे से उचट गया और वे क़न्नौज चले गये। क़न्नौज में घाघ की ससुराल थी। कोई-कोई कहते हैं कि क़न्नौज में पतोहू का नैहर था। पर इस पर विश्वास नहीं होता कि घाघ ऐसे अनुभवी आदमी पतोहू के थोड़े से छन्दों की मार से भाग खड़े हुए होंगे। पर घाघ की कहावतों के साथ उनकी पतोहू की कहावतें भी प्रचलित हैं। यह युक्तप्रान्त और बिहार दोनों में देखने को मिलती हैं। इससे इतना अनुमान तो किया ही जा सकता है कि ससुर-पतोहू में काफ़ी नोक-झोंक चलती थी।

इसके सिवा घाघ और लालबुझक्कड़ के भिड़न्त की कहानी भी लोगों में प्रचलित है। कहा जाता है कि घाघ का गाँव गङ्गाजी के जिस किनारे पर था, उसके ठीक सामने, दूसरे किनारे पर, लालबुझक्कड़ का गाँव था। घाघ बुद्धिमान्, अनुभवी और प्रत्युत्पन्नमति थे। उनके गाँव-वाले उनका बड़ा आदर करते थे। घाघ की प्रतिष्ठा और यश देखकर लालबुझक्कड़ से न रहा गया। वह भी अपने ज्ञान की धाक जमाने का उद्योग करने लगा। संयोग से उसके गाँववाले भी बड़े भोंदू थे। उन्हें कोई भी नई बात देखकर आश्चर्य होता था और वे लालबुझक्कड़ के पास, यह बूझने के लिये दौड़े जाते थे कि, यह क्या है? लालबुझक्कड़ को अपनी प्रतिष्ठा बना रखने के लिये कुछ न कुछ बूझना ही पड़ता था। इससे इसके नाम के साथ बुझक्कड़ उपाधि जुड़ गई थी। उसका असली नाम लाल था।

एक बार लालबुझक्कड़ के एक गाँववाले को राह में हाथी के पैरों के चिह्न मिले। वह घबराया कि यह क्या है ? वह लालबुझक्कड़ के पास पहुँचा। लालबुझक्कड़ ने सर्वज्ञ की तरह तत्काल उत्तर दिया—

लालबुझक्कड़ बूझते
और न बूझे कोय।
पैर में चक्की बाँध के
हरिना कूदा होय॥

एक दिन एक गाँववाले को कहीं राह में पुराना कोल्हू पड़ा हुआ मिला। वह लालबुझक्कड़ के पास पहुँचा। लालबुझक्कड़ ने मुसकुराते हुये कहा—

लालबुझक्कड़ बूझते
ये तो हैं गुरु ज्ञानी।
पुरानी होकर गिर पड़ी
खुदा की सुरमादानी॥

इसी प्रकार एक बार लालबुझक्कड़ के एक गाँव वाले ने कहीं हाथी देखा। वह लालबुझक्कड़ के पास पहुँचा और बोला यह क्या है ?

लालबुझक्कड़ एक बार दिल्ली गया था। वहाँ उसने पहले-पहल हाथी देखा। पर वह यह नहीं जानता था कि वह कौन-सा जानवर था ? उसने कहा—

लालबुझक्कड़ बूझते
और न बूझे कोय।
रैनि इकट्ठी हो गई
कै दिल्लीवारो होय॥

इसी प्रकार लालबुझक्कड़ ने अपनी प्रतिभा का चमत्कार दिखाकर घाघ की-सी प्रतिष्ठा पाने का प्रयत्न किया था। पर आज हम घाघ

को किसानों में एक हितैषी मित्र की भाँति अच्छी सलाह देते हुये पाते हैं और लालबुझक्कड़ को अपनी बे-सिर-पैर की बातों से हँसा हँसा कर उनकी थकावट मिटाते, जी बहलाते और खाना हजम करते हुये देखते हैं।

अकबर का समय सन् १५४२ से १६०५ तक है। यही घाघ का भी समय मानना चाहिये। यदि घाघ के वंशजों के कथनानुसार वे हुमायूँ के साथ भी रह चुके होंगे तो अकबर के सिंहासनारूढ़ होने के समय उनकी अवस्था पचास वर्ष से अधिक ही रही होगी। घाघ के वंशधर कहते हैं कि उनकी मृत्यु कन्नौज ही में हुई थी।

घाघ की मृत्यु के सम्बन्ध में कहा जाता है कि उन्होंने ज्योतिष से गणना करके यह पता लगा लिया था कि उनकी मृत्यु तालाब में नहाते समय जाठ में चोटी चिपक जाने से होगी। इससे घाघ कभी तालाब में नहाते ही नहीं थे और न मोटी चोटी ही रखते थे। संयोग की बात, एक दिन उनके कुछ घनिष्ठ मित्र तालाब में नहा रहे थे। उन्होंने घाघ को भी आग्रह करके पानी में खींच लिया। नहाते समय सचमुच उनकी चोटी जाठ में चिपक गई और बहुत प्रयत्न करने पर भी नहीं छुटी। उसी दशा में उनकी मृत्यु हो गई। मरते समय घाघ ने यह कहा था—

ई नहिं जान घाघ निर्बुद्धि।
आवै काल बिनासै बुद्धि॥

एक बार लालबुझक्कड़ के एक गाँववाले को राह में हाथी के पैरों के चिह्न मिले। वह घबराया कि यह क्या है? वह लालबुझक्कड़ के पास पहुँचा। लालबुझक्कड़ ने सर्वज्ञ की तरह तत्काल उत्तर दिया—

लालबुझक्कड़ बूझते
और न बूझै कोय।
पैर में चक्की बाँध के
हरिना कूदा होय॥

एक दिन एक गाँववाले को कहीं राह में पुराना कोल्हू पड़ा हुआ मिला। वह लालबुझक्कड़ के पास पहुँचा। लालबुझक्कड़ ने मुसकुराते हुये कहा—

लालबुझक्कड़ बूझते
ये तो हैं गुरु ज्ञानी।
पुरानी होकर गिर पड़ी
खुदा की सुरमादानी॥

इसी प्रकार एक वार लालबुझक्कड़ के एक गाँव वाले ने कहीं हाथी देखा। वह लालबुझक्कड़ के पास पहुँचा और बोला यह क्या है?

लालबुझक्कड़ एक बार दिल्ली गया था। वहाँ उसने पहले-पहल हाथी देखा। पर वह यह नहीं जानता था कि वह कौन-सा जानवर था? उसने कहा—

लालबुझक्कड़ बूझते
और न बूझै कोय।
रैनि इकट्ठी हो गई
कै दिल्लीवारो होय॥

इसी प्रकार लालबुझक्कड़ ने अपनी प्रतिभा का चमत्कार दिखाकर घाघ की-सी प्रतिष्ठा पाने का प्रयत्न किया था। पर आज हम घाघ

को किसानों में एक हितैषी मित्र की भाँति अच्छी सलाह देते हुये पाते हैं और लालबुझक्कड़ को अपनी बे-सिर-पैर की बातों से हँसा-हँसा कर उनकी थकावट मिटाते, जी बहलाते और खाना हज़म करते हुये देखते हैं।

अकबर का समय सन् १५४२ से १६०५ तक है। यही घाघ का भी समय मानना चाहिये। यदि घाघ के वंशजों के कथनानुसार वे हुमायूँ के साथ भी रह चुके होंगे तो अकबर के सिंहासनारूढ़ होने के समय उनकी अवस्था पचास वर्ष से अधिक ही रही होगी। घाघ के वंशधर कहते हैं कि उनकी मृत्यु क़न्नौज ही में हुई थी।

घाघ की मृत्यु के सम्बन्ध में कहा जाता है कि उन्होंने ज्योतिष से गणना करके यह पता लगा लिया था कि उनकी मृत्यु तालाब में नहाते समय जाठ में चोटी चिपक जाने से होगी। इससे घाघ कभी तालाब में नहाते ही नहीं थे और न मोटी चोटी ही रखते थे। संयोग की बात; एक दिन उनके कुछ घनिष्ठ मित्र तालाब में नहा रहे थे। उन्होंने घाघ को भी आग्रह करके पानी में खींच लिया। नहाते समय सचमुच उनकी चोटी जाठ में चिपक गई और बहुत प्रयत्न करने पर भी नहीं छुटी। उसी दशा में उनकी मृत्यु हो गई। मरते समय घाघ ने यह कहा था—

हे नहिं जान घाघ निर्बुद्धि।
आवै काल बिनासै बुद्धि॥

एक बार लालबुझक्कड़ के एक गाँववाले को राह में हाथी के पैरों के चिह्न मिले। वह घबराया कि यह क्या है ? वह लालबुझक्कड़ के पास पहुँचा। लालबुझक्कड़ ने सर्वज्ञ की तरह तत्काल उत्तर दिया—

लालबुझक्कड़ बूझने
और न बूझै कोय।
पैर में चक्की बाँध के
हरिना कूदा होय॥

एक दिन एक गाँववाले को कहीं राह में पुराना कोल्हू पड़ा हुआ मिला। वह लालबुझक्कड़ के पास पहुँचा। लालबुझक्कड़ ने मुसकुराते हुये कहा—

लालबुझक्कड़ बूझने
वे तो हैं गुरु ज्ञानी।
पुरानी होकर गिर पड़ी
खुदा की सुरमादानी॥

इसी प्रकार एक बार लालबुझक्कड़ के एक गाँव वाले ने कहीं हाथी देखा। वह लालबुझक्कड़ के पास पहुँचा और बोला यह क्या है ?

लालबुझक्कड़ एक बार दिल्ली गया था। वहाँ उसने पहले-पहल हाथी देखा। पर वह यह नहीं जानता था कि वह कौन-सा जानवर था ? उसने कहा—

लालबुझक्कड़ बूझते
और न बूझै कोय।
रैनि इकट्ठी हो गई
कै दिल्लीवारो होय॥

इसी प्रकार लालबुझक्कड़ ने अपनी प्रतिभा का चमत्कार दिखाकर बाप की-सी प्रतिष्ठा पाने का प्रयत्न किया था। पर आज हम बाप

को किसानों में एक हितैषी मित्र की भाँति अच्छी सलाह देते हुये पाते हैं और लालबुझक्कड़ को अपनी बे-सिर-पैर की बातों से हँसा-हँसा कर उनकी थकावट मिटाते, जी बहलाते और खाना हजम करते हुये देखते हैं।

अकबर का समय सन् १५४२ से १६०५ तक है। यही घाघ का भी समय मानना चाहिये। यदि घाघ के वंशजों के कथनानुसार वे हुमायूँ के साथ भी रह चुके होंगे तो अकबर के सिंहासनारूढ़ होने के समय उनकी अवस्था पचास वर्ष से अधिक ही रही होगी। घाघ के वंशधर कहते हैं कि उनकी मृत्यु क़न्नौज ही में हुई थी।

घाघ की मृत्यु के सम्बन्ध में कहा जाता है कि उन्होंने ज्योतिष से गणना करके यह पता लगा लिया था कि उनकी मृत्यु तालाब में नहाते समय जाठ में चोटी चिपक जाने से होगी। इससे घाघ कभी तालाब में नहाते ही नहीं थे और न मोटी चोटी ही रखते थे। संयोग की बात; एक दिन उनके कुछ घनिष्ट मित्र तालाब में नहा रहे थे। उन्होंने घाघ को भी आग्रह करके पानी मे खींच लिया। नहाते समय सचमुच उनकी चोटी जाठ में चिपक गई और बहुत प्रयत्न करने पर भी नहीं छुटी। उसी दशा में उनकी मृत्यु हो गई। मरते समय घाघ ने यह कहा था—

ई नहिं जान घाघ निर्बुद्धि।
आवै काल बिनासै बुद्धि॥

भड्डरी की जीवनी

गाँवों में यह कहानी आमतौर से प्रचलित है कि काशी में एक ज्योतिषी रहते थे। उन्होंने गणना करके देखा तो एक ऐसी अच्छी साइत आने वाली थी, जिसमें यदि गर्भाधान हो तो बड़ा ही विद्वान् और यशस्वी पुत्र पैदा हो। ज्योतिषीजी एक गुणी पुत्र की लालसा से काशी छोड़ घर की ओर चले। घर काशी से दूर था। ठीक समय पर वे घर नहीं पहुँच सके। रास्ते में शाम हो गई। एक अहीर के दरवाजे पर उन्होंने डेरा डाला। अहीर की युवती कन्या या स्त्री उनके लिये भोजन बनवाने बैठी। ज्योतिषीजी बहुत ही उदास थे। अहीरनी ने उदासी का कारण पूछा तो कुछ इधर-उधर करने के बाद ज्योतिषीजी ने असली कारण बता दिया। अहीरनी ने स्वयं उस साइत से लाभ उठाना चाहा। और उसी की इच्छा का परिणाम यह हुआ कि समय पाकर भड्डरी का जन्म हुआ। बड़े होने पर भड्डरी बड़े भारी ज्योतिषी हुए।

श्रीयुक्त वी० एन० मेहता I. C. S. ने इस कहानी को इस प्रकार लिखा है :—

'भड्डर के विषय में ज्योतिषाचार्य वराहमिहिर की एक बड़ी ही मनोहर कहानी कही जाती है। एक समय, जब कि वे तीर्थ-यात्रा में थे, उनको मालूम हुआ कि अमुक अगले दिन का उत्पन्न हुआ बच्चा बहुत बड़ा गणित और फलित ज्योतिष का पण्डित होगा। उन्हें स्वयं ही ऐसे पुत्र के पिता होने की उत्सुकता हुई और उन्होंने अपने घर उज्जैन के लिये प्रस्थान किया। परन्तु उज्जैन इतनी दूर था कि वे उस शुभ-दिन तक वहाँ न पहुँच सके। अतएव रास्ते के एक गाँव में एक

गड़रिये की कन्या से विवाह कर लिया। उस स्त्री से उनको एक पुत्र हुआ, जो ब्राह्मणों की भाँति शिक्षा न पाने पर भी स्वभावतः बहुत बड़ा ज्योतिषी हुआ। आज दिन सभी नक्षत्र-सम्बन्धी कहावतों के वक्ता भड्डरी या भड्डली कहे जाते हैं।'

इस कहानी से मालूम होता है कि भड्डली गड़रिन के गर्भ से पैदा हुये थे। पर अहीरनी के गर्भ से उत्पन्न होने की बात पण्डित कपिलेश्वर झा के उद्धरण में भी मिलती है, जो घाघ की जीवनी में दिया गया है। विहार में घाघ ही के लिये प्रसिद्ध है कि ये वराहमिहिर के पुत्र थे, और घाघ के अन्य कई नाम भी विहारवालों में प्रचलित हैं। जैसे—डाक, खोना, भाड आदि। यह भाड ही शायद भड्डरी हो। मारवाड़ में "डंक कहै सुनु भड्डली" का प्रचार है। सम्भवतः मारवाड़ का 'डंक' ही विहार का 'डाक' है।

भाषा देखते हुए घाघ या भड्डरी कोई भी वराहमिहिर के पुत्र नहीं हो सकते। वराहमिहिर का समय पञ्चसिद्धान्तिका के अनुसार शक ४२७ या सन् ५०५ ई० के लगभग पड़ता है। उस समय की यह भाषा नहीं हो सकती, जो भड्डली या घाघ की कहावतों में व्यवहृत है।

मारवाड़ में भड्डली की कुछ और ही कथा है। वहाँ भड्डली पुरुष नहीं, स्त्री है। वह भङ्गिन थी और शकुन विद्या जानती थी। डंक नाम का एक ब्राह्मण ज्योतिष विद्या जानता था। दोनों परस्पर विचार-विनिमय किया करते थे। अन्त मे दोनों पति-पत्नी की तरह रहने लगे और उनसे जो सन्तान हुई वह 'डाकोत' नाम से अब भी प्रसिद्ध है। किन्तु 'डाकोत' लोग कहते हैं कि भड्डली धन्वन्तरि वैद्य की कन्या थी।

मारवाड़ में एक कथा और भी है। राजा परीक्षित के समय मे डक नाम के एक बड़े ऋषि थे। ये ज्योतिष-विद्या के बड़े ज्ञाता थे। उन्होंने धन्वन्तरि वैद्य की कन्या सावित्री उर्फ़ भड्डली से विवाह किया था। उनसे जो सन्तान पैदा हुई, वह डाकोत कहलाई।

भड्डरी की भाषा देखते हुए ऊपर की दोनों कहानियाँ बिल्कुल

मनगढ़न्त हैं। न परीक्षित के समय में और न वराहमिहिर ही के समय में वह भाषा प्रचलित थी, जो भड्डरी की कहावतों में है। सम्भवतः डाकोतों ने ऐसी कहानियाँ जोड़कर अपनी प्राचीनता सिद्ध की होगी। भड्डली या भड्डरी काशी के आसपास के थे ? या मारवाड़ के ? यह विचारणीय प्रश्न है। भड्डरी की भाषा में मारवाड़ी शब्दों के प्रयोग बहुत मिलते हैं; तथा युक्तप्रान्त और बिहार की ठेठ बोली के भी शब्द मिलते हैं। इससे अनुमान होता है कि या तो दो भड्डरी या भड्डली हुए होंगे, या एक ही भड्डरी युक्तप्रान्त से मारवाड़ में जा बसे होंगे और उन्होंने यहाँ और वहाँ दोनों प्रान्तों की बोलियों में अपने छन्द रचे होंगे।

मैंने जोधपुर के पण्डित विश्वेश्वरनाथ रेउ से भड्डली के विषय में पत्र लिखकर पूछा तो उन्होंने लिखा कि :—

'नहीं कह सकता कि ये मारवाड़ ही के थे, पर थे राजपूताने के अवश्य।'

राजपूताने में डाकोतों की संख्या अधिक है। उनका भी कथन है कि डंक और भड्डली राजपूताने ही के थे। एक उलझन यह भी है कि राजपूताना और युक्तप्रान्त के भड्डरी में स्त्री-पुरुष का अन्तर है। ऐसी दशा में यह कहना दुःसाहस की बात होगी कि दोनों प्रान्तों के भड्डली एक ही व्यक्ति हैं।

भड्डरी और भड्डली के विषय में पूछताछ से जो कुछ मालूम हो सका है, वह इतना ही है।

भड्डरी की एक छोटी-सी पुस्तिका छपी हुई मिलती है। उसका नाम शकुन-विचार है। पर वह इतनी अशुद्ध है कि कितने ही स्थानों पर उसका समझना कठिन है। राजपूताने में भड्डली की एक पुस्तक 'भड्डली-पुराण' के नाम से प्रसिद्ध है। उसका कुछ ही अंश मुझे मिल सका है, जो इस पुस्तक के अन्त में दे दिया गया है।

जिस गृहस्थ का बैल बवदा हो और स्त्री बहुरिया (नई आई हुई, गृहस्थी के अनुभव से रहित बहू) हो, न उसकी गृहस्थी चल सकती है, न खेती ही हो सकती है।

नोट—कहीं कहीं बहुरिया के बदले पतुरिया पाठ प्रचलित है, जिसका अर्थ 'वेश्या' है। पर 'बहुरिया' अधिक युक्तिसंगत है।

[४]

मुइयाँ खेड़े हर है चार।
घर होय गिहथिन गऊ दुधार॥
अरहर की दाल जड़हन का भात।
गागल निवुआ औ घिउ तात॥
खाँड़ दही जौ घर में होय।
बाँके नैन परोसै जोय॥
कहैं घाघ तब सबही झूठा।
उहाँ छोड़ि इहँवै बैकूँठा॥

खेत गाँव के पास हो चार हल की खेती होती हो; घर में गृहस्थी के धंधे में निपुण स्त्री हो, दूध देने वाली गाय हो; अरहर की दाल और जड़हन (जाड़े में पैदा होनेवाला चावल) का भात, खूब रसदार नीबू और गरम गरम घी खाने को मिले; घर ही में शकर और दही मिल जाया करे; सुन्दर कटाक्ष करती हुई स्त्री भोजन परोसे; तब घाघ कहते हैं कि वैकुण्ठ पृथिवी ही पर है, और सब झूठा है।

शब्दार्थ—खेड़े=खेत। गिहथिन=गृह-कार्य में दक्ष स्त्री। तात=गरम। जोय=स्त्री। पाठान्तर—खेड़े=खेंड़े=गाँव के निकट।

[५]

नसकट   - जोय।

पातरि कृपी बौरहा भाय।
घाघ कहैं दुख कहाँ समाय॥

घाघ कहते हैं—नख काटने वाली जूती, बात काटने वाली स्त्री, पहली सन्तान कन्या, कमज़ोर खेती और बावला भाई, इनका दुःख कहाँ समा सकता है ?

शब्दार्थ—पनही=जूता। पातरि=हलकी, कमज़ोर। बौरहा=बावला।

[६]

मुये चाम से चाम कटावै
भुइँ सँकरी माँ सोवै।
घाघ कहैं ये तीनों भकुवा
उढ़रि गये पर रोवै॥

जो मरे हुए चमड़े से चमड़ा कटाता है अर्थात् सँकरा जूता पहनता है; जो ज़मीनपर भी सँकरी जगह में सोता है और जो किसी के साथ विषयाशक्त होकर घर छोड़कर भाग जाता है और फिर रोता है, घाघ कहते हैं, ये तीनों मूर्ख हैं।

शब्दार्थ—उढ़रना=उद्धरण; पर पुरुष के साथ जो स्त्री भाग जाती है, उसे उढ़री कहते हैं।

[७]

सुथना पहिरे हर जोतै
औ पौला पहिरि निरावै।
घाघ कहैं ये तीनों भकुवा
सिर बोझा औ गावै॥

जो सुथना (पाजामा) पहनकर हल जोतता है; जो पौला पहनकर निराता (खेत में से घास निकालता) है; और जो सिर पर बोझा लिये हुए भी गाता चलता है, घाघ कहते हैं ये तीनों मूर्ख हैं।

गड़रिये की कन्या से विवाह कर लिया। उस स्त्री से उनको एक पुत्र हुआ, जो ब्राह्मणों की भाँति शिक्षा न पाने पर भी स्वभावत: बहुत बड़ा ज्योतिषी हुआ। आज दिन सभी नक्षत्र-सम्बन्धी कहावतों के वक्ता भड्डरी या भड्डली कहे जाते हैं।'

इस कहानी से मालूम होता है कि भड्डली गड़रिन के गर्भ से पैदा हुये थे। पर अहीरनी के गर्भ से उत्पन्न होने की बात पण्डित कपिलेश्वर झा के उद्धरण में भी मिलती है, जो घाघ की जीवनी में दिया गया है। बिहार में घाघ ही के लिये प्रसिद्ध है कि वे वराहमिहिर के पुत्र थे, और घाघ के अन्य कई नाम भी बिहारवालों में प्रचलित हैं। जैसे—डाक, खोना, भाड आदि। यह भाड ही शायद भड्डरी हो। मारवाड़ में "डंक कहै सुनु भड्डली" का प्रचार है। सम्भवतः मारवाड़ का 'डंक' ही बिहार का 'डाक' है।

भाषा देखते हुए घाघ या भड्डरी कोई भी वराहमिहिर के पुत्र नहीं हो सकते। वराहमिहिर का समय पञ्चसिद्धान्तिका के अनुसार शक ४२७ या सन् ५०५ ई० के लगभग पड़ता है। उस समय की यह भाषा नहीं हो सकती, जो भड्डली या घाघ की कहावतों में व्यवहृत है।

मारवाड़ में भड्डली की कुछ और ही कथा है। वहाँ भड्डली पुरुष नहीं, स्त्री है। वह भङ्गिन थी और शकुन विद्या जानती थी। डंक नाम का एक ब्राह्मण ज्योतिष विद्या जानता था। दोनों परस्पर विचार-विनिमय किया करते थे। अन्त में दोनों पति-पत्नी की तरह रहने लगे और उनसे जो सन्तान हुई वह 'डाकोत' नाम से अब भी प्रसिद्ध है। किन्तु 'डाकोत' लोग कहते हैं कि भड्डली धन्वन्तरि वैद्य की कन्या थी।

मारवाड़ में एक कथा और भी है। राजा परीक्षित के समय में ढक नाम के एक बड़े ऋषि थे। वे ज्योतिष-विद्या के बड़े ज्ञाता थे। उन्होंने धन्वन्तरि वैद्य की कन्या सावित्री उर्फ भड्डली से विवाह किया था। उनसे जो सन्तान पैदा हुई, वह डाकोत कहलाई।

भड्डरी की भाषा देखते हुए ऊपर की दोनों कहानियाँ बिल्कुल

मनगढ़न्त हैं। न परीक्षित के समय में और न वराहमिहिर ही के समय में वह भाषा प्रचलित थी, जो भड्डरी की कहावतों में है। सम्भवतः डाकोतों ने ऐसी कहानियाँ जोड़कर अपनी प्राचीनता सिद्ध की होगी। भड्डली या भड्डरी काशी के आसपास के थे ? या मारवाड़ के ? यह विचारणीय प्रश्न है। भड्डरी की भाषा में मारवाड़ी शब्दों के प्रयोग बहुत मिलते हैं; तथा युक्तप्रान्त और विहार की ठेठ बोली के भी शब्द मिलते हैं। इससे अनुमान होता है कि या तो दो भड्डरी या भड्डली हुए होंगे, या एक ही भड्डरी युक्तप्रान्त से मारवाड़ में जा बसे होंगे और उन्होंने यहाँ और वहाँ दोनों प्रान्तों की बोलियों में अपने छन्द रचे होंगे।

मैंने जोधपुर के पण्डित विश्वेश्वरनाथ रेउ से भड्डली के विषय में पत्र लिखकर पूछा तो उन्होंने लिखा कि :—

'नहीं कह सकता कि ये मारवाड़ ही के थे, पर थे राजपूताने के अवश्य।'

राजपूताने में डाकोतों की संख्या अधिक है। उनका भी कथन है कि डंक और भड्डली राजपूताने ही के थे। एक उलझन यह भी है कि राजपूताना और युक्तप्रान्त के भड्डरी मे स्त्री-पुरुष का अन्तर है। ऐसी दशा मे यह कहना दुःसाहस की बात होगी कि दोनों प्रान्तों के भड्डली एक ही व्यक्ति हैं।

भड्डरी और भड्डली के विषय में पूछताछ से जो कुछ मालूम हो सका है, वह इतना ही है।

भड्डरी की एक छोटी-सी पुस्तिका छपी हुई मिलती है। उसका नाम शकुन-विचार है। पर वह इतनी अशुद्ध है कि कितने ही स्थानों पर उसका समझना कठिन है। राजपूताने मे भड्डली की एक पुस्तक 'भड्डली-पुराण' के नाम से प्रसिद्ध है। उसका कुछ ही अंश मुझे मिल सका है, जो इस पुस्तक के अन्त में दे दिया गया है।

घाघ की कहावतें

[१]

वनिय क सखरच ठकुर क हीन ।
वइद क पूत व्याधि नहिं चीन ॥
पंडित चुपचुप बेसवा मइल ।
कहैं घाघ पाँचो घर गइल ॥

बनिये का लड़का शाहखर्च (अपव्ययी) हो; ठाकुर का लड़का तेजहीन हो; वैद्य का लड़का रोग न पहचानता हो; पण्डित चुप-चुप (अल्पभाषी) हो; और वैश्या मैली हो; घाघ कहते हैं कि इन पाँचों का घर नष्ट हुआ समझो ।

शब्दार्थ—सखरच = शाहखर्च । बेसवा = वेश्या ।

[२]

नसकट खटिया दुलकन घोर ।
कहैं घाघ यह बिपति क ओर ॥

नस काटनेवाली छोटी खाट, जिस पर लेटने से एँड़ी के ऊपर की नस पाटी पर पड़ती हो; तथा दुलक कर चलने वाला घोड़ा, घाघ कहते हैं कि ये दोनों सब से बड़ी विपत्तियाँ हैं ।

[३]

बाछा बैल बहुरिया जोय ।
ना घर रहै न खेती होय ॥

जिस गृहस्थ का बैल बछदा हो और स्त्री बहुरिया (नई आई हुई, गृहस्थी के अनुभव से रहित बहू) हो, न उसकी गृहस्थी चल सकती है, न खेती ही हो सकती है।

नोट—कहीं कहीं बहुरिया के बदले पतुरिया पाठ प्रचलित है, जिसका अर्थ 'वेश्या' है। पर 'बहुरिया' अधिक युक्तिसंगत है।

[४]

मुइयाँ खेड़े हर है चार।
घर होय गिहथिन गऊ दुधार॥
अरहर की दाल जड़हन का भात।
गागल निबुआ औ घिउ तात॥
खाँड दही जौ घर में होय।
बाँके नैन परोसै जोय॥
कहैं घाघ तब सबही झूठा।
उहाँ छोड़ि इहँवै बैकूँठा॥

खेत गाँव के पास हो चार हल की खेती होती हो; घर में गृहस्थी के धंधे में निपुण स्त्री हो; दूध देनेवाली गाय हो; अरहर की दाल और जड़हन (जाड़े में पैदा होनेवाला चावल) का भात, खूब रसदार नीबू और गरम गरम घी खाने को मिले; घर ही में शक्कर और दही मिल जाया करे; सुन्दर कटाच करती हुई स्त्री भोजन परोसे; तब घाघ कहते हैं कि बैकुण्ठ पृथिवी ही पर है, और सब झूठा है।

शब्दार्थ—खेड़े=खेत। गिहथिन=गृह-कार्य में दक्ष स्त्री। तात=गरम। जोय=स्त्री। पाठान्तर—खेड़े=गँवड़े=गाँव के निकट।

[५]

नसकट पनही बतकट जोय।
जो पहिलौंठो बिटिया होय॥

पातरि कृषी बौरहा भाय।
घाघ कहैं दुख कहाँ समाय ॥

घाघ कहते हैं—नस काटने वाली जूती, बात काटने वाली स्त्री, पहली सन्तान कन्या, कमज़ोर खेती और बावला भाई, इनका दुःख कहाँ समा सकता है ?

शब्दार्थ—पनही=जूता। पातरि=हलकी, कमज़ोर। बौरहा=बावला।

[६]

मुये चाम से चाम कटावै
भुइँ सँकरी माँ सोवै।
घाघ कहैं ये तीनों भकुवा
उढ़रि गये पर रोवै ॥

जो मरे हुए चमड़े से चमड़ा कटाता है अर्थात् सँकरा जूता पहनता है; जो ज़मीन पर भी सँकरी जगह में सोता है और जो किसी के साथ विषयाशक्त होकर घर छोड़कर भाग जाता है और फिर रोता है, घाघ कहते हैं, ये तीनों मूर्ख हैं।

शब्दार्थ—उढ़रना=उद्धरण; पर पुरुष के साथ जो स्त्री भाग जाती है, उसे उढ़री कहते हैं।

[७]

सुथना पहिरे हर जोतै
औ पौला पहिरि निरावै।
घाघ कहैं ये तीनों भकुवा
सिर बोझा औ गावै ॥

जो सुथना (पाजामा) पहनकर हल जोतता है; जो पौला पहनकर निराता (खेत में से घास निकालता) है; और जो सिर पर बोझा लिये हुए भी गाता चलता है, घाघ कहते हैं ये तीनों मूर्ख हैं।

शब्दार्थ—पौला=एक प्रकार का खड़ाऊँ, जिसमें खूँटी के बदले रस्सी लगाई जाती है। किसान लोग प्रायः पौला ही पहनते हैं। भकुवा=भोला-भाला; मूर्ख।

[८]

उधार काढ़ि ब्यौहार चलावै
छप्पर डारै तारो।
सारे के सँग बहिनी पठवै
तीनिउ का मुँह कारो॥

जो उधार लेकर कर्ज़ देता है; जो छप्पर के घर में ताला लगाता है और जो साले के साथ बहन को भेजता है, घाघ कहते हैं, इन तीनों का मुँह काला होता है।

शब्दार्थ—ब्यौहार=बोहर, सूद पर रुपया उधार देना। तारो= ताला।

[९]

आलस नींद किसानै नासै
चोरै नासै खाँसी।
अँखिया लीबर बेसवै नासै
बाबै नासै दासी॥

आलस्य और नींद किसान का, खाँसी चोर का, कीचड़वाली आँखें वेश्या का और दासी साधु का नाश करती है।

शब्दार्थ—लीबर=कीचड़। बेसवा=वेश्या। बाबा=साधु।

[१०]

फूटे से बहि जातु हैं
ढोल, गँवार, अँगार।
फूटे से बनि जातु हैं
फूट कपास अनार॥

ढोल, गँवार और अँगारा, ये तीनों फूटने से नष्ट हो जाते हैं। पर फूट (ककड़ी), कपास और अनार फूटने से बन जाते हैं। अर्थात् मूल्यवान् हो हो जाते हैं।

[११]

भूरी हथिनी चँदुली जोय।
पूस महावट बिरले होय॥

भूरे रंग की हथिनी, गंजे सिर वाली स्त्री और पौष महीने की वर्षा बहुत शुभ है। ये किसी किसी को नसीब होते हैं।

[१२]

कोदौ मडुवा अन नहीं।
जोलहा धुनिया जन नहीं॥

कोदौ और मडुवा की गिनती अन्नों में नहीं है। ऐसेही जुलाहा और धुनिया भी आदमियों में नहीं गिने जाते।

[१३]

बाध, बिया, बेकहल, बनिक,
बारी, बेटा, बैल।
ब्योहर, बढई, बन, बबुर,
बात, सुनो यह छैल॥
जो बकार बारह बसैं
सो पूरन गिरहस्त।
औरन को सुख दै सदा
आप रहै अलमस्त॥

बाध (जिससे खाट बुनी जाती है), बीज, बेकहल (ढाँक की जड़ की छाल), बनिया, बारी (फुलवाड़ी), बेटा, बैल, ब्योहर (सूद पर उधार देना), बढ़ई, बन या कपास, बबूल और बात, ये बारह बकार जिसके पास

हों, वही पूरा गृहस्थ है। वह दूसरों को सदा सुख देगा और स्वयं भी निश्चिन्त रहेगा।

शब्दार्थ—बाध=मूँज को कूटकर उसके रेशे से जो रस्सी बनाई जाती है, उसे बाध कहते हैं।

[१४]

गया पेड़ जब बकुला बैठा।
गया गेह जब मुड़िया पैठा॥
गया राज जहँ राजा लोभी।
गया खेत जहँ जामी गोभी॥

बगले के बैठने से पेड़ का नाश हो जाता है। मुड़िया (सन्यासी) जिस घर में आता-जाता है, वह घर नष्ट हो जाता है। राजा लोभी हो तो उसका राज नष्ट हो जाता है और गोभी (एक प्रकार की घास) जमने से खेत नष्ट हो जाता है।

शब्दार्थ—मुड़िया=वह साधु जो सिर मुड़ाये रखता है। राजपूताने में जैन साधु मुड़िया कहलाते हैं।

नोट—बगले की बीट पेड़ के लिये हानिकारक बताई जाती है और गोभी के जमने से खेत की पैदावार बहुत कम हो जाती है।

[१५]

घर घोड़ा पैदल चलै
तीर चलावै बीन।
थाती धरै दमाद घर
जग में भकुआ तीन॥

संसार में तीन मूर्ख हैं—एक तो वह, जो घर में घोड़ा होते हुए भी पैदल चलता है, दूसरा वह जो बीन-बीनकर तीर चलाता है, और तीसरा वह जो दामाद के घर में थाती (धरोहर) रखता है।

शब्दार्थ—बीन=उठाकर।

नोट—बीन-बीन कर तीर चलानेवाला दिन भर दौड़ता ही रहेगा।

[१६]

खेती पाती बीनती
औ घोड़े की तंग।
अपने हाथ सँवारिये
लाख लोग हों संग॥

खेती करना, चिट्ठी लिखना, बिनती करना और घोड़े की तंग कसना अपने ही हाथ से चाहिये। यदि लाख आदमी भी साथ हों, तब भी स्वयं करना चाहिये।

[१७]

धगड़ बिराने जो रहे
मानै त्रिया की सीख।
तीनों यों हीं जायँगे
पाही बोवै ईख॥

जो दूसरे के घर में रहता है, जो स्त्री के कहने पर चलता है और जो दूसरे गाँव में ईख बोता है, ये तीनों नष्ट हो जायँगे।

[१८]

सावन सोये ससुर घर
भादों खाये पूवा।
खेत खेत में पूँछत डोलैं
तोहरे केतिक हुआ॥

सुस्त और बेपरवाह किसान सावन में तो ससुराल में रहा, भादों में पुवा खाता रहा। अब दूसरों के खेत में पूछता फिरता है कि तुम्हारे कितनी पैदावार हुई?

[१९]

बैल बगौवा निरधिन जोय।
वा घर ओरहन कबहुँ न होय॥

बगौधे की नसल वाला बैल और फूहड़ स्त्री जिस घर में हों उस घर में उलहना कभी नहीं जाता।

नोट—बगौधे की नसल वाले बैल बड़े सीधे होते हैं।

[२०]

चैते गुड़ बैसाखे तेल।
जेठ क पथ असाढ़ क बेल॥
सावन साग न भादों दही।
क्वार करेला कातिक मही॥
अगहन जीरा पूसे धना।
माघे मिश्री फागुन चना॥

चैत में गुड़, बैसाख में तेल, जेठ में राह, असाढ़ में बेल, सावन में साग, भादों में दही, क्वार में करेला, कातिक में मट्ठा, अगहन में जीरा, पौष में धनिया, माघ में मिश्री और फागुन में चना हानिकारक है।

इसी के जोड़ का एक दूसरा छन्द है, जिसमें प्रत्येक महीने में लाभ पहुँचाने वाली चीज़ों के नाम हैं। जैसे :—

सावन हर्रें भादों चीत।
क्वार मास गुड़ खायउ मीत॥
कातिक मूली अगहन तेल।
पूस में करै दूध से मेल॥
माघ मास घिउ खींचरि खाय।
फागुन उठि के प्रात नहाय॥
चैत मास में नीम बेसहनी।
बैसाखे में खाय जड़हनी॥

जेठ मास जो दिन में सोवै।
ओकर जर असाढ़ में रोवै॥

[२१]

बूढ़ा बैल बेसाहै
झीना कपड़ा लेय।
आपुन करै नसौनी
दैवै दूषन देय॥

जो गृहस्थ बुड्ढा बैल खरीदता है, बारीक कपड़ा लेता है, वह तो अपना नाश आप ही करता है, वह दैव को व्यर्थ ही दोष लगाता है।

शब्दार्थ—झीना=बारीक। नसौनी=नाश होने का काम।

[२२]

बैल चौंकना जोत में
औ चमकीली नार।
ये वैरी हैं जान के
कुसल करैं करतार॥

हल में जोतते वक्त चौंकने वाला बैल और चटकीली-मटकीली स्त्री ये दोनों गृहस्थ के प्राण के शत्रु हैं। इनसे ईश्वर ही कुशल करे।

[२३]

जोइगर बसगर बुझगर भाय।
तिरिया सतवँति नीक सुभाय॥
धन पुत हो मन होइ बिचार।
कहैं घाघ ई सुक्ख अपार॥

स्त्री वाला, वंश वाला, समझदार भाईवाला, अच्छे स्वभाव वाली सतवंती स्त्री वाला तथा धन और पुत्र से युक्त और विचारयुक्त मन वाला होना, घाघ कहते हैं, ये अपार सुख हैं।

शब्दार्थ—जोइ=स्त्री।

[२४]

निहपछ राजा मन हो हाथ।
साधु परोसी नीमन साथ॥
हुक्मी पूत धिया सतवार।
तिरिया भाई रखे विचार॥
कहैं घाघ हम करत विचार।
बड़े भाग से दे करतार॥

राजा निष्पक्ष हो, मन वश में हो, पड़ोसी सज्जन हो, सच्चे और विश्वासी आदमियों का साथ हो, पुत्र आज्ञाकारी हो, कन्या सतवाली हो, स्त्री और भाई विचारवान् हों, घाघ कहते हैं कि हम विचार करते हैं कि बड़े भाग्य से भगवान् इन्हें देते हैं।

शब्दार्थ—निहपछ=निष्पक्ष। नीमन=पुष्ट, विश्वस्त। सतवार=सच्चरित्रा। धिया=कन्या। तिरिया=स्त्री।

[२५]

ढीठ पतोहु धिया गरियार।
खसम बेपीर न करै विचार॥
घरे जलावन अन्न न होइ।
घाघ कहैं सो अभागी जोइ॥

जिसकी पुत्रवधू ढीठ हो, कन्या घमंडी हो, पति निर्दय हो और विचार न करता हो, जिसके घर में जलाने के लिये (?) अन्न न हो, घाघ कहते हैं, वह स्त्री अभागिनी है।

शब्दार्थ—गरियार=घमंडी।

[२६]

कैपे दई मेघ ना होइ।
खेती सूखति नैहर जोइ॥

पूत विदेस खाट पर कन्त।
कहैं घाघ ई बिपति क अन्त॥

दैव ने कोप किया है, बरसात नहीं हो रही है, खेती सूख रही है, स्त्री पिता के घर है, पुत्र परदेश में है, पति खाट पर बीमार पड़ा है। घाघ कहते हैं, ये विपत्ति की सीमायें हैं।

[२७]

आपन आपन सब कोउ होइ।
दुख माँ नाहिं सँघाती कोइ॥
अन वहतर खातिर झगड़न्त।
कहैं घाघ ई विपति क अन्त॥

अपने के लिये सब कोई हैं, पर दुःख में कोई किसी का साथी नहीं होता। सब अन्न-वस्त्र के लिये झगड़ रहे हैं। घाघ कहते हैं, यह विपत्ति की हद है।

शब्दार्थ—सँघाती=साथी। अन=अन्न। वहतर=वस्त्र।

[२८]

भिलँगा खटिया बातल देह।
तिरिया लम्पट हाटे गेह॥
बेगा बिगरि कै सुदई मिलन्त।
कहैं घाघ ई विपति क अन्त॥

भिलँगा (ढीली-ढाली) खाट, वात-रोग से व्यथित देह, कुलटा स्त्री, बाज़ार में घर और भाई का बिगाड़ करके रिपु से मिल जाना, घाघ कहते हैं, यह विपत्ति की हद है।

शब्दार्थ—भिलँगा=ढीली-ढाली खाट।

[२९]

पूत न माने आपन डाँट।
भाई लड़ै चहै नित बाँट॥

तिरिया कलही करकस होइ।
नियरा बसल दुहुट सब कोइ॥
मालिक नाहिन करै विचार।
घाघ कहैं ई विपति अपार॥

पुत्र अपनी डाट-डपट नहीं मानता, भाई नित्य झगड़ता रहता है और बँटवारा चाहता है, स्त्री झगड़ालू और कर्कशा है, पास-पड़ोस में सब दुष्ट बसे हुए हैं, मालिक न्याय-अन्याय का विचार नहीं करता; घाघ कहते हैं कि ये अपार विपत्तियाँ हैं।

[३०]

चाकर चोर राज बेपीर।
कहैं घाघ का धारी धीर॥

नौकर चोर है और राजा निर्दयी। घाघ कहते हैं कि धैर्य क्या रक्खें?

[३१]

बैल मरकना चमकुल जोय।
वा घर ओरहन नित उठि होय॥

मारने वाला बैल और चटकीली-मटकीली स्त्री जिस घर में हों, उसमें सदा उलहना आता रहेगा।

[३२]

परहथ बनिज सँदेसे खेती।
बिन बर देखे ब्याहै बेटी॥
द्वार पराये गाड़ै थाती।
ये चारो मिलि पीटैं छाती॥

दूसरे के भरोसे व्यापार करने वाला, संदेशा-द्वारा खेती करने वाला और जो बिना वर देखे बेटी का ब्याह करता है तथा जो दूसरे के द्वार पर धरोहर गाड़ता है, ये चारो छाती पीटकर पछताते हैं।

[३३]

बिना माघ घी खीचड़ खाय।
बिन् गौने ससुरारी जाय॥
बिना ऋतू के पहिरै पउवा।
घाघ कहै ई तीनौ कउवा॥

जो आदमी माघ मास बिना ही घी और खिचड़ी खाता है; गौना न हुआ हो फिर भी जो ससुराल जाता है, और जो बिना मौसम के पौला (पैर में पहनने का काठ का खड़ाऊँ) पहनता है। घाघ कहते हैं ये तीनों कौवा हैं।

[३४]

घाघ बात अपने मन गुनहीं।
ठाकुर भगत न मूसर धनुहीं॥

घाघ अपने मन में यह बात सोचते हैं कि ठाकुर लोग भक्त नहीं हो सकते। जैसे मूसल का धनुष नहीं हो सकता।

[३५]

अगसर खेती अगसर मार।
कहैं घाघ ते कबहुँ न हार॥

घाघ कहते हैं कि जो सबसे पहले खेत बोता है और जो सबसे पहले मारता है, वे कभी नहीं हारते।

[३६]

सधुवै दासी चोरवै खाँसी
प्रेम विनासै हाँसी।
घग्घा उनकी बुद्धि विनासै
खावैं जो रोटी बासी॥

साधु को दासी, चोर को खाँसी और प्रेम को हँसी नष्ट कर देती है। घाघ कहते हैं कि इसी प्रकार जो लोग बासी रोटी खाते हैं, उनकी बुद्धि नष्ट हो जाती है।

[३७]

नीचन से ब्योहार बिसाहा
हँसि के माँगत दम्मा।
आलस नींद निगोड़ी घेरे
घग्घा तीनि निकम्मा॥

जो नीच आदमियों से लेन-देन करता है, जो दी हुई चीज़ का दाम हँस कर माँगता है और जिसे आलस्य और निगोड़ी नींद घेरे रहती है, घाघ कहते हैं ये तीनों निकम्मे हैं।

[३८]

ओछे बैठक ओछे काम।
ओछी बातें आठों जाम॥
घाघ बताये तीनि निकाम।
भूलि न लीजौ इनको नाम॥

जो ओछे आदमियों के साथ बैठता है, जो ओछे काम करता है, और जो रातदिन ओछी बातें करता रहता है। घाघ कहते हैं, ये तीन निकम्मे आदमी हैं। इनका नाम कभी भूल कर भी न लेना।

[३९]

साँझै से परि रहती खाट।
पड़ी भड़ेहरि बारह बाट॥
घर आँगन सब घिन घिन होइ।
घग्घा गहिरे देव डुबोइ॥

जो स्त्री शाम ही से खाट पर पड़ रहती है; जिसके घर के बरतन-भाँड़े बारह बाट (तितर-बितर) हुये रहते हैं और जिसका घर और आँगन घिनाता रहता है। घाघ कहते हैं उस स्त्री को गहरे पानी में डुबो देना चाहिये।

[४०]

नारि करकसा कट्टर घोर।
हाकिम होइके खाइ अँकोर॥
कपटी मित्र पुत्र है चोर।
घग्घा इनको गहिरे बोर॥

कर्कशा स्त्री, काटनेवाला घोड़ा, रिश्वतखोर हाकिम, कपटी मित्र और चोर पुत्र, घाघ कहते हैं इनको गहरे पानी में डुबा देना चाहिये।

[४१]

एक तो बसो सड़क पर गाँव।
दूजे बड़े बड़ेन में नाँव॥
तीजे परे दरबि से हीन।
घग्घा हमको बिपता तीन॥

एक तो हमारा गाँव सड़क पर बसा है, दूसरे बड़े बड़ों में अपना नाम है, तीसरे हम द्रव्य से रहित हो गये हैं। घाघ कहते हैं, हमको ये तीन विपदायें हैं।

[४२]

हँसुआ ठाकुर खँसुआ चोर।
इन्हें ससुरवन गहिरे बोर॥

हँसकर बात करनेवाले ठाकुर को और खाँसीवाले चोर को, इन ससुरों को गहरे पानी में डुबो देना चाहिये।

[४३ [

घुनया मृतनि मरघनी
सरयलील एुन्त फाट।

घग्घा चारो परिहरो
तब तुम पौढ़ो खाट ॥

कुत्ते जिस पर मूतते हों, जो मरमराती हो, जो ऐसी ढीली-ढाली हो कि समूचा आदमी उसमें समा जाय और जो इतनी छोटी हो कि पैर की नस काटती हो, घाघ कहते हैं कि इन चार अवगुणों वाली खाट को छोड़कर सब खाट पर सोओ।

[४४]

ओछो मंत्री राजै नासै
ताल विनासै काई।
सान साहिबी फूट विनासै
घग्घा पैर बिवाई ॥

घाघ कहते हैं कि नीच प्रकृति का मन्त्री राजा का, काई तालाब का, फूट मानमर्यादा का और बिवाई पैर का नाश करती है।

[४५]

आठ कठौती माठा पीवै
सोरह मकुनी खाइ।
उसके मरे न रोइये
घर क दलिद्दर जाइ ॥

जो आठ कठौत (काठ की परात) भर कर मट्ठा पीता हो और सोलह मकुनी (एक प्रकार की मोटी रोटी) खाता हो, उसके मरने पर रोने की ज़रूरत नहीं। वह तो मानो घर का दरिद्र निकल गया।

[४६]

आठ गाँव का चौधरी
बारह गाँव का राव ॥
अपने काम न आय तौ
अपनी ऐसी-तैसी में जाव ॥

आठ गाँव का चौधरी हो या बारह गाँव का राव; पर जो अपने काम न आवे तो वह अपनी ऐसी-तैसी में जाय।

[४७]

अम्बा नींबू बानियाँ
गर दाबे रस देयँ।
कायथ कौवा करहटा
मुर्दाहू सों लेयँ॥

आम, नीबू और बनिया ये गला दबाने ही से रस देते हैं और कायस्थ, कौवा और किलहटा (एक पक्षी) ये मुर्दे से भी रस लेते हैं।

[४८]

कलिजुग में दो भगत हैं
वैरागी औ ऊँट।
वै तुलसी घन काटहीं
ये किये पीपर ठूँट॥

कलियुग में दो भक्त हैं एक वैरागी, दूसरा ऊँट। वैरागी तुलसी का वन काटता रहता है और ऊँट पीपल को ठूँठा करता है।

[४९]

चोर जुवारी गँठकटा
जार औ नार छिनार।
सौ सौगंधें खायँ जौ
घाघ न कर इतबार॥

घाघ कहते हैं कि चोर, जुआरी, गँठकटा, जार और छिनाल स्त्री, ये सौ सौगंधें खाँय, तब भी इनका विश्वास न करना चाहिये।

[५०]

छज्जे की बैठक बुरी
परछाईं की छाँह।
धीरे का रसिया बुरा
नित उठि पकरै बाँह॥

छज्जे की बैठक बुरी होती है, परछाईं की छाया बुरी होती है। इसी प्रकार निकट का चाहनेवाला बुरा होता है जो नित्य उठकर बाँह पकड़ता है।

[५१]

अहीर मिताई बादर छाईं।
हावै होवै नाहीं नाईं॥

अहीर की मित्रता और बादल की छाया का कुछ भरोसा नहीं करना चाहिये।

[५२]

नित्तै खेती दुसरे गाय।
नाहीं देखै तेकर जाय॥
घर बैठल जो बनवै बात।
देह में वस्त्र न पेट में भात॥

जो किसान रोज़ उठकर खेती की और दूसरे दिन गाय की सँभाल नहीं करता, उसकी ये दोनों चीज़ें बरबाद हो जाती हैं। जो घर में बैठे-बैठे बातें बनाया करता है, उसकी देह पर न वस्त्र होता है, न पेट में भात। अर्थात् वह ग़रीब हो जाता है।

[५३]

चना क खेती चिक धन
बिटिअन कै बढ़वारि।

यतनेहु पर धन ना घटै
तो करै बड़े से रारि॥

चने की खेती, कसाई की जीविका और कन्याओं की बढ़ती, इनसे धन न घटे, तो अपने से ज़बरदस्त से झगड़ा करना चाहिये।

पाठान्तर—विप्र टहलुवा चीक धन।

[५४]

अँतरे खोंतरे डंडै करै।
तालु नहाय ओस माँ परै॥
दैव न मारै अपुवइ मरै।

जो आदमी दूसरे-चौथे डंड करता है। ताल में नहाता और ओस में सोता है, उसे दैव नहीं मारता। वह आप ही मरता है।

[५५]

जहाँ चारि काछी।
उहाँ बात आछी॥
जहाँ चारि कोरी।
उहाँ बात बोरी॥
जहाँ चारि भुञ्जी।
उहाँ बात उरुझी॥

जहाँ चार काछी रहते हैं, वहाँ अच्छी बातें होती हैं, जहाँ चार कोरी रहते हैं, वहाँ सब बातें डूब जाती हैं। पर जहाँ चार भुजवे होते हैं, वहाँ सारी बातें उलझी ही रहती हैं।

[५६]

जिसकी छाती एक न बार।
उससे सब रहियौ हुशियार॥

जिस आदमी की छाती पर एक भी बाल न हो, उससे सब को सावधान रहना चाहिये।

[५७]

मा ते पूत पिता ते घोड़ा।
बहुत न होय तो थोड़म थोड़ा॥

माँ का गुण पुत्र मे आता है और पिता का गुण घोड़े में आता है। यदि बहुत न हुआ, तो थोड़ा तो होता ही है।

[५८]

बाढ़ै पूत पिता के धर्मा।
खेती उपजै अपने कर्मा॥

पुत्र पिता के धर्म से बढ़ता है। पर खेती अपने ही कर्म से होती है।

[५९]

राँड़ मेहरिया अनाथ भैंसा।
जब बिचलै तब होवै कैसा॥

राँड स्त्री और बिना नाथ का भैंसा यदि बहक जाय, तो क्या हो?

[६०]

घर में नारी आँगन सोवै।
रन में चढ़ि के छत्री रोवै॥
रात के सतुवा करै बिआरी।
घाघ मरै तेहि कर महतारी॥

घाघ कहते हैं कि जिसकी स्त्री घर में हो पर वह आँगन में सोता है। और जो क्षत्रिय रण में चढ़कर रोता है और जो आदमी रात में सतुवा का आहार करता है, इन तीनों की माता को मर जाना चाहिये। ये व्यर्थ ही जन्मे हैं।

[६१]

जेकर ऊँचा बैठना
जेकर खेत निचान।
ओकर बैरी का करै
जेकर मीत दिवान॥

जिस किसान का उठना-बैठना ऊँचे दरजे के आदमियों में होता है, या जिसकी बैठक ऊँची है; और खेत आस-पास की ज़मीन से नीचा है तथा राजा का दीवान जिसका मित्र है, उसका शत्रु क्या कर सकता है?

[६२]

घर की खुनुस औ जर की भूख।
छोट दमाद बराहे ऊख॥
पातर खेती भकुवा भाइ।
घाघ कहैं दुख कहाँ समाय॥

घर में रात-दिन की लड़ाई, ज्वर के बाद की भूख, कन्या से छोटा दामाद, सूखती हुई ईख, कमज़ोर खेती और निर्बुद्धि भाई, ये ऐसे दुःख हैं कि घाघ कहते हैं कि कहाँ समायँगे?

[६३]

काँटा बुरा करील का
औ बदरी का घाम।
सौत बुरी है चून की
औ साझे का काम॥

करील का काँटा, बदली के बाद होनेवाली धूप, आटे की भी सौत और साझे का काम, ये चारो बुरे हैं।

[६४]

माघ मास की बादरी
 औ कुवार का घाम।
यह दोनों जो कोउ सहै
 करै पराया काम॥

माघ की बदली और कुवार का घाम, ये दोनों बड़े कष्टदायक होते हैं। इन्हें जो सह सके, वही पराया काम कर सकता है।

[६५]

परमुख देखि अपन मुख गोवै।
चूरी कंकन बेसरि टोवै॥
आँचर टारि के पेट दिखावै।
अब का छिनारि डंका बजावै॥

जो स्त्री दूसरे का मुँह देखकर अपना मुँह ढक लेती है; चूड़ी, कंगन और बेसर (नथ) टोने लगती है; फिर आँचल हटाकर पेट दिखलाती है; वह क्या अब डंका बजाकर कहेगी कि मैं छिनाल (व्यभिचारिणी) हूँ?

[६६]

खेत न जोतै राड़ी।
न भैंस बेसाहै पाड़ी।
न मेहरि मर्द क छाड़ी।

उसरहा खेत न जोतना चाहिये; न पाड़ी (भैंस का बच्चा) खरीदना चाहिये और न दूसरे मर्द की छोड़ी हुई स्त्री से ब्याह करना चाहिये।

[६७]

सावन घोड़ी भादों गाय।
माघ मास जो भैंस बिआय॥
कहै घाघ यह साँची बात।
आप मरै कि मलिकै खात॥

यदि सावन में घोड़ी, भादों में गाय और माघ के महीने में भैंस ब्याये, तो घाघ यह सच्ची बात कहते हैं कि या तो वह स्वयं मर जायगी या मालिक ही को खा जायगी।

[६८]

धौले भले हैं कापड़े
धौले भले न बार।
आछी काली कामरी
कालो भलो न नार॥

सफेद कपड़े अच्छे लगते हैं, पर सफेद बाल अच्छे नहीं लगते। काली कमली अच्छी लगती है, पर काली स्त्री अच्छी नहीं लगती।

[६९]

हरहट नारि बास एकवाह।
परुवा बरद सुहुत हरवाह॥
रोगी होइ होइ इकलन्त।
कहैं घाघ ई विपति क अन्त॥

कर्कशा स्त्री, अकेले बसना, पराया बैल, सुस्त हलवाहा, रोगी होकर अकेले पड़े रहना, घाघ कहते हैं कि इनसे बढ़कर विपत्ति नहीं।

[७०]

ताका भैंसा गादर बैल।
नारि कुलच्छनि बालक छैल॥
इनसे बाँचें चातुर लोग।
राज छाड़ि के साधे योग॥

ताका (जिसकी आँखें दो तरह की हों) भैंसा, गादर (हल में चलते-चलते बैठ जानेवाला) बैल, बुरे लक्षणों वाली स्त्री, और शौकीन बेटे, से चतुर लोग बचते रहें। इनकी संगति में यदि राज-सुख हो, तब भी उसे छोड़कर फ़क़ीरी अच्छी है।

[७१]

लरिका ठाकुर बूढ़ दिवान।
ममिला बिगरै साँझ विहान ॥

यदि ठाकुर (राजा, ज़मींदार) बालक हो और उसका दीवान बुड्ढा हो, तो उन दोनों में मेल नहीं रह सकता। उनमें सुबह-शाम, किसी वक्त झगड़ा हो ही जायगा।

[७२]

ना अति बरखा ना अति धूप।
ना अति बकता ना अति चूप ॥

बहुत वर्षा अच्छी नहीं; न बहुत धूप ही अच्छी है। इसी प्रकार न बहुत बोलना अच्छा है, न बहुत चुप रहना ही।

[७३]

ऊँच अटारी मधुर बतास।
कहैं घाघ घरहीं कैलास ॥

ऊँची अटा हो और मंद-मंद हवा बह रही हो, तो घाघ कहते हैं कि घर ही में स्वर्ग है।

पाठान्तर—ऊँच चौतरा=ऊँचा चबूतरा।

[७४]

तीन बैल दो मेहरी।
काल बैठ बा देहरी ॥

जिस किसान के तीन बैल और दो स्त्रियाँ हों, समझो कि उसके दरवाज़े पर मृत्यु बैठी है।

[७५]

बिन बैलन खेती करै
बिन भैयन के रार।

बिन मेहरारू घर करै
चौदह सास लबार ॥

जो गृहस्थ यह कहता है कि मैं बिना बैलों के खेती करता हूँ; बिना भाइयों की सहायता के दूसरों से झगड़ा करता हूँ और बिना स्त्री के गृहस्थी चलाता हूँ, वह चौदह पुश्तों का झूठा है।

[७६]

ढिलढिल बेंट कुदारी।
हँसि के बोलै नारी॥
हँसि के माँगै दामा।
तीनों काम निकामा॥

कुदाल का बेंट ढीला होना, स्त्री का हँसकर बात करना और हँसकर दाम माँगना ये तीनों काम अच्छे नहीं हैं।

[७७]

उत्तम खेती मध्यम बान।
निपिद चाकरी भीख निदान॥

खेती का पेशा सबसे अच्छा है। वाणिज्य (व्यापार) मध्यम और नौकरी निषिद्ध है। और भीख माँगना तो सबसे बुरा है।

[७८]

खेती करै बनिज को धावै।
ऐसा डूबै थाह न पावै॥

जो आदमी खेती भी करता है और व्यापार के लिये भी दौड़ता फिरता है, वह ऐसा डूबता है कि उसे थाह भी नहीं मिलती। अर्थात् उसे किसी में भी सफलता नहीं मिलती।

[७९]

सब कै कर।
हर कै तर॥

भगवान् के हाथ के नीचे सभी के हाथ हैं। अथवा सारे काम-धंधे इस पर निर्भर हैं।

[८०]

जाको मारा चाहिये
बिन मारे बिन घाव।
ताको यही बताइये
घुइयाँ पूरी खाव॥

बिना चोट पहुँचाये हुये किसी को मारना चाहो, तो उसे यह सलाह दो कि वह घरवी की तरकारी और पूरी खाया करे।

[८१]

कीड़ी संचै तीतर खाय।
पापी को धन पर ले जाय॥

कीड़ी (चींटी) अन्न जमा करती है, तीतर उसे खा जाता है। इसी प्रकार पापी का धन दूसरे लोग उड़ा लेते हैं।

[८२]

भइँसि सुखी जो डबहा भरै।
राँड़ सुखी जो सबका मरै॥

बरसात के पानी से गड्ढे भर जायँ तो भैंस बड़ी ही खुश होती है। इसी प्रकार राँड़ तब खुश होती है, जब सभी स्त्रियाँ राँड़ हो जायँ।

[८३]

भेदिहा सेवक सुन्दरि नारि।
जीरन पट कुराज दुख चारि॥

भेद जाननेवाला नौकर, सुन्दरी स्त्री, पुराना वस्त्र और दुष्ट राजा, ये चार दुःख हैं। क्योंकि बड़ी सावधानी से इनकी सँभाल करनी पड़ती है।

[८४]

मारि के टरि रहु।
खाइ के परि रहु॥

मारकर टल जाश्रो श्रौर खाकर लेट जाश्रो।

[८५]

खाइ के मूतै सूतै बाउँ।
काहे क बैद बसावै गाउँ॥

खाकर पेशाब करे और फिर बाईं करवट लेट जाय, तो वैद्य को गाँव में बसाने की क्या ज़रूरत है?

[८६]

रहै निरोगी जो कम खाय।
बिगरै काम न जो गम खाय॥

भूख से कम खानेवाला नीरोग रहता है। इसी प्रकार जो ग़ुस्से को पचा जाया करे, तो काम न बिगड़े।

[८७]

प्रातकाल खटिया ते उठि कै
पिश्रइ तुरंतै पानी।
कबहूँ घर में बैद न श्रइहैं
बात घाघ कै जानी॥

प्रातःकाल खाट पर से उठते ही तुरन्त पानी पी लिया करे तो कभी बीमार न हो। यह बात घाघ की श्रजमाई हुई है।

खेती की कहावतें

[१]

उत्तम खेती जो हर गहा।
मध्यम खेती जो सँग रहा॥
जो पूछेसि हरवाहा कहाँ।
बीज बूड़िगे तिनके तहाँ॥

जो स्वयं अपने हाथ से हल चलाता है, उसकी खेत उत्तम; जो हल-वाहे के साथ रहता है, उसकी मध्यम; और जिसने पूछा कि हलवाहा कहाँ है? उसका तो बीज बोना ही व्यर्थ है।

[२]

उत्तम खेती आप सेती।
मध्यम खेती भाई सेती॥
निकृष्ट खेती नौकर सेती।
बिगड़ गई तो बलाय सेती॥

जो स्वयं करे, वह खेती उत्तम; जो भाई से करावे वह मध्यम; और जो नौकर से करावे, वह निकृष्ट है। यदि बिगड़ गई, तो नौकर की बला से।

(३)

जो हल जोतै खेती वाकी।
और नहीं तो जाकी ताकी॥

जो अपने हाथ से हल जोते, उसी की खेती खेती है। नहीं तो जिस-तिसकी है।

[४]

कहा होय बहु बाहें।
जोता न जाय थाहें॥

यदि गहरा जोता न जाय, तो बहुत बार जोतने से क्या होगा?

[५]

खेत बेपनिया जोतो तब।
ऊपर कुँआ खोदाओ जब॥

जिस खेत में पानी न पहुँचता हो, उसे तब जोतो, जब उसके ऊपर कुवाँ खोदाओ।

[६]

उलटे गिरगिट ऊँचे चढ़ै।
बरखा होइ भूइँ जल बुड़ै॥

यदि गिरगिट पेड़ पर उलटा होकर अर्थात् पूँछ ऊपर की ओर करके चढ़े, तो समझना चाहिये कि इतनी वर्षा होगी कि पृथ्वी पानी से डूब जायगी।

[७]

पछियावँ क बादर।
लबार क आदर॥

जो बादल पच्छिम से या पच्छिम की हवा से उठता है, वह नहीं बरसता। जैसे लबार आदमी का आदर निष्फल होता है।

[८]

एक मास ऋतु आगे धावै।
आधा जेठ असाढ़ कहावै॥

मौसम एक महीना आगे चलता है। आधे जेठ ही से आषाढ़ समझना चाहिये और खेती की तैयारी प्रारम्भ कर देनी चाहिये।

[९]

दिन को बादर रात को तारे।
चलो कंत जहँ जीवैं बारे॥

दिन में बादल हों और रात में तारे दिखाई पड़ें, तो सूखा पड़ेगा। हे नाथ! वहाँ चलो, जहाँ बच्चे जीवित रह सकें।

[१०]

ढेले ऊपर चील जो बोलै।
गली गली में पानी डोलै॥

यदि चील ढेले पर बैठकर बोले, तो समझना चाहिये कि इतना पानी बरसेगा कि गली-कूचे पानी से भर जायँगे।

[११]

अम्बामोर चलै पुरवाई।
तब जानो बरखा ऋतु आई॥

यदि पुर्वा हवा ऐसे ज़ोर से बहे कि आम झड़ पड़ें, तो समझना चाहिये कि वर्षा-ऋतु आ गई।

[१२]

माघ क ऊसम जेठ क जाड़।
पहिलै बरखा भरिगा ताल॥
कहैं घाघ हम होब वियोगी।
कुँआ खोदि के धोइहैं धोबी॥

यदि माघ में गरमी पड़े और जेठ में जाड़ा हो और पहली ही वर्षा से तालाब भर जाय, तो घाघ कहते हैं कि ऐसा सूखा पड़ेगा कि हमें परदेश जाना पड़ेगा और धोबी लोग कुँए के पानी से कपड़ा धोयेंगे।

[१३]

रात करे घापघूप दिन करे छाया।
कहैं घाघ अब वर्षा गया॥

यदि रात में खूब घटा घिर आये और दिन में बादल तितर-बितर हो जायँ और उनकी छाया पृथ्वी पर दौड़ने लगे, तो घाघ कहते हैं कि वर्षा को गई हुई समझना चाहिये।

[१४]

बहुत करे सो और को।
थोड़ी करै सो आप को॥

खेती ज्यादा करने से दूसरों को लाभ पहुँचता है, थोड़ी करने से अपने को।

[१५]

खेती तो थोड़ी करे
मिहनत करे सिवाय।
राम चहें वही मनुष को
टोटा कभी न आय॥

जो खेती थोड़ी और मेहनत अधिक करेगा, ईश्वर चाहेंगे, तो उस किसान को कभी किसी चीज़ की कमी न रहेगी।

[१६]

खेती तो उनकी
जो करे अन्हान अन्हान।
और उनकी क्या खेती
जो देखे साँझ विहान॥

खेती तो उनकी है, जो स्वयं अपने हाथ से हल जोतते हैं। और जो सबेरे-शाम देखने जाते हैं; उनकी क्या खेती है?

[१७]

खेती वह जो खड़ा रखावै।
सूनी खेती हरिना खावै॥

खेती उसकी है जो प्रतिदिन उसकी मेड़ पर खड़े होकर रखवाली करे। खाली खेत को तो हिरन आदि पशु चर जाते हैं।

[१८]

बीघा बायर होय
बाँध जो होय बँधाये।
भरा भुसौला होय
बबुर जो होय बुवाये।
बढ़ई बसे समीप
बसूला बाढ़ धराये।
पुरखिन होय सुजान
बिया बोउनिहा बनाये।
बरद बगौधा होय
बरदिया चतुर सुहाये।
बेटवा होय सपूत
कहे बिन करे कराये।

खेती करने वाले के पास इतनी चीज़ें हों, तो वह अच्छा किसान कहा जायगा—

सब खेत एक चक हों। खेत के चारों ओर सिंचाई के लिये बाँध बँधे हों। भुसौला (भूसा का घर) भरा हुआ हो। बबूल के पेड़ हों। बढ़ई पास बसा हो, जिसका बसूला तेज़ हो।

घर की मलकिन गृहस्थी के धंधे में होशियार हो और बीज को बोने के योग्य तैयार कर रक्खे।

बैल बगौधे की नस्ल के हों। हलवाहा होशियार और नेक हो। बेटा सपूत हो, जो बाप के बिना कहे काम-काज करे और करा सके।

[१९]

उलटा बादर जो चढ़े
विधवा खड़ी नहाय।
घाघ कहैं सुन भड्डरी
वह बरसे वह जाय॥

जब पूर्वा हवा में पश्चिम से बादल चढ़ें और विधवा खड़ी होकर स्नान करे, तब घाघ कहते हैं कि हे भड्डरी! सुन—बादल तो बरसेंगे और विधवा किसी पुरुष के साथ भग जायगी।

[२०]

खेती ।
खसम सेती॥
आधी केकी?
जो देखै तेकी॥
बिगड़ै केकी?
घर बैठे पूछै तेकी॥

खेती उसी की पूरी है, जो अपने हाथ से करे। आधी उसकी, जो स्वयं निगरानी करे। और जो घर-बैठे पूछ लेता है कि खेती का क्या हाल है? उसकी खेती बिल्कुल बेकार है।

[२१]

पहिलै पानि नदी उफनायँ।
तौ जानियौ कि बरखा नायँ॥

पहली ही बार की वर्षा से यदि नदी उफन कर बहे, तो समझना चाहिये कि बरसात अच्छी न होगी।

[२२]

जौ हर होंगे बरसनहार।
काह करेगी दखिन बयार॥

दक्खिन की हवा में पानी नहीं बरसता। किन्तु यदि भगवान् बरसना चाहेंगे, तो दक्खिन की हवा क्या करेगी?

[२३]

माघ में गरमी जेठ में जाड़।
कहैं घाघ हम होव उजाड़॥

माघ में गरमी और जेठ में सरदी पड़े, तो घाघ कहते हैं कि हम उजड़ जायँगे। अर्थात् पानी न बरसेगा।

[२४]

ईख तिस्सा।
गोहूँ बिस्सा॥

ईख की पैदावार तीस गुनी होती है और गेहूँ की बीस गुनी।

[२५]

असाढ़ मास जो गँवहीं कीन।
ताकी खेती होवै हीन॥

आषाढ़ में जो किसान मेहमानी खाता फिरता है, उसकी खेती कमज़ोर होती है।

[२६]

अहिरवर दिया बाह्मन हारी।
गई सावनी और असाढ़ी॥

अहीर और ब्राह्मण यदि हलवाहे हों तो रबी और ख़रीफ़ दोनों फ़सलें मारी जायँगी।

[२७]

साँझे धेनुक सकारे मोरा।
यह दोनों पानी के बौरा॥

यदि शाम को इन्द्र-धनुष दिखाई पड़े और सबेरे मोर बोलें, तो वर्षा बहुत होगी।

पाठान्तर—इन्हें देखि हरवाहा दौरा।

अर्थात् पानी बरसेगा और खेत जोतना पड़ेगा, इसमें हलवाहे दौड़ पड़े।

[२८]

पूनो परवा गाजे।
तो दिना बहत्तर नाजे॥

यदि आषाढ़ की पूर्णमासी और प्रतिपदा के बिजली चमके, तो बहत्तर दिन तक वृष्टि होगी।

[२९]

बयार चले ईसाना।
ऊँची खेती करो किसाना॥

यदि आषाढ़ में ईसान-कोन से हवा चले, तब फ़सल अच्छी होगी।

[३०]

थोडा जोतै बहुत हेंगावै
ऊँच न बाँधै आड।
ऊँचे पर खेती करै
पैदा होवै भाड॥

थोड़ा जोते, बहुत हेंगावे (सिरावन दे), मेंड़ भी ऊँचा न बाँधे और ऊँची जगह पर खेती करे, तो भदभड़ा पैदा होगा?

शब्दार्थ—भाड=भड़भदा, एक काँटेदार, चितकबरी पत्तीवाला पौधा, जिसके फूल पीले और कटोरे के आकार के होते हैं। चमार लोग उसके बीज का तेल निकालते हैं।

[३१]

गेहूँ बाहा धान गाहा।
ऊख गोडाई से है आहा॥

गेहूँ कई बाँह करने से, धान बिदाहने (धान के पौधे उग आवें तब जोतने) से और ईख गोड़ने से अधिक पैदा होती है।

[३२]

रढहे गेहूँ कुसहे धान।
गडरा की जड जडहन जान॥
फुली घास रो देवें किसान।
वहिमें होय श्रान का तान॥

राढ़ घास काटकर खेत बनाया जाय तो गेहूँ की, कुस काटकर बनाया जाय तो धान की और गड़रा काटकर बनाया जाय, तो जड़हन की पैदावार अच्छी होती है। लेकिन जिस खेत में फुलही घास होती है, उसमें कुछ नहीं पैदा होता और किसान रो देता है।

[३३]

जब सैल खटाखट बाजै।
तब चना खूब ही गाजै॥

खेत में इतने ढेले हों कि हल चलते वक्त बैलों के जुए की सैलें खट-खट बजती रहें, उस खेत में चने की फ़सल अच्छी होगी

[३४]

जब बरसै तब बाँधो क्यारी।
बडा किसान जो हाथ कुदारी।

जब बरसे, तब क्यारी बाँधनी चाहिये। बड़ा किसान वह है, जिसके हाथ में कुदाल रहती है।

[३५]

हर लगा पताल।
तो टूट गया काल॥

यदि हल खूब गहरा चला गया अर्थात् जोत गहरी हुई, तो समझो कि अकाल का भय जाता रहा।

[३६]

छोटी नसी—धरती हँसी

हल का फल छोटा देखकर पृथ्वी हँस देती है। अर्थात् पैदावार अच्छी न होगी।

[३७]

खेते पाँसा जो न किसाना।
उसके घरे दरिद्र समाना॥

जो किसान खेत में खाद नहीं डालता, उसके घर में दरिद्र घुसा रहता है।

[३८]

मैदे गेहूँ ढेले चना।

गेहूँ के खेत की मिट्टी मैदे की तरह बारीक हो और चने के खेत में ढेले हों, तब पैदावार अच्छी होती है।

[३९]

माघ मँघारै जेठ में जारै॥
भादों सारै—
तेकर मेहरी डेहरी पारै॥

गेहूँ का खेत माघ में जोतना चाहिये; फिर जेठ में; जिससे घास जल जाय। फिर भादों में जोते। जो किसान ऐसा करेगा, उसी की स्त्री अन्न भरने के लिये डेहरी (कोठिला) बनायेगी।

[४०]

जोतै खेत घास न टूटै।
तेकर भाग साँझ ही फूटै॥

जोतने पर भी यदि खेत की घास न टूटे, तो उसका भाग्य साँझ ही को फूट गया समझना चाहिये।

[४१]

गहिर न जोतै बोवै धान।
सो घर कोठिला भरै किसान॥

धान के खेत को गहरा न जोतकर धान बोने, तो इतना धान पैदा हो कि किसान का घर कोठिलों से भर जायगा।

[४२]

दुइ हर खेती यक हर बारी।
एक बैल से भली कुदारी॥

दो हल से खेती और एक हल से शाक-तरकारी की बारी होती है। और जिस किसान के पास एक ही बैल है, उससे तो कुदाल ही अच्छी है।

[४३]

कातिक मास रात हर जोतो।
टाँग पसारे घर मत सूतो॥

कातिक महीने में रात में हल जोतो। टाँग फैलाकर घर में मत सोओ।

[४४]

आगे गेहूँ पीछे धान।
वाको कहिये बड़ा किसान॥

जो धान बोने से पहले गेहूँ के खेत की जोताई कर चुकता है, उसे बड़ा किसान कहना चाहिये।

[४५]

दस बाहों का माड़ा।
बीस बाहों का गाँड़ा॥

गेहूँ के खेत को दस बार जोतना चाहिये और ईख के खेत को बीस बार।

[४६]

गेहूँ भया काहें।

असाढ़ के दो बाहे॥

गेहूँ क्यों हुआ? आषाढ़ महीने में दो बार जोत देने से।

[४७]

तेरह कातिक तीन असाढ़।

जो चूका सो गया बजार॥

तेरह बार कातिक में और तीन बार आषाढ़ में जोतने से जो चूका, वह बाजार से खरीद कर खायगा। अथवा कातिक में तेरह दिन में और आषाढ़ में तीन दिन में बो लेना चाहिये। जो नहीं बोयेगा, उसे अन्न नहीं मिलेगा।

[४८]

जेतना गहिरा जोतै खेत।

बीज परे फल अच्छा देत॥

खेत को जितना ही गहरा जोते, बीज पड़ने पर वह उतना ही अच्छा फल देता है।

[४९]

बाली छोटी भई काहें।

बिना असाढ़ की दो बाहें॥

गेहूँ-जौ की बालें छोटी क्यों हुईं? आषाढ़ में दो बार जोता नहीं था, इसलिये।

[५०]

जोंधरी जोतै तोड़ मड़ोर।

तब वह डारै कोठिला फोर॥

मक्के के खेत को खूब उलट-पलट कर जोतना चाहिये। तब वह इतनी पैदा होगी कि कोठिले में न समायगी।

[५१]

चाहे क्यों न असाढ़ यक बार।
अब क्यों चाहै बारम्बार॥

अरे किसान! तू ने असाढ़ में एक बार खेत क्यों न जोता? अब तू बारबार क्यों जोतता है?

[५२]

तीन कियारी तेरह गोड़।
तब देखौ ऊखी कै पोर॥

तीन बार सींचो और तेरह बार गोड़ो, तब ऊख अच्छी उगेगी।

[५३]

गेहूँ भवा काहें।
सोलह बाहें—नौ गाहें॥

गेहूँ की पैदावार अच्छी क्यों हुई? सोलह बार जोतने और नौ बार हेंगाने से।

[५४]

मेंड़ बाँध दस जोतन दे।
दस मन बिगहा मोसे ले॥

मेंड़ बाँधकर दस बार जोतने दो, तो फ़ी बीघा दस मन की पैदावार मुझसे लो।

[५५]

असाढ़ जोतै लड़के बारे।
सावन भादों में हरवाहे॥
कुआर जोतै घर का बेटा।
तब ऊँचे हो होनहारे॥

असाढ़ में छोटे लड़के भी जोतें तो कोई हर्ज नहीं; सावन में हलवाहा जोते और कुआर में गृहस्थ का बेटा खेत जोते, तब भाग्य ऊँचा हो।

[५६]

थोर जोताई बहुत हेंगाई
ऊँचे बाँधै आरी।
उपजै तो उपजै
नाहीं घाघै देवै गारी॥

थोड़ा जोतने से, बहुत बार सिरावन देने से और ऊँचा मेंड़ बाँधने से यदि अन्न उपजा तो उपजा, नहीं तो घाघ को गाली देना। अर्थात् अन्न शायद ही उपजे।

[५७]

नौ नसी—एक कसी।

नौ बार हल से जोतने से एक बार फावड़े से खोदकर मिट्टी को उलट देना अच्छा है।

[५८]

सरसे अरसी—निरसे चना।

खेत में तरी हो तो अलसी और खुश्की हो तो चना बोना चाहिये।

[५९]

गेहूँ भवा काहें—सोलह दायँ बाहें।

गेहूँ क्यों हुआ? सोलह बार के जोतने से।

[६०]

जेहि घर साले सारथी
तिरिया की हो सीख।
सावन में बिन हल लवै
तीनों माँगैं भीख॥

जिस घर में साला गृहस्थी की गाड़ी चलाता हो, अर्थात् साला ही प्रधान हो; जिस घर में स्त्री ही की सलाह चलती हो और सावन में जो किसान बिना हल का हो, वे तीनों भीख माँगेंगे।

[६१]

एक हर हत्या दो हर काज।

तीन हर खेती चार हर राज॥

एक हल की खेती हत्या है; दो हल की खेती काम चलाऊ है; तीन हल की खेती खेती है और चार हल की खेती तो राज ही है।

[६२]

जोत न मानै अरसी चना।

कहा न मानै हरामी जना॥

अलसी और चना अधिक जोताई नहीं चाहते। जैसे हरामी आदमी कहा नहीं मानता।

[६३]

गेहूँ भवा काहें—कातिक के चौबाहें।

गेहूँ क्यों हुआ? कातिक में चार बार जोतने से।

[६४]

खाद परै तो खेत।

नहीं तो कूरा रेत॥

खाद पड़ने ही से खेती हो सकती है। नहीं तो कूड़ा-करकट और रेत के सिवा कुछ नहीं होगा।

[६५]

गोबर मैला नीम की खली।

यासे खेती दूनी फली॥

गोबर, पाखाना और नीम की खली डालने से खेती में दूना पैदा होता है।

[६६]

गोबर मैला पानी सड़ै।

तब खेती में दाना पड़ै॥

खेत में गोबर, पाखाना और पत्ती सड़ने से दाना अधिक होता है।

[६७]

खेती करै खाद से भरै।
सौ मन कोठिला में लै धरै॥

खेती करे, तो खेत को खाद से पाट दे। तब सौ मन अन्न कोठिला में लाकर रक्खे।

[६८]

गोबर, चोकर, चकवर, रूसा।
इनको छोड़े होय न भूसा॥

गोबर, चोकर, चकवन और अडूसे की पत्तियाँ खेत में छोड़ने से भूसा नहीं होता है। अर्थात् उपज अच्छी होती है।

[६९]

जेकरे खेत पड़ा नहिँ गोबर।
वहि किसान को जान्यो दूबर॥

जिस किसान के खेत में गोबर नहीं पड़ा, उसे कमज़ोर समझना चाहिये।

[७०]

कोठिला बैठी बोली जई।
आधे अगहन काहे न बई॥

या

खिचड़ी खाकर क्यों नहिँ बई॥
जो कहुँ बोते बिगहा चार।
तो मैं डरतिउँ कोठिला फारि॥

कोठिले में बैठी हुई जई ने कहा—मुझे आधे अगहन में क्यों नहीं बोया? या खिचड़ी खाकर क्यों नहीं बोया? यदि तुम चार बीघा भी बोते तो मैं इतनी पैदा होती कि कोठिले में न समाती।

शब्दार्थ—खिचड़ी=मकर की संक्रान्ति का एक त्योहार।

[७१]

अगहन धवा।
कहूँ मन कहूँ सवा॥

अगहन में यदि जौ-गेहूँ बोया जायगा, तो बीघा पीछे कहीं मन भर होगा, कहीं सवा मन। अर्थात् उपज कम होगी।

[७२]

पुक्ख पुनर्बस बोवै धान।
असलेखा जोन्हरी परमान॥

पुष्य और पुनर्वसु नक्षत्र में धान बोना चाहिये और अश्लेषा में मक्का (जोन्हरी)।

[७३]

आधे हथिया मूरि मुराई॥
आधे हथिया सरसों राई॥

हस्त नक्षत्र के प्रारम्भ में मूली आदि और अंत में सरसों और राई आदि बोना चाहिये।

[७४]

अगहन जो कोउ बोवै जौवा।
होइ तो होइ नहिं खावै कौवा॥

अगहन में यदि कोई जौ बोवेगा, तो, पहले तो होगा ही नहीं। यदि होगा भी, तो कौवे खायँगे। क्योंकि फ़सल सबसे पीछे तैयार होगी और कौवे उसे खाने के लिये फ़ुरसत में रहेंगे।

[७५]

गेहूँ बाहें।
धान बिदाहें॥

गेहूँ का खेत कई बार जोतने से और धान का खेत बिदाहने (धान के उग आने पर फिर जोतवा देने से) पैदावार अच्छी होती है।

[७६]

सावन साँवाँ अगहन जवा।
जितना बोवै उतना लवा॥

सावन में साँवाँ और अगहन में जितना जौ बोया जायगा, उतना ही काटा जायगा। अर्थात् उपज कम होगी।

[७७]

चित्रा गेहूँ अद्रा धान।
न उनके गेरुई न इनके घाम॥

चित्रा में गेहूँ और आर्द्रा नक्षत्र में धान बोने से गेहूँ को गेरुई नहीं लगती और धान को धूप नहीं सताती।

[७८]

अद्रा धान पुनर्बसु पैया।
गया किसान जो बोवै चिरैया॥

आर्द्रा में धान बोना चाहिये। पुनर्वसु में बोने से केवल पैया (बिना चावल का धान) हाथ आयेगा। और पुष्य में बोने से कुछ न होगा।

[७९]

कचा खेत न जोतै कोई।
नाहीं बीज न अँकुरै कोई॥

गीला खेत न जोतना चाहिये; नहीं तो उसमें बीज नहीं जमेगा।

[८०]

सब कार हर तर।
जो खसम सीर पर॥

अगर मालिक स्वयं सीर का सब काम करे, तो खेती कुल पेशों से उत्तम है।

[८१]

जब बर्रे बरौठे आईं।
तब रबी की होय बोआई॥

जब बर्रे घर में उड़ती हुई आवे, तब रबी की बुआई होनी चाहिये।

[८२]

हस्त न बजरी चित्र न चना।
स्वाति न गोहूँ बिसाख न धना॥

हस्त में बाजरी, चित्रा में चना, स्वाती में गेहूँ और विशाखा में धान न बोना चाहिये।

[८३]

ऊगी हरनी फूली कास।
अब का बोये निगोड़े मास॥

हरिणी तारा उदय हो गया और कास में फूल आ गया। ऐ मूर्ख! अब तू ने उड़द क्यों बोया?

[८४]

मारूँ हरनी तोड़ूँ कास।
बोऊँ उर्द हथिया की आस॥

हरिणी तारा को मार डालूँगा, अर्थात् उसकी कुछ परवा नहीं; कास को तोड़ डालूँगा; मैं तो हथिया नक्षत्र की आशा से उड़द बो रहा हूँ।

[८५]

अगाई।
सो सवाई।

आगे बोनेवाला औरों से सवाया अन्न पाता है।

[८६]

कातिक बोवै अगहन भरै।
ताको हाकिम फिर का करै॥

जो कातिक में बोता है और अगहन में सींचता है। उसका हाकिम क्या कर सकता है ? अर्थात् वह लगान आसानी से दे सकता है।

[८७]

बोवै बजरा आये पुक्ख।
फिर मन कैसे पावै सुक्ख॥

पुष्य नक्षत्र आने पर बाजरा बोओगे, तो मन कैसे सुख पायेगा ?

[८८]

पुरवा में जिन रोपो भइया।
एक धान में सोलह पइया॥

हे भाई ! पूर्वा नक्षत्र में धान न रोपना; नहीं तो एक धान में सोलह पैया होंगी।

[८९]

अद्रा रेंड पुनरवस पाती।
लाग चिरैया दिया न बाती॥

धान आर्द्रा में बोया जायगा तो डंठल कड़े होंगे, पुनर्वसु में पत्तियं अधिक होंगी। चिरैया लगने पर बोया जायगा तो घर में अँधेरा ही रहेगा।

[९०]

बुध बृहस्पति दो भलो,
सुक्र न भले बखान।
रवि मगल बौनी करै,
द्वार न आनै धान॥

बोने के लिये बुध-बृहस्पति दो दिन अच्छे हैं। शुक्र अच्छा नहीं है रविवार और मंगलवार को बोने से अन्न लौट कर घर नहीं आता।

[९१]

नरसी गेहूँ सरसी जवा।
अति के बरसे चना बवा॥

गेहूँ को ज़रा खुश्क खेत में और जौ को तर खेत में बोना चाहिये। और यदि पाहुस पानी बरसे, तो चना बोना चाहिये।

[९२]

हरिन फलाँगन काकरी,
पैगे पैग कपास।
जाय कहो किसान से,
बोवै घनी उखार॥

हरिन की छलाँग-छलाँग पर ककड़ी, और एक-एक कदम पर कपास बोना चाहिये। किसान से जाकर कहो कि ऊख को घनी बोवे।

पाठान्तर—अस करि बोउ सनैया, सँचरै नाहिं बतास।

अर्थात्, सन को इतना घना बोना चाहिये कि इसमें हवा प्रवेश न कर सके।

[९३]

मक्का जोन्हरी औ बजरी।
इनको बोवै कुछ बिड़री॥

मक्का, ज्वार और बाजरे को कुछ बिड़र (छीदा) बोना चाहिये।

[९४]

घनी घनी जब सनई बोवै।
तब सुतरी की आसा होवै॥

सनई को घनी बोने से सुतली की आशा होगी।

[९५]

कदम कदम पर बाजरा,
मेढक कुदौनी ज्वार।
ऐसे बोवै जौ कोई,
घर घर भरै कोठार॥

एक-एक कदम पर बाजरा और मेढक की कुदान पर ज्वार जो कोई बोवे, तो घर-घर का कोठिला भर जाय।

[९६]

छीछी भली जौ चना,
छीछी भली कपास।
जिनकी छीछी ऊखड़ी,
उनकी छोड़ो आस॥

जौ और चना छीदे-छीदे अच्छे। कपास भी छीदी अच्छी। पर जिनकी ईख छीदी है, उनकी आशा छोड़ो।

[९७]

सन घना बन बेगरा,
मेढक फन्दे ज्वार।
पैर पैर पर बाजरा,
करै दरिद्रै पार॥

सन को घना, कपास को छीदा-छीदा, ज्वार को मेढक की कुदान पर और बाजरे को एक-एक कदम पर बोवे, तो दरिद्रता से पार हो जाय।

[९८]

कुड़हल भदई बोओ यार।
तब चिउरा की होय बहार॥

कुड़हल ज़मीन में भादों की फ़सल बोओ, तब चिउड़ा खाने को मिलेगा। अथवा धरती खोदकर भदई धान बोओ।

शब्दार्थ—कुड़हल=वह ज़मीन जो जेठ में धान बोने के लिये तैयार की जाती है। अथवा धरती खोदकर।

[९९]

बाड़ी मे बाड़ी करै,
करै ईख में ईख।
वे घर योंही जायँगे,
सुनै पराई सीख॥

जो कपास के खेत में कपास और ईख के खेत में ईख फिर बोता है। और पराई सीख सुनता है, उसका घर योंहीं नष्ट हो जायगा।

[१००]

माठी में साठी करै,
बाड़ी में बाड़ी।
ईख में जो धान बोवै,
फूँको वाकी दाढ़ी॥

जो साठी के खेत में फिर साठी बोता है; कपास के खेत में कपास और ईख के खेत में धान बोता है; उसकी दाढ़ी फूँक देनी चाहिए। अर्थात् फ़सल अच्छी न होगी।

पाठान्तर—सादी में साढ़ी=रबी में रबी।

[१०१]

बोओ गेहूँ काट कपास।
होवे न ढेला न होवे घास॥

कपास काटकर गेहूँ बोओ। पर उसमें ढेला और घास न होनी चाहिये।

[१०२]

थिड़रै जोत पुराने-बिया।
ताकी खेती छिया-बिया॥

जिस खेत में छीदी-छीदी जुताई हुई है और बीज भी पुराना है, उस खेत में कुछ न उत्पन्न होगा।

[१०३]

पूस न बोये।
पीस खाये॥

पौष में बोने से पीसकर खा लेना अच्छा है।

[१०४]

बुध बउनी।
सुक लउनी॥

बुध को बोना चाहिये और शुक्र को काटना।

[१०५]

दीवाली के बोये दिवालिया।

जो दिवाली को बोता है वह दिवालिया हो जाता है। अर्थात उसके खेत में कुछ नहीं पैदा होता।

[१०६]

गाजर गजी मूरी।
तीनों बोवै दूरी॥

गाजर, शकरकन्द और मूली को दूर-दूर बोना चाहिये।

[१०७]

अवर खेत जो जुट्टी खाय।
सड़ै बहुत तो बहुत मोटाय॥

कमज़ोर खेत में यदि नील का डंठल डाला जाय, तो वह जितना ही सड़ेगा, खेत उतना ही ज़ोरदार होगा।

[१०८]

भैंस जो जन्मे पँड़वा,
बहू जो जन्मे धी।
समै कुलच्छन जानिये,
कातिक बरसे मीं॥

भैंस यदि पँड़वा ब्याये, बहू के यदि कन्या पैदा हो और यदि कातिक में पानी बरसे, तो ये तीनों समय के कुलक्षण हैं।

[१०९]

रोहिनी खाट मृगसिरा छउनी।
अद्रा आये धान की बोउनी॥

रोहिणी नक्षत्र में खाट बुनकर और मृगशिरा में छप्पर छाकर किसान को खाली हो जाना चाहिये। ताकि आर्द्रा आने पर धान बोने के लिये वह खेत की तैयारी कर-सके।

[११०]

कन्या धान मीन जौ।
जहाँ चाहे तहाँ लौ॥

कन्या की संक्रान्ति आने पर धान और मीन की संक्रान्ति में जौ काटना चाहिये।

[१११]

दाना अरसी।
बोया सरसी॥

पोस्ता और अलसी को तर खेत में घनी बोना चाहिये।

[११२]

बोवत बनै तो बोइयो।
नहीं बरी बना कर खइयो॥

उड़द को यदि बोते बने तो बोना; नहीं तो बड़ी-बड़ा बनाकर खाना। व्यर्थ खेत में न फेंकना।

[११३]

पहिले काँकरि पीछे धान।
उसको कहिये पूर किसान॥

पूरा किसान वह है जो पहले ककड़ी बोता है, उसके बाद धान।

[११४]

जौ गेहूँ बोवै पाँच पसेर।
मटर के बीघा तीसै सेर॥
बोवै चना पसेरी तीन।
तिन सेर बीघा जोन्हरी कीन॥
दो सेर मोथी अरहर मास।
डेढ़ सेर बिगहा बीज कपास॥
पाँच पसेरी बिगहा धान।
तीन पसेरी जड़हन मान॥
सवा सेर बीघा साँवाँ मान।
तिल्ली सरसों अँगुरी जान॥
बर्रे कोदो सेर बोआओ।
डेढ़ सेर बीघा तीसी नाओ॥
डेढ़ सेर बजरा बजरी साँवाँ।
कोदौ काकुन सवैया बोवा॥
यहि विधि से जब बोवै किसान।
दूना लाभ की खेती जान॥

फ़ी बीघा पचीस सेर जौ-गेहूँ, मटर तीस सेर, चना पन्द्रह सेर, मक्का तीन सेर, अरहर, मोथी और उर्द दो सेर, कपास डेढ़ सेर, धान पचीस सेर, जड़हन पन्द्रह सेर, साँवाँ सवा सेर, तिल्ली और सरसों अंजलि भर, बर्रे और कोदों एक सेर, अलसी डेढ़ सेर, बजरा बजरी और साँवाँ डेढ़ सेर और कोदों, काकुन आधा सेर; इस हिसाब से जो किसान खेत बुवावेगा, वह दूना लाभ उठायेगा।

[११५]

चना चित्तरा चौगुना,
स्वाती गेहूँ होय॥

चित्रा में चना और स्वाती में गेहूँ बोने से चौगुनी पैदावार होती है।

[११६]

रोहिनि मृगसिर बोये मका।
उरद मडुवा दे नहिं टका॥
मृगसिर में जो बोये चना।
जमींदार को कुछ नहीं देना॥
बोये बाजरा आया पुख।
फिर मन मत भोगो सुख॥

मक्का, उड़द और मडुवा रोहिणी और मृगशिरा में बोने से अच्छी पैदावार नहीं होती। मृगशिरा में यदि चना बो दोगे तो ज़मींदार को देने भर के लिये भी पैदा न होगा। और पुष्य में यदि बाजरा बोओगे तो आराम से न रहोगे।

[११७]

या तो बोओ कपास औ ईख।
ना तो माँग के खाओ भीख॥

या तो कपास या ईख बोओ या भीख माँगकर खाओ।

[११८]

ईख तक खेती—हाथी तक बनिज।

ईख से बढ़कर कोई खेती नहीं, और हाथी के व्यापार से बड़ा कोई व्यापार नहीं।

[११९]

जो तू भूखा माल का।
तो ईख कर ले साल का॥

अगर तुझे बहुत धन चाहिये, तो उस ज़मीन में ईख बो, जो फागुन से फागुन तक तैयार की जाती है।

[१२०]

सभी किसानी हेठो।
अगहनिया पानी जेठी॥

अगहन में खेत सींचने से बढ़कर कोई किसानी नहीं।

[१२१]

धान, पान, उखेरा।
तीनों पानी के चेरा॥

धान, पान और ईख तीनों पानी के गुलाम हैं।

[१२२]

धान पान औ खीरा।
तीनों पानी के कीरा॥

धान, पान और खीरा तीनों पानी के जीव हैं।

[१२३]

उठके बजरा यों हँस बोले।
खाये बूढ़ जुवा हो जाय॥

बाजरा ने उठकर कहा कि मुझे यदि बुड्ढा खाय तो जवान हो जाय।

[१२४]

लाग बसन्त।
ऊख पकन्त॥

बसन्त लगा, अब ईख पक गई।

[१२५]

ऊख गोड़िके तुरत दबावै।
तो फिर ऊख बहुत सुख पावै॥

ईख गोड़ कर तुरन्त ही उसे दबा दे, तो ईख बहुत सुख पाती है।

[१२६]

रूँध बाँध पे फाग दिखाये।
सो किसान मेरे मन भाये॥

ईख कहती है कि होली से पहले जो किसान मुझे अच्छी तरह रूँध देता है। अर्थात् होली तक मैं उग आती हूँ, वह मुझे बहुत पसंद है। अथवा जो मुझे होली तक रूँधकर और बाँधकर रखता है, वह मुझे बहुत पसंद है।

[१२७]

खेती करै ऊख कपास।
घर करै व्यवहरिया पास॥

ईख और कपास की खेती करे और समय पड़ने पर धन उधार देनेवाले के पास बसे, तो सुख मिलता है।

[१२८]

ऊख सरवती दिवला धान।
इन्हें छाड़ि जनि बोओ आन॥

सरौती (एक प्रकार की पतली ईख) और देहुला (एक क़िस्म का धान) छोड़कर दूसरे क़िस्म की ईख और धान न बोवो।

नोट—सरौती ईख का गुड़ अच्छा होता है, और देहुला धान का चावल पुष्टिकारक होता है।

[१२९]

जो कपास को नाहीं गोडी।
उसके हाथ न आवै कौडी॥

जिसने कपास को नहीं गोड़ा, उसके हाथ कौड़ी भी न लगेगी।

[१३०]

कपास चुनाई ।
खेत खनाई ॥

कपास चुनने से और खेत खोदने से लाभदायक होता है ।

[१३१]

तरकारी है तरकारी ।
या मे पानी की अधिकारी ॥

तरकारी को तर रखना चाहिये । इसमें पानी की अधिकता चाहिये ।

[१३२]

हथिया में हाथ गोड चित्रा में फूल ।
चढ़त सेवाती झम्पा झूल ॥

हस्त नक्षत्र में जड़हन में डंठल निकलना शुरू होता है, चित्रा में फूल आ जाता है और स्वाती के प्रारम्भ में बालें लटक पड़ती हैं ।

[१३३]

साठी होवै साठवे दिन ।
जब पानी पावै आठवे दिन ॥

साठी (चावल) यदि आठवें दिन पानी पाता जाय, तो साठ दिन में तैयार हो जाता है ।

[१३४]

सावन भादों खेत निरावै ।
तब गृहस्थ बहुतै सुख पावै ॥

यदि किसान सावन और भादों में खेत निरावे, तो वह बहुत सुख पावेगा।

[१३५]

बाँध कुदारी खुरपी हाथ ।
लाठी हँसुवा राखै साथ ॥

फाटै घास औ खेत निरावै।
सो पूरा किसान कहावै॥

यही पूरा किसान है जो कुदाल और खुरपी हाथ में और लाठी और हँसुआ साथ में रक्खे; तथा घास काटता रहे और खेत निराता रहे।

[१३६]

काले फूल न पाया पानी।
धान मरा अध बीच जवानी॥

धान का फूल जब काला हो चला, तब उसे पानी न मिले, तो वह आधी जवानी ही में मर जायगा।

[१३७]

बिधि का लिखा न होई आन।
आधे चित्रा फूटै धान॥

चित्रा नक्षत्र के मध्य में धान फूटता है, यह ब्रह्मा का लिखा हुआ बदल नहीं सकता।

[१३८]

दो पत्ती क्यों न निराये।
अब बीनत क्यों पछिताये॥

जब कपास में दो पत्तियाँ निकलती थीं, तब तुमने खेत को निराया क्यों नहीं? अब कपास चुनते हुए क्यों पछताते हो?

[१३९]

ठाढ़ी खेती गाभिन गाय।
तब जानौं जब मुँह में जाय॥

खड़ी खेती और गाभिन गाय को तभी अपना समझना चाहिये, जब वह अपने काम आवे।

[१४०]

चैना जी का लेना।
सोलह पानी देना॥
बीस बीस के बच्छा हारे हारे बलम नगीना॥
हाथ में रोटी बगल में पैना॥
एक बयार बहे पुरवाई।
लेना है ना देना॥

चेनवा प्राण लेने वाला नाज है। सोलह पानी देना पड़ता है। बीस बीस मुट्ठी के बैल थक गये और हट्टे-कट्टे स्वामी भी थक गये। हाथ में रोटी और बगल में पैना दिन भर लिये रहते हैं। पर यदि एक दिन भी पूर्वा हवा बही, तो कुछ भी पैदावार न होगी।

[१४१]

मघा मारै पुरवा सँवारै।
उत्तरा भर खेत निहारै॥

मघा में यदि जड़हन बो दो, और पूर्वा में देख-भाल करो, तो उत्तरा में खेत को हरा-भरा देखोगे।

[१४२]

चार छावैं, छः निरावैं।
तीन खाट, दो बाट॥

छप्पर छाने के लिये चार आदमी चाहिये; निराने के लिये छः; खाट बुनने के लिये तीन और राह चलने के लिये दो चाहिये।

[१४३]

चना सींच पर जब हो आवै।
ताको पहिले तुरत खुँटावै॥

चना जब सिंचाई के लायक हो, तब सबसे पहले उसे तुरन्त खुँटाना चाहिये।

[१४४]

गेहूँ बाहे चना दलाये।
धान गाहें मक्की निराये॥
ऊख कसाये।

गेहूँ के खेत को बहुत बार जोतने से, चने को खोंटने से, धान को बार-बार पानी देने से, मक्के को निराने से और ईख को बोने के पहले से पानी में छोड़ रखने से लाभ होता है।

[१४५]

गेहूँ जौ जब पछुवाँ पावै।
तब जल्दी से दायाँ जावै॥

गेहूँ और जौ को जब पछुवाँ हवा मिलती है, तब उसका डंठल जल्दी टूटता है।

[१४६]

पछिवाँ हवा ओसावै जोई।
घाघ कहै घुन कबहुँ न होई॥

पछुवाँ हवा में यदि नाज ओसाया जाय, तो घाघ कहते हैं कि उनमें घुन कभी न लगेगा।

(१४७)

पहिले छावै तीन घरा।
सार भुसौला औ बड़हरा॥

बरसात के पहले पशुओं के रहने, भूसा के रखने और कंडे जमा करने के घर को छाना चाहिये।

(१४८)

दो दिन पछुवाँ छः पुरवाई।
गेहूँ जब को लेय दँवाई॥

ताके बाद ओसावै सोई।
भूसा दाना अलगै होई॥

पछुवाँ हवा में दो दिन में और पूर्वा में छः दिन में मड़ाई करने से दाना और भूसा अलग हो जाता है। इसके बाद जो कोई ओसायेगा, तब उसका भूसा और दाना अलग होगा।

[१४९]

चना अधपका जौ पका काटै।
गेहूँ वाली लटका काटै॥

चने को तब काटना चाहिये, जब वह आधा पका हो; जौ पूरा पक जाने पर और गेहूँ की बालें लटक आवें तब काटना चाहिये।

[१५०]

कामिनि गरभ औ खेती पकी।
ये दोनों हैं दुर्बल वदी॥

गर्भवती स्त्री और पकी हुई खेती, ये दोनों दुर्बल कही गई हैं।

[१५१]

खेती करै अधिया।
न बैल न वधिया॥

अपना खेत दूसरे किसान को, जिसके पास खेत न हो, उसे आधे लाभ-हानि पर देकर खेती करानी चाहिये। तब बैल रखने की ज़रूरत ही न पड़ेगी।

[१५२]

पाही जोतै तब घर जाय।
तेहि गिरहस्त भवानी खायँ॥

दूसरे गाँव में खेती करनेवाला खेत जोतकर फिर घर चला जाया करता है, उस किसान को भवानी खा जायँ तो अच्छा। अर्थात् पाही-कारत करनेवाले को पाही पर रहना अत्यन्त आवश्यक है।

[१५३]

जै दिन भादों बहै पछार।
तै दिन पूस में पड़ै तुसार॥

भादों के महीने में जितने दिन पछुवाँ हवा बहेगी, उतने दिन पौष में पाला पड़ेगा।

[१५४]

ऊख कनाई कांहे से।
स्वाती क पानी पाये से॥

ईख कना क्यों हो गई? स्वाती का पानी बरस जाने से।

शब्दार्थ—कना=ईख का एक रोग, जिससे डंठल के अंदर के रेशे लाल रंग के हो जाते हैं, और उतनी दूर का रस और मिठास कम हो जाता है।

[१५५]

जेकरे ऊखर लगै लोहाई।
तेहि पर आवै बडी तबाही॥

जिसके ईख में लोहाई लग जाती है, उस पर बड़ी तबाही आती है।

[१५६]

नीचे ओद ऊपर बदराई।
घाघ कहै गेरुई अब धाई॥

खेत गीला हो और आकाश में बादल हों, तो घाघ कहते हैं कि अब गेरुई (नाज का एक रोग है) दौड़ेगी।

[१५७]

फागुन मास बहै पुरवाई।
तब गेहूँ में गेरुई धाई॥

फागुन के महीने में यदि पूर्वी हवा बहे, तो गेहूँ में गेरुई लगेगी।

[१५८]

माघ पूस बहै पुरवाई।
तब सरसों का माहूँ खाई॥

माघ और पौष में यदि पूर्वा हवा बहे, तो सरसों को माहूँ (एक कीड़ा) खायगा।

[१५९]

बायु चलैगी दखिना।
माँड़ कहाँ से चखना॥

दक्खिन की हवा चलेगी, तो धान नहीं होगा। माँड़ कहाँ से खाओगे?

[१६०]

कुम्भे आवै मीने जाय।
पेड़ी लागै पालो खाय॥

फागुन के प्रारम्भ में गेहूँ में गेरुई रोग लगता है और चैत में चला जाता है। तने से शुरू होता है और पत्तियाँ खा जाता है।

[१६१]

गोहूँ गेरुई गाँधी धान।
बिना अन्न के मरा किसान॥

गेहूँ में गेरुई और धान में गाँधी रोग लग जाने से किसान पर बड़ी तबाही आती है।

पाठान्तर—गाँधी = धरका।

[१६२]

माघ में बादर लाल धरै।
तब जान्यो साँचो पथरा परै॥

माघ में यदि लाल रंग के बादल हों, तो जानना कि सचमुच पत्थर पड़ेगा।

[१६३]

चना में सरदी बहुत समाई।
ताको जान गधैला खाई॥

चने में यदि सरदी बहुत समा जायगी, तो उसमें गदहिला (एक कीड़ा) लग जायँगे।

[१६४]

जब वर्षा चित्रा में होय।
सगरो खेती जावै खोय॥

यदि चित्रा नक्षत्र में वर्षा हो, तो सारी खेती बरबाद जायगी।

[१६५]

मघा में मकर पुरवा डाँस।
उत्तरा मे भई सब की नास॥

मघा नक्षत्र में मकड़ा-मकड़ी और पूर्वा में डाँस पैदा होते हैं और उत्तरा में सब नष्ट हो जाते हैं।

[१६६]

साँवाँ साठी साठ दिना।
जब पानी बरसै रात दिना॥

यदि रात-दिन पानी बरसता रहे तो साँवाँ और साठी (धान) साठ दिन में तैयार हो जाते हैं।

[१६७]

मघा के बरसे माता के परसे।
भूखा न माँगे फिर कुछ हर से॥

मघा के बरसने से और माता के परोसने से ऐसी तृप्ति होती है कि भूखा आदमी फिर भगवान् से कुछ नहीं माँगता।

[१६८]

चढ़त जो बरसै चित्रा,
उतरत बरसै हस्त।
कितनौ राजा डाँड़ ले,
हारे नाहिँ गृहस्त॥

यदि चित्रा नक्षत्र चढ़ते समय बरसे और हस्त उतरते समय, तो इतनी अच्छी पैदावार होगी कि राजा कितना ही दंड ले, पर गृहस्थ नहीं हारेगा।

• पाठान्तर—सुखी रहे गिरहस्त।

[१६९]

मघा—भुम्मि अघा।

मघा पृथ्वी को अघा देता है।

[१७०]

चीत के बरसे तीन जायँ—
मोथी, मास, उखार।

चित्रा के बरसने से तीन फसलों की हानि है—मोथी, उर्द और ईख की।

[१७१]

जो बरसे पुनर्बस स्वाति।
चरखा चले न बोले ताँति॥

पुनर्वसु और स्वाती नक्षत्र के बरसने से कपास की खेती मारी जाती है। न चरखा चलता है और न रुई धुनी जाती है।

[१७२]

चटका मघा पटकि गा ऊसर।
दूध भात में परिगा मूसर॥

[१६३]

चना में सरदी बहुत समाई।
ताको जान गदैला खाई॥

चने में यदि सरदी बहुत समा जायगी, तो उसमें गदहिला (एक कीड़ा) लग जायँगे।

[१६४]

जब वर्षा चित्रा में होय।
सगरो खेती जावै खोय॥

यदि चित्रा नक्षत्र में वर्षा हो, तो सारी खेती बरबाद जायगी।

[१६५]

मघा में मकर पुरवा डाँस।
उत्तरा में भई सब की नास॥

मघा नक्षत्र में मकड़ा-मकड़ी और पूर्वा में डाँस पैदा होते हैं और उत्तरा में सब नष्ट हो जाते हैं।

[१६६]

साँवाँ साठी साठ दिना।
जब पानी बरसै रात दिना॥

यदि रात-दिन पानी बरसता रहे तो साँवाँ और साठी (धान) साठ दिन में तैयार हो जाते हैं।

[१६७]

मघा के बरसे माता के परसे।
भूखा न माँगे फिर कुछ हर से॥

मघा के बरसने से और माता के परोसने से ऐसी तृप्ति होती है कि भूखा आदमी फिर भगवान् से कुछ नहीं माँगता।

[१६८]

चढ़त जो बरसै चित्रा,
उतरत बरसै हस्त।
कितनौ राजा डाँड़ ले,
हारे नाहिँ गृहस्त॥

यदि चित्रा नक्षत्र चढ़ते समय बरसे और हस्त उतरते समय, तो इतनी अच्छी पैदावार होगी कि राजा कितना ही दंड ले, पर गृहस्थ नहीं हारेगा।

• पाठान्तर—सुखी रहे गिरहस्त।

[१६९]

मघा—भुम्मि अघा।

मघा पृथ्वी को अघा देता है।

[१७०]

चीत के बरसे तीन जायँ—
मोथी, मास, उखार।

चित्रा के बरसने से तीन फसलों की हानि है—मेथी, उर्द और ईख की।

[१७१]

जो बरसे पुनर्बस स्वाति।
चरखा चले न बोले ताँति॥

पुनर्वसु और स्वाती नक्षत्र के बरसने से कपास की खेती मारी जाती है। न चरखा चलता है और न रुई धुनी जाती है।

[१७२]

चटका मघा पटकि गा ऊसर।
दूध भात में परिगा मूसर॥

मघा में यदि पानी न बरसे, तो ऊमर भी सूख जायगा। घास न होने से न दूध मिलेगा और पानी न होने से न चावल।

[१७३]

माघ मास जो परै न सीत।
महँगा नाज जानियो मीत॥

माघ के महीने में यदि सरदी न पड़े तो यह समझ लेना चाहिये कि अन्न महँगा होगा।

[१७४]

माघ पूस जो दखिना चलै।
तौ सावन के लच्छन भलै॥

यदि माघ और पौष में दक्षिण की हवा चले तो सावन के लक्षण अच्छे समझने चाहिये।

[१७५]

ऊख करै सब कोई।
जो बीच में जेठ न होई॥

यदि बीच में जेठ जैसा गरमी का महीना न हो, तो ईख की खेती सभी कोई करना चाहेगा।

[१७६]

जो कहुँ मग्घा बरसै जल।
सब नाजों में होगा फल॥

यदि कहीं मघा में जल बरसे, तो सब अन्नों में फल लगेगा।

[१७७]

हथिया बरसे चित्रा मँडराय।
घर बैठे किसान रिरियाय॥

हस्त नक्षत्र बरस रहा है, चित्रा मँडला रहा है अर्थात् बरसने वाला है। किसान खुश होकर घर में बैठा गीत गा रहा है।

[१७८]

हथिया पूछ डोलावै।
घर बैठे गोहूँ आवै॥

हस्त नक्षत्र चलते-चलाते भी यदि बरस जाय तो गेहूँ की उपज बिना परिश्रम के बढ़ जायगी।

[१७९]

सावन सूखा स्यारी।
भादों सूखा उन्हारी॥

सावन में पानी न बरसे, तो ख़रीफ़ की फसल को हानि पहुँचती है और भादों में पानी न बरसे, तो रबी को नुक़्सान पहुँचता है।

[१८०]

पानी बरसे आधे पूस।
आधा गोहूँ आधा भूस॥

आधे पौष में यदि पानी बरसे, तो आधा गेहूँ होगा आधा भूसा। अर्थात् फ़सल अच्छी होगी।

[१८१]

आवत आदर ना दियो,
जात न दीनों हस्त।
ये दोऊ पछतायँगे,
पाहुन और गृहस्त॥

आर्द्रा नक्षत्र प्रारम्भ में और हस्त अन्त में न बरसे, तो गृहस्थ पछतायगा और यदि अतिथि को आते ही सम्मान नहीं दिया और विदा होते समय कुछ धन हाथ में नहीं दिया, तो वह अतिथि पछतायगा।

मघा में यदि पानी न बरसे, तो ऊमर भी सूख जायगा। घास न होने से न दूध मिलेगा और पानी न होने से न चावल।

[१७३]

माघ मास जो परै न सीत।
महँगा नाज जानियो मीत॥

माघ के महीने में यदि सरदी न पड़े तो यह समझ लेना चाहिये कि अन्न महँगा होगा।

[१७४]

माघ पूस जो दखिना चलै।
तौ सावन के लच्छन भलै॥

यदि माघ और पौष में दक्षिण की हवा चले तो सावन के लक्षण अच्छे समझने चाहिये।

[१७५]

ऊख करै सब कोई।
जो बीच में जेठ न होई॥

यदि बीच में जेठ जैसा गरमी का महीना न हो, तो ईख की खेती सभी कोई करना चाहेगा।

[१७६]

जो कहुँ मग्घा बरसै जल।
सब नाजों में होगा फल॥

यदि कहीं मघा में जल बरसे, तो सब अन्नों में फल लगेगा।

[१७७]

हथिया बरसे चित्रा मँडराय।
घर बैठे किसान रिरियाय॥

हस्त नक्षत्र बरस रहा है, चित्रा गँडला रहा है अर्थात् बरसने वाला है। किसान खुश होकर घर में बैठा गीत गा रहा है।

[१७८]

हथिया पूछ डोलावै।
घर बैठे गोहूँ आवै॥

हस्त नक्षत्र चलते-चलाते भी यदि बरस जाय तो गेहूँ की उपज बिना परिश्रम के बढ़ जायगी।

[१७९]

सावन सूखा स्यारी।
भादों सूखा उन्हारी॥

सावन में पानी न बरसे, तो खरीफ़ की फसल को हानि पहुँचती है और भादों में पानी न बरसे, तो रबी को नुक़सान पहुँचता है।

[१८०]

पानी बरसै आधे पूस।
आधा गोहूँ आधा भूस॥

आधे पौष में यदि पानी बरसे, तो आधा गेहूँ होगा आधा भूसा। अर्थात् फ़सल अच्छी होगी।

[१८१]

आवत आदर ना दियो,
जात न दीनों हस्त।
ये दोऊ पछतायँगे,
पाहुन और गृहस्त॥

आर्द्रा नक्षत्र प्रारम्भ में और हस्त अन्त में न बरसे, तो गृहस्थ पछतायगा और यदि अतिथि को आते ही सम्मान नहीं दिया और विदा होते समय कुछ धन हाथ में नहीं दिया, तो वह अतिथि पछतायगा।

[१८२]

हस्त बरसे तीन होय,
सालो सक्कर मास।
हस्त बरसे तीन जायँ,
तिल कोदो कपास ॥

हस्त के बरसने से धान, ईख और उदद की पैदावार अच्छी होती है। लेकिन तिल, कोदो और कपास मारी जाती है।

[१८३]

यक पानी जो बरसै स्वाती।
कुरमिन पहिरैं सोने क पाती ॥

स्वाती नक्षत्र यदि एक बार भी बरस जाय, तो इतनी अच्छी पैदावार हो कि कुरमिन भी सोने का गहना पहने।

[१८४]

जब बरसेगा उत्तरा।
नाज न खावै कुत्तरा ॥

उत्तरा बरसेगा तो पैदावार ऐसी अच्छी होगी कि कुत्ते भी अन्न से ऊब जायँगे।

[१८५]

पुक्ख पुनरबस भरे न ताल।
फिर बरसेगा लौटि असाढ़ ॥

पुष्य और पुनर्वसु नक्षत्रों में यदि ताल न भरा, तो अगले आषाढ़ में भरेगा।

[१८६]

दिन में गरमी रात में ओस।
कहैं घाघ बर्षा सौ कोस ॥

यदि दिन में गरमी पड़े और रात में ओस पड़े, तो घाघ कहते हैं कि वर्षा बड़ी दूर है।

[१८७]

लगे अगस्त फुले वन कासा।
अब छोड़ो बरखा की आसा॥

अगस्त तारा उदय हुआ और वन में कास फूल आई। अब वर्षा की आशा छोड़ो।

तुलसीदास—उदित अगस्त पंथ जल सोखा।

[१८८]

एक बूँद जो चैत में परै।
सहस बूँद सावन में हरै॥

चैत में यदि एक बूँद भी पानी बरस जाय, तो वह सावन में हज़ार बूँद हरण कर लेगा। अर्थात चैत्र में बरसने से सावन में सूखा पड़ेगा।

[१८९]

तपै मृगसिरा जोय।
तो बरखा पूरन होय॥

यदि मृगशिरा अच्छी तरह तपे, तो पूरी वर्षा होगी।

[१९०]

जब बहै हड़हवा कोन।
तब बनजारा लादै नोन॥

जब पच्छिम-दक्षिण के कोने की हवा बहती है, तब बनजारे को नमक लादना चाहिये। अर्थात् पानी न बरसेगा, नमक के गलने का डर नहीं।

[१९१]

बोलौ लोखरि फूली कास।
अब नाहीं बरखा कै आस॥

ओंगरी बोलने लगी और आग में फूल आ गये, अब वर्षा की आशा नहीं।

पाठान्तर—बोली गोह फुली घन आग।

[१९२]

दूर गुडुगा दूर पानी।
नीयर गुडुगा नीयर पानी॥

यदि टीवा (एक कीड़ा) पेड़ पर ऊँचे चढ़कर बोले, तो वर्षा की आशा दूर समझनी चाहिये और यदि नीचे बोले, तो वर्षा अति निकट समझी जाती है।

[१९३]

जेठ मास जो तपै निरासा।
तो जानो बरखा की आसा॥

जेठ के महीने में जो अच्छी तरह गरमी पड़े, तो वर्षा की आशा है।

[१९४]

करिया बादर जी डरवावै।
भूरे बदरे पानी आवै॥

काला बादल केवल डरावना होता है; पर भूरे रंग के बादल से पानी बरसता है।

[१९५]

दिन का बादर।
सूम का आदर॥

दिन का बादल और सूम का आदर दोनों निष्फल होते हैं।

[१९६]

धनुष पड़ै बंगाली।
मेह साँझ या सकाली॥

यदि बङ्गाल की तरफ़ इन्द्रधनुष निकले, तब वर्षा बहुत निकट समझनी चाहिये। या तो शाम को आयेगी, या सबेरे।

[१९७]

सब दिन बरसै दखिना बाय।
कभी न बरसै बरखा पाय॥

दक्षिण से चलनेवाली हवा सब दिनों में पानी बरसाती है, पर वर्षाकाल में नहीं।

[१९८]

पूरब के बादर पच्छिम जायँ।
पतली पकावै मोटी पकाय॥
पछुवाँ बादर पुरब क जायँ।
मोटी पकावै पतली पकाय॥

पूरब के बादल यदि पश्चिम को जायँ, तो यदि पतली रोटी पकाते हो तो मोटी पकाओ। क्योंकि पानी बरसेगा और खर्च होगा।

यदि पश्चिम के बादल पूरब को जायँ, तो यदि मोटी पकाते हो, तो पतली पकाओ। क्योंकि पानी नहीं बरसेगा। इसलिये किफ़ायत से खाओ।

[१९९]

डोकी बोलें जाय अकास।
अब नाहीं बरखा कै आस॥

बनमुर्गी यदि आकाश में उड़कर बोलें, तो वर्षा की आशा नहीं।

[२००]

लाल पियर जब होय अकास।
तब नाहीं बरखा कै आस॥

वर्षाकाल में यदि आकाश लाल-पीला हो जाय, तो वर्षा की आशा न करनी चाहिये।

[२०१]

पुष्य पुनर्वस भरे न ताल।
तो फिर भरिहैं अगली साल॥

यदि पुष्य और पुनर्वसु में ताल न भरा, तो अगली साल भरेगा।

[२०२]

रात दिना घमछाहीं।
घाघ कहैं बरखा अब नाहीं॥

कभी घाम हो, कभी बदली, तो घाघ कहते हैं कि अब वर्षा नहीं है।

[२०३]

रात निबद्दर दिन को घटा।
घाघ कहैं ये बरखा हटा॥

रात को आकाश खुला रहे और दिन में घटा घिरी रहे, तो घाघ कहते हैं कि वर्षा गई।

[२०४]

दिन का बद्दर रात निबद्दर।
बहै पुरवैया झब्बर झब्बर॥
घाघ कहैं कुछ होनी होई।
कुँआ के पानी धोबी धोई॥

दिन को बादल हों, रात को बादल न रहें और पूर्वा हवा रुक-रुक कर बहे; तो घाघ कहते हैं कि कुछ बुरा होनहार है। जान पड़ता है, सूखा पड़ेगा, और धोबी कुएँ के पानी से कपड़े धोयेगा।

[२०५]

पूरब धनुहीं पच्छिम भान।
घाघ कहैं बरखा नियरान॥

सन्ध्या समय यदि पूर्व में इन्द्रधनुष निकले, तो घाघ कहते हैं कि वर्षा निकट है।

[२०६]

वायू में जब वायु समाय।
कहैं घाघ जल कहाँ समाय॥

यदि एक ही समय आमने-सामने की दो हवा चले, तो घाघ कहते हैं कि पानी कहाँ समायगा? अर्थात् बड़ी वृष्टि होगी।

[२०७]

उत्तर चमकै बीजली,
पूरब बहनो बाउ।
घाघ कहैं भड्डर से,
बरधा भीतर लाउ॥

पूरब की हवा चल रही हो और उत्तर की ओर बिजली चमक रही हो, तो घाघ भड्डर से कहते हैं कि बैलों को छप्पर के नीचे लाओ। अर्थात् पानी जल्दी ही बरसेगा।

[२०८]

सावन मास बहै पुरवाई।
बरदा बेंचि लिहा धेनु गाई॥

सावन में यदि पूर्वा हवा बहे, तो बैल बेंचकर गाय ले लेना। क्योंकि वर्षा न होगी और अकाल पड़ेगा।

[२०९]

जेठ में जरै माघ में ठरै।
तब जीभी पर रोड़ा परै॥

जेठ की धूप में जलने से और माघ की सरदी में ठिठुरने से ईख की खेती होती है और तब किसान की जीभ पर गुड़ का रोड़ा पड़ता है।

[२१०]

धान गिरै सुभागे का।
गेहूँ गिरै अभागे का॥

धान भाग्यवान् का गिरता है और गेहूँ अभागे का।

[२११]

मंगलवारी होय दिवारी।
हँसैं किसान रोवैं बैपारी॥

यदि दीवाली मंगल को पड़े, तो किसान हँसेगा और व्यापारी रोवेगा।

[२१२]

ऊँचे चढ़िके बोला मँडुवा।
सब नाजों का मैं हूँ भँडुवा॥
आठ दिना मुझको जो खाय।
भले मर्द से उठा न जाय॥

मड़ुवा ऊँचे खड़े होकर बोला—मैं सब अन्नों में भँड़ुवा हूँ। मुझे यदि कोई आठ दिन भी खाय, तो वह कैसा ही मर्द हो, इतना निर्बल हो जायगा कि उससे उठा नहीं जायगा।

[२१३]

जौ तेरे कुनबा घना।
तो क्यों न बोये चना॥

तुम्हारे परिवार में यदि अधिक प्राणी हैं, तो तुमने चना क्यों नहीं बोया ?

[२१४]

मकड़ी घासा पूरा जाला।
बीज चने का भरि भरि डाला॥

जब मकड़ी घास पर जाला तनने लगे, तब चने का बीज बोना चाहिये।

[२१५]

उर्द मोथी की खेती करिहौ।
कुँड़िया तोर उसर में धरिहौ॥

उर्द और मोथी की खेती करोगे तो कूँडा (मिट्टी का घड़ा, जिसमें किसान लोग अन्न रखते हैं) या कुरिया (खेत की रखवाली के लिये फूस का छोटा-सा छप्पर) तोड़कर तुमको ऊसर में रखना पड़ेगा। क्योंकि उर्द और मोथी की खेती उसरीली ज़मीन में अधिक होती है। अथवा उर्द और मोथी के भरोसे रहोगे, तो तुमको अपना कूँडा फोड़कर फेंकना पड़ेगा।

[२१६]

जहँवा देखिहा लोह् चैलिया।
तहँवा दीहा खोलि थैलिया॥

जहाँ लाल रंग का बैल देखना, वहाँ जल्दी थैली खोल देना। अर्थात् उसे जल्द ख़रीद लेना।

[२१७]

बैल मुसरहा जो कोइ ले।
राजभंग पल मे कर दे॥
त्रिया बाल सब कुछ छुट जाय।
भीख माँगि के घर घर खाय॥

जो किसान मुसरहा बैल (जिसकी पूँछ के बीच में दूसरे रंग के बालों का गुच्छा हो, जैसे काले में सफ़ेद, सफ़ेद मे काला, अथवा ढील लटका हुआ) ख़रीदता है, उसका जल्दी ही सब ठाट-बाट नष्ट हो जाता है। स्त्री, पुत्र सब छूट जाते हैं और वह घर-घर भीख माँगकर खाता है।

[२१८]

मत कोइ लीजौ मुसरहा वाहन।
खसम मारि के डालै पायन॥

मुसरदा बैल कोई मत खरीदना। यह ऐसा मनहूस होता है कि मालिक को मारकर बैरीं सरे माल लेता है।

[२१९]

है उत्तम खेती याकी।
होय मेवाती गोयी जाकी॥

जिस किसान के बैल मेवाती नस्ल के हों, उसकी खेती उत्तम कही जायगी।

[२२०]

समथर जोते पूत चरावै।
लगते जेठ भुसौला छावै॥
भादों मास उठे जो गरदा।
बीस बरस तक जोतो बरदा॥

यदि बैल को समतल खेत में जोते; किसान का बेटा उसे चरावे; जेठ लगते ही भूसा रखने का घर छा दे और बैल के बैठने की जगह ऐसी सूखी रक्खे कि भादों में वहाँ धूल उड़े, तो बीस बरस तक बैल जोता जा सकता है।

[२२१]

ना मोहिँ नाधो उलिया कुलिया,
ना मोहिँ नाधो दायें।
बीस बरस तक करौं बरदई,
जो ना मिलिहैं गायें॥

बैल कहता है—अगर मुझे छोटे-छोटे खेतों में न जोतोगे, न दाहिने जोतोगे, और मैं गाय से मिलने न पाऊँगा, तो बीस वर्ष तक पूरा काम दूँगा।

[२२२]

बड़सिंगा जनि लीजौ मोल।
कुएँ में डारो रुपिया खोल॥

मड़ी सींग वाला बैल न खरीदना, चाहे रुपया गोलकर कुँए में डाल देना।

[२२३]

पतली पेंडुली मोटी रान।
पूँछ होय भुइँ में तरियान॥
जाके होवै ऐसी गोई।
वाको तकैं और सब कोई॥

जिस बैल की पेंडुली पतली हो, रान मोटी हो और पूछ ज़मीन तक पहुँची हुई हो, वैसा बैल जिस किसान के पास होगा, उसकी ओर सब की दृष्टि जायगी।

[२२४]

करिया काछो धौंरा बान।
इन्हैं छाँडि जनि बेसह्यो आन॥

काली कच्छ (पूँछ के नीचे का भाग) और सफेद रङ्ग वाले बैल को छोड़कर दूसरा मत खरीदना।

[२२५]

कार कछौटी सुनरे बान।
इन्हैं छाँडि जनि बेसह्यो आन॥

काली कच्छ और सुन्दर रूप-रंग वाले बैल को छोड़कर दूसरा न खरीदना।

[२२६]

जोतै क पुरबी लादै क दमोय।
हेंगा क काम दे जो देवहा होय॥

पूर्बी नस्ल का बैल जुताई के लिये, दमोय नस्ल का बैल लादने के लिये और देवहा नस्ल का बैल हेंगा के लिये अच्छा होता है।

[२२७]

सींग मुड़े माथा उठा,
मुँह का होवे गोल।
रोम नरम चंचल करन,
तेज बैल अनमोल॥

जिस बैल के सींग मुड़े (छोटे) हों, माथा उठा हुआ हो, मुँह गोल हो, रोएँ मुलायम हों और कान चंचल हों, वह बैल चलने में तेज़ और अनमोल होगा।

[२२८]

मुँह का मोट माथ का महुआ।
इन्हें देखि जनि भूल्यो रहुआ॥
धरती नहीं हराई जोतै।
बैठ मेंड़ पर पागुर करै॥

जो बैल मुँह का मोटा होता है, और माथा जिसका पीला होता है, उसे देखकर सावधान हो जाना। यह एक हराई भी खेत नहीं जोतता। मेंड़ पर बैठा हुआ पागुर करता रहता है।

[२२९]

अमहा जबहा जोतहु जाय।
भीख माँगि के जाहु बिलाय॥

अमहा और जबहा नस्ल वाले बैलों को जोतोगे, तो भीख माँगनी पड़ेगी और अंत में तबाह हो जाओगे।

[२३०]

जहाँ परै फुलवा की लार।
झाड़ लैके बुहारो सार॥

फुलवा नस्ल के बैल की लार जहाँ पड़े, उस जगह को झाड़ू से बुहार देना चाहिये।

[२३१]

कान क छोटा भवरे कान।
इन्हें छाड़ि जनि। लीजौ आन॥

काले कच्छ और भवरे कान वाले बैल को छोड़कर दूसरा न लेना।

[२३२]

निटिया वरद छोटिया हारी।
दूब कहै मोर काह उखारी॥

निटिया—जिसकी पूँछ गरेरी हो अथवा नाटा—छोटा बैल और नन्हे हलवाले को देखकर दूब कहती है कि ये मेरा क्या उखाड़ लेंगे?

[२३३]

बेल लीजै कजरा।
दाम दीजै अगरा॥

काली आँखों वाला बैल मिले तो पेशगी दाम देकर ले लेना चाहिये।

[२३४]

लम्बे लम्बे कान।
और ढीला मुतान॥
छोड़ो छोड़ो किसान।
न तो जात हैं प्रान॥

जिस बैल के कान लम्बे हों और पेशाब की इन्द्रिय झूलती हुई हो, हे किसान! उसे जल्दी से दूर करो। नहीं तो तुम्हारे प्राण चले जायँगे।

[२३५]

बैल बेसाहन जाओ कन्ता।
भूरे का मत देखो दन्ता॥

हे स्वामी! बैल खरीदने जाना, तो भूरे बैल का दाँत न देखना। अर्थात् उसे न खरीदना।

[२३६]

सात दाँत उदन्त को
रंग जो काला होय।
इसको कबहुँ न लीजिये
दाम चहै जो होय॥

उदन्त बैल सात दाँत का हो और उसका रङ्ग काला हो, तो उसे कभी मत खरीदना, चाहे जो दाम हो।

[२३७]

हिरन मुतान औ पतली पूँछ।
बैल बेसाहो कंत बे पूँछ॥

जो हिरन की तरह मूतता हो और जिसकी पूँछ पतली हो; वैसे बैल को बिना पूँछे ले लेना।

[२३८]

घरद बेसाहन जाओ कन्ता।
कबरा का जनि देखो दन्ता॥

हे स्वामी! बैल खरीदने जाना, तो चितकबरे बैल का दाँत न देखना।
पाठान्तर=कुबरा।

[२३९]

खोंची देखै ओहि पार।
थैली खोलै यहि पार॥

आगे मुड़ी हुई सींगों वाला बैल नदी के उस पार भी दिखाई पड़े, तो उसे खरीदने के लिये इसी पार से थैली खोल लेनी चाहिये।

[२४०]

स्वेत रंग औ पीठ वरारी।
ताहि देखि जनि भूल्यो लारी॥

सफ़ेद रंग का और जिसकी पीठ की रीढ़ दबी हुई हो, ऐसा बैल देखना तो लेने में मत चूकना।

[२४१]

छद्दर कहै मैं आऊँ जाऊँ।
सद्दर कहै गुसैयें खाऊँ॥
नौदर कहै मैं नौ दिस धाऊँ।
हित कुटुम्ब उपरोहित खाऊँ॥

जिस बैल के छः ही दाँत होते हैं, वह कहता है कि मैं तो कहीं ठहरता ही नहीं। सात दाँतों वाला कहता है कि मैं तो मालिक ही को खा जाता हूँ। नौ दाँतों वाला कहता है कि मैं नवो दिशाओं में दौड़ता हूँ और किसान के मित्र, कुटुम्बी और पुरोहित को भी खा जाता हूँ।

[२४२]

सौंख कहै देख मोर कला।
बे मेहरी का करौं घरा॥

सौंख (बैल के माथे पर का एक निशान) कहती है कि मेरी कला देखो, मैं किसान का घर बिना स्त्री का कर दूँगी।

[२४३]

छोट सींग औ छोटी पूँछ।
ऐसे को ले लो बे पूँछ॥

जिस बैल की सींगें और पूँछ छोटी हों, उसे बिना पूछे ले लेना चाहिये।

[२४४]

वह किसान है पातर।
जो बरदा राखै गादर॥

वह निर्बल किसान है, जिसके पास गादर बैल है।

[२४५]

उदन्त धरदे उदन्त ब्यायें।
आप जायँ या खसमै खायें॥

जो गाय उदन्त (जिसके दूध के दाँत न गिर चुके हों) अवस्था में साँड़ से जोड़ा खाय और उदन्त ही बच्चा दे, वह या तो स्वयं मर जाती है, या मालिक को मार लेती है।

[२४६]

भैंस कन्देलिया पिय लाये।
माँगे दूध कहाँ से आये॥

कन्देलिया नस्ल की भैंस स्वामी लाये हैं। भला, अब दूध कहाँ मिले ? अर्थात् कन्देलिया भैंस दूध कम देती है।

[२४७]

नासू करै राज का नास।

नासू बैल (जिसकी आधी पसली और पसलियों से कम हो) ऐसा मनहूस होता है कि राज का नाश कर देता है।

[२४८]

बाँसड औ मुँह धौरा।
उन्हे देखि चरवाहा रौरा॥

उभरी हुई रीढ़ वाला और सफ़ेद मुँह वाला बैल देखकर चरवाहा चिल्ला उठता है। क्योंकि यह बहुत सुस्त होता है।

[२४९]

नीला कंधा बैंगन खुरा।
कबहूँ न निकले कता बुरा॥

हे स्वामी ! जिस बैल का कन्धा नीले रंग का हो और खुर बैंगनी रंग का, वह कभी बुरा नहीं निकलता।

[२५०]

छोटा मुँह ऐंठा कान।
यही बैल की है पहचान॥

छोटा मुँह और ऐंठे हुए कान अच्छे बैल की पहचान है।

[२५१]

मियनी बैल बडो बलवान।
तनिक में करिहै ठाढ़े कान॥

मियनी नस्ल का बैल बड़ा बलवान होता है। क्षण भर में यह कान खड़ा कर लेता है।

[२५२]

सींग गिरैला बरद के,
औ मनई का कोढ़।
ये नीके ना होयँगे,
चाहे बद लो होड॥

बैल का गिरा हुआ सींग और आदमी का कोढ़, ये कभी अच्छे नहीं होते, चाहे शर्त लगा लो।

[२५३]

बैल तरकना टूटी नाव।
ये काहू दिन देहैं दाँव॥

चमकने वाला बैल और टूटी हुई नाव, ये कभी धोखा देंगे।

[२५४]

बैल चमकना जोत में,
औ चमकीली नार।
ये बैरी हैं जान के,
लाज रखैं करतार॥

जोतते वक्त चमकने वाला बैल और चटकीली-मटकीली स्त्री, ये दोनों माया के शत्रु हैं। इनसे भगवान् ही लज्जा रक्खें तो रहे।

[२५५]

पूँछ झंपा औ छोटे कान।
ऐसे बरद मेहनती जान॥

गुच्छेदार पूँछ और छोटे कान वाले बैल को मेहनती समझो।

[२५६]

उजर बरौनी मुँह का महुआ।
ताहि देखि हरवाहा रोवा॥

जिस बैल की बरौनी सफ़ेद हो और मुँह पीले रंग का हो, उसे देख कर हलवाहा रो देता है। क्योंकि उस क़िस्म का बैल सुस्त होता है।

[२५७]

जब देखो पिय सपति थोड़ी।
बेसहो गाय बिआउरि घोड़ी॥

हे स्वामी! जब देखना कि सम्पत्ति कम है, तब बच्चा देनेवाली गाय और घोड़ी ख़रीद लेना।

[२५८]

अगहन में ना दी थी कोर।
तेरे बैल क्या ले गये चोर॥

अगहन में तुमने ऊख के खेत को नहीं जोता, क्या तेरे बैलों को चोर ले गये थे?

[२५९]

मर्द निकौनी बरदै दायें।
दुबरी चलने में दुख पायें॥

मर्द को निराई करने में और बैल को हल में दाहिनी ओर जुतकर चलने में अथवा दवँरी चलने में और दुबला व्यक्ति या गर्भिणी राह चलने में दुःख पाते हैं।

[२६०]

बरद बिसाहन जाओ कंता।
खैरा का जनि देखो दंता॥
जहाँ परै खैरे की खुरी।
तो कर डारै चापर पुरी॥
जहाँ परै खैरा की लार।
बढ़नी लेके बुहारो सार॥

हे स्वामी! बैल खरीदने जाना तो कत्थई रंग के बैल का दाँत न देखना, अर्थात् न खरीदना। क्योंकि वह ऐसा मनहूस होता है कि, जहाँ उसके पैर पड़ते हैं, वहाँ तबाही आती है। बैल बाँधने की जगह में जहाँ उसके मुँह की लार पड़े, उस जगह को जल्दी ही झाड़ू से बुहार कर साफ़ कर देना चाहिये।

[२६१]

भैंसा बरद की खेती करै,
करजा काढ़ि बिरानो खाय।
बधिया ऐंचत है बहरी को,
भैंसा श्रोहरी को लै जाय॥

भैंसा और बैल को एक हल में जोतकर खेती करने से तो दूसरे से कर्ज़ लेकर खाना अच्छा है। बैल भटियार ज़मीन की तरफ खींचता है, भैंसा दलदल की ओर ले जाता है।

[२६२]

एक समय बिधिना का खेल।
रहा उसर मैं चरत अकेल॥
एक बटोही हुर हुर कहा।
ठाढ़े गिरा होस ना रहा॥

एक गादर बैल कहता है—गंगा की लीला तो देखो, एक बार मैं ऊगर में अकेला चर रहा था। एक यात्री ने स्नान करते समय 'हर हर' किया। मैं हल समझकर ऐसा गिरा कि होश न रहा!

[२६३]

जहाँ देखिहो रूपा धँवर।
सुका चार धरु दीहुअ अवर॥

जहाँ सफेद रंग का बैल देखना, उसके लिये कुछ अधिक दाम भी देना पड़े, तो देकर ले लेना।

शब्दार्थ—सुका = चार आना।

[२६४]

डग डग डोलत फरका पेलन,
कहाँ चले तुम बाँड़ा।
पहिले खावह रान परोसी,
गोसैयाँ कब छाँड़ा॥

किसी ने बैल से पूछा—हे कटी हुई पूँछ वाले बाँड़े, डगमगाते हुए डोलने वाले और इतनी बड़ी सींगों वाले जिनसे छप्पर ढकेला जा सके, बैल! तुम कहाँ चले?

बैल ने कहा—मैं अड़ोस-पड़ोसी को पहले ही खाऊँगा, मालिक को तो मैंने कभी छोड़ा ही नहीं।

[२६५]

नाटा खोटा बेंचि के,
चारि धुरंधर लेहु।
आपन काम निकारि के,
औरहु मँगनी देहु॥

छोटे-मोटे बैलों को बेंचकर चार बड़े-बड़े बैल लो। उनसे अपना भी काम निकालोगे और दूसरों को भी उधार दे सकोगे।

[२६६]

एक पाख दो गहना।
राजा मरै कि सहना॥

एक पक्ष में यदि दो ग्रहण लगें, तो राजा और बादशाह में से कोई एक मरेगा।

[२६७]

जहँ देखो पत्वा की डोर।
तहवाँ दीजै थैली छोर॥

जहाँ पीले रंग का बैल दिखाई पड़े, उसे तत्काल खरीद लेना।

[२६८]

खेत बे पानी बूढ़ा बैल।
सो गृहस्थ साँझै गहे गैल॥

जिसका खेत बिना पानी का हो, अर्थात् ऐसी जगह पर हो, जहाँ सिंचाई के लिये पानी की पहुँच न हो, और जिसके बैल बुड्ढे हों, वह किसान खेती न करे।

[२६९]

बाँधा बछड़ा जाय मठाय।
बैठा ज्वान जाय तुँदियाय॥

बँधा हुआ बछड़ा मठ (सुस्त) हो जाता है, और जवान आदमी बैठा रहे, तो उसकी तोंद निकल आती है।

[२७०]

एक बात तुम सुनहु हमारी।
बूढ़ बैल से भली कुदारी॥

तुम मेरी एक बात सुनो—बूढ़े बैल से तो कुदाल ही अच्छी।

[२७१]

दो तोई। घर खोई॥

रबी काटकर उसी ज़मीन में ईख बोने से घर का माल भी चला जाता है। अथवा एक घर में दो चूल्हे होंगे (दो चूल्हे जलने) से घर का नाश हो जाता है।

पाठान्तर—दो जोई=दो स्त्रियां।

[२७२]

कर्म हीन खेती करै।
बरधा मरै कि सूखा परै॥

अभागा आदमी यदि खेती करेगा, तो या तो बैल मर जायगा या सूखा पड़ेगा।

[२७३]

दस हल राव आठ हल राना।
चार हलों का बड़ा किसाना॥

जिस किसान के दस हल की खेती होती है, वह राव है; जिसके आठ की होती है वह राना है; और चार हल की खेती करनेवाला एक बड़ा किसान है।

[२७४]

अगहन में सरवा भर।
फिर करवा भर॥

अगहन में फ़सल के लिये एक कटोरा पानी दूसरे समय के एक घड़े भर पानी के बराबर लाभदायक है।

[२७५]

खेती करै साँझ घर सोवै।
काटै चोर हाथ धरि रोवै॥

जो किसान खेती करके निश्चिन्त होकर रात को घर में सोता है, उसकी खेती चोर काट ले जाते हैं और वह हाथ पर हाथ धरकर रोता है।

[२७६]

रामबाँस जहँ धँसै अचूका।
तहँ पानी की आस अखूटा॥

रामबाँस जहाँ बिना किसी रुकावट के धँस जाय, वहाँ कुएँ में इतना पानी होगा, जो कभी न चुकेगा।

[२७७]

बेस्या बिटिया नील है,
बन सावाँ पुत जान।
वो आई सब घर भरै,
दरब लुटावत आन॥

नील वेश्या की कन्या है और कपास और साँवाँ वेश्या के पुत्र हैं। कन्या आयेगी तो घर भर देगी और पुत्र घर का धन लुटा देगा। अर्थात् खेत में नील बो दिया जाय तो खेत उर्वर हो जाता है। पर कपास और साँवाँ बोने से खेत की रही-सही ताक़त भी चली जाती है।

[२७८]

पुरबा में जो पछुवाँ बहै।
हँसि के नार पुरुष से कहै॥
ऊ बरसै ई करै भतार।
घाघ कहैं यह सगुन बिचार॥

पूर्वी हवा और पछुवाँ हवा यदि एक साथ बहे, और स्त्री पर-पुरुष से हँसकर बातें करे, तो घाघ यह शकुन विचार कर कहते हैं कि वह हवा पानी बरसायेगी और स्त्री दूसरा पति करेगी।

[२७९]

धनि वह राजा धनि वह देस।
जहवाँ बरसै अगहन सेस॥

पूस में दूना माघ सवाई।
फागुन बरसै घरौ से जाई॥

यह राजा और देश धन्य है, जहां अगहन के अंत में वृष्टि हो। पौष में बरसने से अन्न दूना उपजता है और माघ में सवाया। पर फागुन में बरसने से घर का अन्न भी चला जाता है।

[२८०]

सिंहा गर्जै।
हथिया लरजै॥

सिंह नक्षत्र के गरजने से हस्त में वर्षा कम होती है।

[२८१]

सावन सुक्ला सत्तमी,
गगन स्वच्छ जो होय।
कहैं घाघ सुन घाघिनी,
पुहुमी खेती खोय॥

सावन शुक्ला सप्तमी को यदि आकाश साफ़ हो, तो घाघ घाघिनी से कहते हैं कि पृथ्वी पर की खेती नष्ट हो जायगी।

[२८२]

तिल कोरे।
उर्द बिलोरे॥

तिल कोरने से और उर्द के बिलोरने से फ़सल अच्छी होती है।

[२८३]

रोहिनि बरसे मृग तपे,
कुछ कुछ अद्रा जाय।
कहें घाघ घाघिन से,
स्वान भात नहिं खाय॥

रोहिणी बरसे, मृगशिरा तपे और कुछ-कुछ आर्द्रा भी बरस दे, तो ऐसी पैदावार हो कि कुत्ते भी भात से ऊब जायँ।

[२८४]

खनि के काटै घन के मोराये।
तब बरदा के दाम सुलाये॥

ईख को जड़ से खोदकर निकालने और [illegible]कर कोल्हू में पेरने से फ़ायदा होता है और बैलों का परिश्रम सफल होता है।

[२८५]

कीकर पाथा सिरस हल,
हरियाने का बैल।
लोधा डाली लगाय के,
घर बैठा चौपड़ खेल॥

जिस किसान के पास बबूल की लकड़ी का पाथा, सिरीस का हल, हरियाने का बैल, लोधा (?) की डाली (?) हो, वह आनन्द से बैठकर चौपड़ खेल सकता है।

पाठान्तर—चौपड़=चौसर।

[२८६]

माघा मकड़ो पुरवा डाँस।
उत्रा में है सबकी नास॥

मघा में मकड़ी और पूर्वा में डाँस पैदा होते हैं और उत्तरा में सब मर जाते हैं।

[२८७]

यकसर खेती यकसर मार।
घाघ कहैं ये सदहूँ हार॥

जो अकेले खेती करता है और अकेले मार-पीट करता है, घाघ कहते हैं ये दोनों सदा हारते हैं।

[२८८]

मेदिन मेथा भइँसि किसान।
मोर पपीहा घोड़ा धान॥
थाल्यो मच्छ लता लपटानी।
दस सुखी जब बरसे पानी॥

पृथ्वी, मेढक, भैंस, किसान, मोर, पपीहा, घोड़ा, धान, मछली और लता, ये दस पानी बरसने से सुखी होते हैं।

[२८९]

छीपा छेड़ी ऊँट कोंहार।
पीलवान और गाड़ीवान॥
आक जवासा वेस्या बानी।
दस मलीन जब बरसै पानी॥

रँगरेज, बकरी, ऊँट, कुम्हार, महावत, गाड़ीवान, मदार, जवास वेश्या और बनिया, ये दस पानी बरसने पर दुखी हो जाते हैं।

[२९०]

आये मेष।
हरी न देख॥

चैत में फसल काट लेनी चाहिये। उसकी हरियाली का ख्याल न करना चाहिये।

[२९१]

आकर कोदो नीम जवा।
गाडर गेहूँ बेर चना॥

यदि मदार की फ़सल अच्छी हो तो कोदो, नीम की हो तो जौ, गाडर की हो तो गेहूँ और बेर की हो तो चना अच्छा होगा।

[२९२]

आगे की खेती आगे आगे।
पीछे की खेती भागे जागे॥

जो आगे खेत बोयेगा, उसकी पैदावार भी सब से आगे रहेगी। पीछे बोने वाले की पैदावार भाग्य के जगने पर संभव है।

[२९३]

उत्तर चमकै बीजली,
पूरब बहै जु बाव।
घाघ कहैं भड्डर से,
बरधा भीतर लाव॥

उत्तर की ओर बिजली चमकती हो और पूर्वा हवा चलती हो, तो घाघ भड्डरी से कहते हैं कि बैलों को छप्पर के नीचे लाओ। अर्थात् पानी बरसेगा।

[२९४]

छिन पुरवैया छिन पछियाँवँ।
छिन छिन बहै बबूला बाव॥
बादर ऊपर बादर धावै।
तबै घाघ पानी बरसावै॥

क्षण में पूर्व की हवा चले, क्षण में पश्चिम की; बारबार बवंडर उठे, और बादल के ऊपर बादल दौड़े तो घाघ कहते हैं कि पानी बरसेगा।

पाठान्तर—खन पुरवैया खन पछियाँव।
खन खन बहै बबूरा बाव॥
जौ बादर बादर माँ धाय।
घाघ कहैं जल कहाँ समाय॥

[२९५]

औंधा पौंधा बहै बतास।
तब होवे बरखा के आस॥

हवा यदि कभी पश्चिम की कभी पूरब की अथवा बे सिरपैर की बहे, तब वर्षा की आशा होती है।

[२९६]

अदरा गेल तीनि गेल,
सन साठी कपास।
हथिया गेल सब गेल,
आगिल पाछिल चास॥

आर्द्रा न बरसे तो सन, साठी और कपास की खेती नष्ट हो जाती है। और हथिया न बरसे, तो पीछे और आगे दोनों की खेती नष्ट हो जाती है।

[२९७]

सावन क पछुवाँ दिन दुइ चार।
चूल्ही क पाछा उपजै सार॥

सावन में यदि दो-चार दिन भी पछुवाँ चले, तो मौसम ऐसा अच्छा हो कि चूल्हे के पिछवाड़े भी फसल उत्पन्न हो। अर्थात् अत्यन्त सूखी जगह में भी खेती हो।

[२९८]

अदरा माँहि जो बोवउ साठी।
दुख के मार निकालउ लाठी॥

यदि आर्द्रा में साठी धान बोओ, तो इतनी अच्छी फ़सल होगी कि दुःख को लाठी से मार कर भगा सकोगे।

[२९९]

आदि न बरसे अदरा,
हस्त न बरसे निदान।
कहै घाघ सुनु भड्डरी,
भये किसान पिसान॥

आर्द्रा नक्षत्र शुरू में यदि न बरसे और हस्त अन्त में, तो किसान बेचारे पिसान (आटा; चूर) हो जायँगे।

[३००]

मडुवा मीन चीन सँग दही।
कोदों क भात दूध सँग सही॥

मडुवे के साथ मछली, दही के साथ चीनी और कोदों के भात के साथ दूध का मेल अच्छा होता है।

[३०१]

चैत के पछुवाँ भादों जल्ला।
भादों पछुवाँ माघ क पल्ला॥

चैत में पछुवाँ बहे, तो भादों में जल बहुत होगा। भादों में पछुवाँ बहे, तो माघ में पाला पड़ेगा।

[३०२]

काँसी कुसी चौथ क चान।
अब का रोपवा धान किसान॥

कास-कुस फूल आये, भादों की उजाली चौथ भी हो गई। अब धान क्यों रोपोगे?

[३०३]

विधि का लिखा न होवै आन।
बिना तुला ना फूटै धान॥

[२९५]

चौवा पौवा बहै बतास।
तब होला बरखा कै आस॥

हवा यदि कभी पश्चिम की कभी पूरब की अथवा बे सिर-पैर की बहे, तब वर्षा की आशा होती है।

[२९६]

अदरा गेल तीनि गेल,
सन साठी कपास।
हथिया गेल सब गेल,
आगिल पाछिल चास॥

आर्द्रा न बरसे तो सन, साठी और कपास की खेती नष्ट हो जाती है। और हथिया न बरसे, तो पीछे और आगे दोनों की खेती नष्ट हो जाती है।

[२९७]

सावन क पछुवाँ दिन दुइ चार।
चूल्ही क पाछा उपजै सार॥

सावन में यदि दो-चार दिन भी पछुवाँ चले, तो मौसम ऐसा अच्छा हो कि चूल्हे के पिछवाड़े भी फसल उत्पन्न हो। अर्थात् अत्यन्त सूखी जगह में भी खेती हो।

[२९८]

अदरा माँहि जो बोवइ साठी।
दुख के मार निकालइ लाठी॥

यदि आर्द्रा में साठी धान बोओ, तो इतनी अच्छी फ़सल होगी कि दु:ख को लाठी से मार कर भगा सकोगे।

[२९९]

आदि न बरसे अद्रा,
हस्त न बरसे निदान।
कहै घाघ सुनु भड्डरी,
भये किसान पिसान॥

आर्द्रा नक्षत्र शुरु में यदि न बरसे और हस्त अन्त में, तो किसान बेचारे पिसान (आटा ; चूर) हो जायँगे।

[३००]

मडुवा मीन चीन सँग दही।
कोदो क भात दूध सँग सही॥

मडुवे के साथ मछली, दही के साथ चीनी और कोदों के भात के साथ दूध का मेल अच्छा होता है।

[३०१]

चैत के पछुवाँ भादों जल्ला।
भादों पछुवाँ माघ क पल्ला॥

चैत में पछुवाँ बहे, तो भादों में जल बहुत होगा। भादों में पछुवाँ बहे, तो माघ में पाला पड़ेगा।

[३०२]

काँसी कूसी चौथ क चान।
अब का रोपबा धान किसान॥

कास-कुस फूल आये, भादों की उजाली चौथ भी हो गई। अब धान क्यों रोपोगे ?

[३०३]

विधि का लिखा न होवै आन।
बिना तुला ना फूटे धान॥

[२९५]

पौआ पौआ बहै बतास।
तब हीला बरखा कै आस॥

हवा यदि कभी पश्चिम की कभी पूरब की अथवा वे सिरपैर की बहे, तब वर्षा की आशा होती है।

[२९६]

अदरा गेल तीनि गेल,
सन साठी कपास।
हथिया गेल सब गेल,
आगिल पाछिल चास॥

आर्द्रा न बरसे तो सन, साठी और कपास की खेती नष्ट हो जाती है। और हथिया न बरसे, तो पीछे और आगे दोनों की खेती नष्ट हो जाती है।

[२९७]

सावन क पछुवाँ दिन दुइ चार।
चूल्ही क पाछा उपजै सार॥

सावन में यदि दो-चार दिन भी पछुवाँ चले, तो मौसम ऐसा अच्छा हो कि चूल्हे के पिछवाड़े भी फसल उत्पन्न हो। अर्थात् अत्यन्त सूखी जगह में भी खेती हो।

[२९८]

अदरा माँहि जो बोवउ साठी।
दुख के मार निकालउ लाठी॥

यदि आर्द्रा में साठी धान बोओ, तो इतनी अच्छी फ़सल होगी कि दुःख को लाठी से मार कर भगा सकोगे।

[२९९]

आदि न बरसे अदरा,
हस्त न बरसे निदान।
कहै घाघ सुनु भड्डरी,
भये किसान पिसान॥

आर्द्रा नक्षत्र शुरू में यदि न बरसे और हस्त अन्त में, तो किसान बेचारे पिसान (आटा; चूर) हो जायँगे।

[३००]

मडुवा मीन चीन सँग दही।
कोदौ क भात दूध सँग सही॥

मडुवे के साथ मछली, दही के साथ चीनी और कोदों के भात के साथ दूध का मेल अच्छा होता है।

[३०१]

चैत के पछुवाँ भादौं जल्ला।
भादों पछुवाँ माघ क पल्ला॥

चैत में पछुवाँ बहे, तो भादों में जल बहुत होगा। भादों में पछुवाँ बहे, तो माघ में पाला पड़ेगा।

[३०२]

काँसो कुसी चौथ क चान।
अब का रोपबा धान किसान॥

कास-कुस फूल आये, भादों की उजाली चौथ भी हो गई। अब धान क्यों रोपोगे?

[३०३]

विधि का लिखा न होवै आन।
बिना तुला ना फूटै धान॥

सुग्न सुग्नराती देवउठान।
तेकरे घरहे करो नेमान॥
तेकरे वरहे खेत खरिहान।
तेकरे वरहे कोठिरी धान॥

मग्ग का लिखा हुआ बदल नहीं सकता। तुला ही में धान फूटेगा। सुग्न की रात दीवाली और देवोत्थान एकादशी बीत जाने पर उसके बारहवें दिन नवान्न ग्रहण करना चाहिये। उसके बारहवें दिन धान को काटकर खलियान में रखना चाहिये। और उसके बारहवें दिन तो कोठिला में रख ही देना चाहिये।

[३०४]

चिरैया मे चीर फार।
असरेखा मे टार टार॥
मघा में क्याँदो सार॥

चिरैया नक्षत्र में यदि जमीन को थोड़ा-सा भी गोड़कर धान लगा दे तो फ़सल अच्छी होगी। अश्लेषा में जोतकर लगाना पड़ेगा तब धान होगा। और मघा में लगाया जायगा तो खाद पास डालकर खेत अच्छी तरह तैयार होगा, तभी होगा।

[३०५]

बाउ चलेगी दखिना।
माँड़ कहाँ से चखना॥

दक्खिन की हवा चलेगी, तो धान न होगा। माँड़ कहाँ से चखोगे?

[३०६]

बाउ चलेगी उतरा।
माँड़ पियेंगे कुत्तरा॥

उत्तर की हवा चलेगी, तो धान की फ़सल ऐसी अच्छी होगी कि कुत्ते माँड़ पियेंगे।

[३०७]

वाउ चलेगी पुरवा।
पियो माँड़ का कुरवा॥

पूर्व की हवा चलेगी, तो धान की उपज अच्छी होगी। फिर तो घड़ों माँड़ पीना।

[३०८]

चमके पच्छिम उत्तर ओर।
तब जान्यो पानी है जोर॥

यदि पश्चिम और उत्तर के कोने पर बिजली चमके, तो समझना कि पानी बहुत बरसेगा।

[३०९]

पहला पवन पुरब से आवे।
बरसे मेघ अन्न भरि लावे॥

आषाढ़ में पहली हवा यदि पूर्व से बहे, तो पानी बहुत बरसेगा और अन्न की उपज बहुत होगी।

[३१०]

मग्घा गरजे।
हथिया लरजे॥

यदि मघा नक्षत्र में बादल गरजता है तो हस्त में बरसात नहीं होती।
पाठान्तर—सिंहा गरजे।

[३११]

आर्द्रे चौथ।
मघा पंचक॥

आर्द्रा नक्षत्र बरसता है तो आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य और अश्लेषा चारो नक्षत्र बरसते हैं। और जब मघा नक्षत्र बरसता है तो मघा, पूर्वा, उत्तरा, हस्त और चित्रा पाँचो नक्षत्र बरसते हैं।

[३१२]

दखनी कुलखनी।

माघ पूस सुलखनी॥

दक्खिन की हवा आम तौर पर खराब होती है; पर माघ पौष में अच्छी होती है।

[३१३]

मंगल पड़े तो भू चलै,

बुध पडे अकाल।

जो तिथि होय सनीचरी,

निहचै पड़े अकाल॥

यदि फागुन महीने का अंतिम दिन मङ्गल को पड़े, तो भूकंप हो, बुध को पड़े अकाल पड़े, और यदि शनैश्चर वार को पड़े, तो निश्चय ही अकाल पड़े।

[३१४]

सावन सूखे धान,

भादों सूखे गोहूँ।

सावन में सूखा पड़े, तो धान हो सकता है। इसी तरह फागुन में सूखा पड़े, तो गेहूँ हो सकता।

[३१५]

तपे मृगसिरा बिलखें चार।

बन बालक औ भैंस उखार॥

मृगशिरा के तपने से कपास, बालक, भैंस और ईख ये चार दुःख पाते हैं। बालक माता या गाय भैंस का दूध कम हो जाने से दुःख पाते हैं।

[३१६]

दिन सात जो चले बाँडा।

सूखे जल सातो खाँडा॥

यदि सात दिनों तक लगातार दक्षिण पश्चिम की हवा चले, तो सातो खंड में पानी सूख जायगा।

[३१७]

सावन सुक्र न दीसै,
निहचै पड़ै अकाल।

सावन में यदि शुक्रास्त हो, तो निश्चय अकाल पडेगा।

[३१८]

माघ मसीना बोइये भार।
फिर राखौ रबी की डार॥

माघ में उड़द को साफ़ करके रख छोड़ो, फिर रबी के लिये खेत तैयार कर रक्खो।

[३१९]

आसपास रबी बीच में खरीफ़।
नोन मिर्च डालके खा गया हरीफ़॥

यदि खरीफ की फसल के चारोंओर खेत में रबी बोओगे, तो तुम्हारा शत्रु नमक मिर्च लगाकर उसे खा जायगा। अर्थात् पैदावार अच्छी न होगी।

[३२०]

सात सेवाती धान उपाठ।

स्वाती में सात दिन बीतने पर धान पक जाता है।

[३२१]

साँझै धनुक विहानै पानी।
कहैं घाघ सुनु पंडित ज्ञानी॥

शाम को यदि इन्द्रधनुष दिखाई पड़े, तो दूसरे दिन पानी बरसेगा। घाघ ज्ञानी पंडितों से ऐसा कहते हैं।

[३१२]

दखनी फुलखनी।
माघ पूस सुलखनी॥

दक्खिण की हवा आम तौर पर खराब होती है; पर माघ पौष में अच्छी होती है।

[३१३]

मंगल पड़े तो भू चलै,
बुध पड़े अकाल।
जो तिथि होय सनीचरी,
निह्चै पड़े अकाल॥

यदि फागुन महीने का अंतिम दिन मङ्गल को पड़े, तो भूकंप हो, बुध को पड़े अकाल पड़े; और यदि शनैश्चर वार को पड़े, तो निश्चय ही अकाल पड़े।

[३१४]

सावन सूखे धान,
भादों सूखे गेहूँ।

सावन में सूखा पड़े, तो धान हो सकता है। इसी तरह फागुन में सूखा पड़े, तो गेहूँ हो सकता।

[३१५]

तपे मृगसिरा बिलखैं चार।
वन बालक औ भैंस उखार॥

मृगशिरा के तपने से कपास, बालक, भैंस और ईख ये चार दुःख पाते हैं। बालक माता या गाय भैंस का दूध कम हो जाने से दुःख पाते हैं।

[३१६]

दिन सात जो चले बाँड़ा।
सूखे जल सातो खाँड़ा॥

यदि सात दिनों तक लगातार दक्षिण पश्चिम की हवा चले, तो सातो खंड में पानी सूख जायगा।

[३१७]

सावन सुक्र न दीसै,
निहचै पड़ै अकाल।

सावन में यदि शुक्रास्त हो, तो निश्चय अकाल पड़ेगा।

[३१८]

माघ मसीना बोइये भार।
फिर राखौ रब्बी की डार॥

माघ में उड़द को साफ़ करके रख छोड़ो, फिर रबी के लिये खेत तैयार कर रक्खो।

[३१९]

आसपास रबी बीच मे खरीफ।
नोन मिर्च डालके खा गया हरीफ॥

यदि खरीफ़ की फ़सल के चारोंओर खेत में रबी बोओगे, तो तुम्हारा शत्रु नमक मिर्च लगाकर उसे खा जायगा। अर्थात् पैदावार अच्छी न होगी।

[३२०]

सात सेवाती धान उपाठ।

स्वाती में सात दिन बीतने पर धान पक जाता है।

[३२१]

साँझै धनुक निहानै पानी।
कहैं घाघ सुनु पंडित ज्ञानी॥

शाम को यदि इन्द्रधनुष दिखाई पड़े, तो दूसरे दिन पानी बरसेगा। घाघ ज्ञानी पंडितों से ऐसा कहते हैं।

[३२२]

अधकचरी विद्या दहे
राजा दहे अचेत।
ओछे कुल तिरिया दहे
दहे कलर का खेत॥

अनुभव हीन विद्या व्यर्थ है, असावधान राजा, नीच कुल की स्त्री, और कपास का खेत व्यर्थ है। अर्थात् एक बार कपास बोने से खेत बहुत कमज़ोर हो जाता है।

[३२३]

तीन बैल घर में दो चाकी।
पूरब खेत राज की बाकी॥

किसान के पास तीन बैल हों, तो एक हमेशा बेकार रहेगा; घर में फूट हो, दो चक्कियाँ चलने लगें तो शान्ति नहीं मिलेगी; पूरब दिशा में खेत हो तो सवेरे खेत की ओर जाते और शाम को वापस आते समय सूर्य आँखों पर पड़ेगा और आँखें कमजोर होंगी; और मालगुज़ारी अदा न हुई रहेगी तो राज का अपमान सहना पड़ेगा। ये चारों बातें किसानों के लिये कष्टदायक हैं।

भड्डरी की कहावतें

[१]

कातिक सुद एकादसी,
बादल बिजुली होय।
तो असाढ़ में भड्डरी,
बरखा चोखी होय॥

कार्तिक शुक्ला एकादशी को यदि बादल हों और बिजली चमके, तो भड्डरी कहते हैं कि आषाढ़ में निश्चय वर्षा होगी।

[२]

कातिक मावस देखो जोसी।
रवि सनि भौमवार जो होसी॥
स्वाति नखत अरु आयुष जोगा।
काल पड़ै अरु नासैं लोगा॥

ज्योतिषी को कार्तिक अमावास्या को देखना चाहिये, यदि उस दिन रविवार, शनिवार और मङ्गलवार होगा और स्वाती नक्षत्र और आयुष्य योग होगा तो अकाल पड़ेगा और मनुष्यों का नाश होगा।

पाठान्तर—स्वाती नखत और धुव जोग।

[३]

कातिक सुद पूनो दिवस,
जो कृतिका रिख होइ।
तामें बादर बीजुरी,
जो सँजोग सौं होइ॥

चार मास तौ वर्षा होसी।
भली भाँति यों भाषै जोसी ॥

कार्तिक सुदी पूर्णिमा के यदि कृतिका नक्षत्र हो और उसमें संयोग से बादल और बिजली भी हों, तो समझना चाहिये कि चार महीने वर्षा अच्छी होगी।

[४]

मार्ग महीना माहिं जो,
जेष्टा तपै न मूर।
तो इमि बोलै भड्डली,
निपटै सातो तूर ॥

अगहन के महीने में यदि न ज्येष्ठा नक्षत्र तपे और न मूल, तो भड्डरी कहते हैं कि सातो प्रकार के अन्न पैदा हों।

[५]

मार्ग बदी आठैं घटा,
विज्जु समेती जोइ।
तो सावन बरसै भलो,
साखि सवाई होइ ॥

अगहन बदी अष्टमी को यदि बिजली समेत घटा हो, तो सावन में बरसात अच्छी होगी और उपज सवाई होगी।

[६]

पौस अँध्यारी सत्तमी,
जो पानी नहिं देइ।
तो आर्द्रा बरसै सही,
जल थल एक करेइ ॥

पौष बदी सप्तमी को यदि पानी न बरसे, तो आर्द्रा अवश्य बरसेगा और जल-थल को एक कर देगा।

[७]

पौष अँध्यारी सत्तमी,
बिन जल बादर जोय।
सावन सुदि पूनो दिवस,
बरषा अवसिहिं होय॥

पौष बदी सप्तमी को यदि बादल हों, पर पानी न बरसे, तो सावन सुदी पूर्णिमा के वर्षा अवश्य होगी।

[८]

पौष मास दसमी दिवस,
बादल चमकै बीज।
तौ बरसै भर भादवो,
साधौ खेलो तीज॥

पौष बदी दसमी के यदि बादल हों और बिजली चमके, तो भादों भर बरसात होगी। हे सज्जनो! आनन्द से तीज का त्योहार मनाओ।

[९]

पौष अँध्यारी तेरसै,
चहुँदिसि बादर होय।
सावन पूनो मावसै,
जलधर अतिहीं जोय॥

यदि पौष बदी तेरस के आकाश में चारोंओर बादल दिखाई पड़ें, तो सावन में पूर्णिमा को और अमावास्या को भी वृष्टि बहुत होगी।

[१०]

पौष अमावस मूल को,
सरसै चारों बाय।
निश्चय बाँधो झोपड़ो,
बरषा होय सिवाय॥

पौष के अमावस को यदि मूल नक्षत्र हो और चारोंओर की हवा चले, तो वर्षा बड़े ज़ोर की होगी। धान-छप्पर छा रक्खो।

[११]

सनि आदित औ मंगल,
पौष अमावस होय।
दुगुनो तिगुनो चौगुनो,
नाज महंगी होय॥

यदि पौष की अमावास्या को शनिवार, रविवार या मङ्गल पड़े, तो इसी क्रम से अन्न दोगुना, तिगुना और चौगुना महँगा होगा।

[१२]

सोम सुक्र सुरगुरु दिवस,
पौष अमावस होय।
घर घर बजे बधावड़ा,
दुखी न दीखे कोय॥

यदि पौष की अमावास्या को सोमवार, शुक्रवार या बृहस्पतिवार पड़े, तो घर-घर बधाई बजेगी और कोई दुखी न दिखाई पड़ेगा।

[१३]

पूस अँधेरी तेरसी,
चहुँदिसि बादल होय।
सावन पूनो मावसै,
जल धरनी में होय॥

पौष की अँधेरी, त्रयोदशी को यदि चारोंओर बादल दिखाई पड़े, तो सावन की पूर्णिमा और अमावास्या को पृथ्वी पर पानी पड़ेगा।

[१४]

मार्ग बदी आठैं घन दरसै।
तो भादों भरि सावन बरसै॥

अगहन वदी अष्टमी को यदि बादल हो, तो सावन भर पानी बरसेगा।

[१५]

पूस मास दसमी अँधियारी।
बदली घोर होय अधिकारी॥
सावन यदि दसमी के दिवसे।
भरे मेघ चारो दिसि बरसे॥

पौष वदी दशमी के यदि ज़ोर-शोर की घटा घिरी हो, तो सावन वदी दशमी को चारोंओर बड़ी वृष्टि होगी।

[१६]

कर्क बुवावै काकरी,
सिंह अबोनो जाय।
ऐसा बोलें भड्डरी,
कीड़ा फिर फिर खाय॥

कर्क राशि में ककड़ी बोये और सिंह में न बोये, तो भड्डरी कहते हैं कि उसमें कीड़ा बार-बार लगेगा।

[१७]

मंगल सोम होय सिवराती।
पछिवाँ बाय बहै दिन राती॥
घोड़ा रोड़ा टिड्डी उड़ैं।
राजा मरैं कि परती पड़ै॥

यदि शिवरात्रि मङ्गल या सोमवार को पड़े और रातदिन पच्छिम की हवा बहती रहे, तो समझना कि घोड़ा (एक पतिंगा), रोड़ा और टिड्डी उड़ेंगी; तथा राजा की मृत्यु होगी या सूखा पड़ेगा, जिससे खेत परती पड़ा रहेगा।

[१८]

काहे पंडित पढ़ि पढ़ि मरो।
पूस अमावस की सुधि करो॥
मूल विसाखा पूरवापाढ़।
झूरा जान लो बहिरे ठाढ़॥

हे पंडित! बहुत पढ़-पढ़कर क्यों जान देते हो? पौष के अमावस को देखो। यदि उस दिन मूल, विशाखा या पूर्वाषाढ़ नक्षत्र हो, तो समझना कि सूखा घर के बाहर खड़ा है। अर्थात् सूखा पड़ेगा।

[१९]

पूस उजेली सप्तमी,
अष्टमी नौमी गाज।
मेघ होय तो जान लो,
अब सुभ होइहै काज॥

पौष सुदी सप्तमी, अष्टमी और नवमी को यदि बादल हों और गरजे, तो समझना कि सब काम सिद्ध होगा अर्थात् सुकाल होगा।

[२०]

माघ अँधेरी सप्तमी,
मेह विज्जु दमयन्त।
मास चारि बरसै सही,
मत सोचै तू कन्त॥

माघ बदी सप्तमी को यदि बादल हो और बिजली चमके, तो हे स्वामी! तुम सोच मत करो, चौमासा भर पानी बरसेगा।

[२१]

नौमी माह अँधेरिया,
मूल रिच्छ को भेद।

तौ भादौं नौमी दिवस,
जल बरसै बिन खेद ॥

माघ बदी नवमी को यदि मूल नक्षत्र हो, तो भादों बदी नवमी को निश्चय पानी बरसेगा।

[२२]

माह अमावस गर्भमय,
जो केहु भाँति विचारि।
भादौं की पून्यो दिवस,
बरषा पहर जु चारि ॥

माघ की अमावास्या यदि वृष्टि के गर्भ से युक्त हो, तो भादों की पूर्णिमा को चार पहर वर्षा होगी।

[२३]

माघ जु परिवा ऊजली,
बादर वायु जु होय।
तेल और सुरही सबै,
दिन दिन महँगो होय ॥

माघ सुदी प्रतिपदा को यदि हवा चलती रहे और बादल भी हों, तो तेल और घी महँगे होते जायँगे।

[२४]

माघ उज्यारी दूज दिन,
बादर बिज्जु समाय।
तो भाखैं यों भड्डरी,
अन्न जु महँगो जाय ॥

माघ सुदी दूज को यदि बादलों में बिजली समाती दिखाई पड़े, तो भड्डरी कहते हैं कि अन्न महँगा होगा।

[२५]

माघ उज्यारी तीज को,
बादर बिज्जु जु देख।
गेहूँ जौ संचय करौ,
महँगो ह्वैसो पेख॥

माघ सुदी तृतीया को यदि बादल और बिजली दिखाई पड़े, तो अन्न महँगा होगा। जौ-गेहूँ जमा करो।

[२६]

माघ उँजेरी चौथ को,
मेंह बादरो जान।
पान और नारेल नै,
महँगो अवसि बखान॥

माघ सुदी चौथ को बादल हो और पानी बरसे, तो पान और नारियल अवश्य महँगे होंगे।

[२७]

माघ उँजेरी पंचमी,
परसै उत्तम बाय।
तो जानो ये भादवौ,
बिन जल कोरौ जाय॥

माघ सुदी पंचमी को अच्छी हवा चले, तो समझना कि भादों बिना पानी का सूखा ही जायगा।

[२८]

माघ छठी गरजै नहीं,
महँगो होय कपास।
सातें देखा निर्मलो,
तो नाहीं कछु आस॥

[३६]

माघ सुदी पून्यो दिवस,
चन्द्र निर्मलो जोय।
पसु बेचौ कन सग्रहौ,
काल हलाहल होय॥

माघ सुदी पूर्णिमा को यदि चन्द्रमा स्वच्छ हो, अर्थात् आकाश में बादल न हों, तो हे किसान ! पशुओं को बेंचकर अन्न का संग्रह करो। क्योंकि भयानक अकाल पड़ेगा।

[३७]

माघ पांच जो हों रविवार।
तौ भी जोसी समय विचार॥

माघ में यदि पाच रविवार पड़ें, तो समय अच्छा होगा।

[३८]

फागुन वदी सुदूज दिन,
बादर होय न बीज।
बरसै सावन भादवा,
साधौ खेलो तीज॥

फागुन वदी दूज को यदि बादल हों, पर बिजली न चमके ; अथवा न बादल हों न बिजली, तो सावन-भादों दोनो महीनो में वर्षा होगी। हे सज्जनो ! आनन्द से तीज का त्योहार मनाओ।

[३९]

मङ्गलवारी मावसो,
फागुन चैती जोय।
पशु बेंचौ कन सग्रहो,
अनसि दुकाली होय॥

तो असाढ़ में धूरवा,
घरसै जोसी . जोइ ॥

माघ सुदी सप्तमी और अष्टमी को यदि बादल हों, तो आगे में पानी बरसेगा ज्योतिषी को यह देख रखना चाहिये।

[३३]

माघ सुदी जो सत्तमी,
मौमवार की होय।
तो भड्डर जोसी कहैं,
नाजु किरानो लोय ॥

यदि माघ सुदी सप्तमी मङ्गलवार को पड़े, तो अन्न में कीड़े लग जायँगे।

[३४]

माघ सुदी आठैं दिवस,
जो कृतिका रिपि होय।
की फागुन रोली पड़ै,
की सावन महँगो होइ ॥

माघ सुदी अष्टमी को यदि कृतिका नक्षत्र हो, तो या तो फागुन में कुसमय पड़ेगा या सावन में अन्न महँगा होगा।

[३५]

अथवा नौमी निरमली,
बादर रेख न जोय।
तौ सरवर भी सूखहीं,
महि में जल नहिं होय ॥

माघ सुदी नवमी को यदि बादल की एक रेखा भी न हो और आकाश स्वच्छ हो, तो पृथ्वी पर कहीं पानी न मिलेगा। तालाब भी सूख जायँगे।

[३६]

माघ सुदी पून्यो दिवंस,
चन्द्र निर्मलो जोय।
पसु वेंचौ कन समहो,
काल हलाहल होय॥

माघ सुदी पूर्णिमा को यदि चन्द्रमा स्वच्छ हो, अर्थात् आकाश में बादल न हों, तो हे किसान! पशुओं को बेंचकर अन्न का संग्रह करो। क्योंकि भयानक अकाल पड़ेगा।

[३७]

माघ पांच जो हो रविवार।
तो भी जोसी समय विचार॥

माघ में यदि पांच रविवार पड़ें, तो समय अच्छा होगा।

[३८]

फागुन वदी सुदूज दिन,
वादर होय न वीज।
वरसै सावन भादवा,
साधौ खेलो तीज॥

फागुन वदी दूज को यदि बादल हों, पर बिजली न चमके; अथवा न बादल हों न बिजली; तो सावन-भादों दोनों महीनों में वर्षा होगी। हे सज्जनो! आनन्द से तीज का त्योहार मनाओ।

[३९]

मङ्गलवारी मावसी,
फागुन चैती जोय।
पशु बेंचौ कन समहो,
अवसि दुकाली होय॥

फागुन और चैत का अमावस यदि मङ्गल को पड़े, तो अकाल पड़ेगा। पशुओं को बेंच डालो और अन्न संग्रह करो।

[४०]

पाँच मङ्गरो फागुनो,
पौष पाँच सनि होय।
काल पड़ै तब भँड़री,
बीज बवो मति कोइ॥

यदि फागुन के महीने में पाँच मङ्गल और पौष में पाँच शनिवार पड़े, तो भड्डरी कहते हैं कि अकाल पड़ेगा; कोई बीज मत बोओ।

[४१]

होली झर को करो विचार।
सुभ अरु असुभ कहा फल सार॥
पच्छिम वायु बहै अति सुन्दर।
समयो निपजै सजल वसुन्धर॥
पूरब दिशि की बहै जो बाई।
कछु भीजै कछु कोरो जाई॥
दक्खिन वाय बहे वध नास।
समया निपजे सनई घास॥
उत्तर वाय बहे दड़बड़िया।
पिरथी अचूक पानी पड़िया॥
जोर झकोरै चारो वाय।
दुखया परथा जीव डराय॥
जोर झलो आकाशै जाय।
तौ पृथ्वी संग्राम कराय॥

होली के दिन की हवा का विचार करो। उसके शुभ और अशुभ फलों का सार बताया जाता है।

पश्चिम की हवा बहे तो बहुत अच्छा है। उससे पैदावार अच्छी होगी और वृष्टि होगी।

पूरब की हवा बहती हो, तो कुछ वृष्टि होगी और कुछ सूखा पड़ेगा।

दक्षिण की हवा बहती हो, तो प्राणियों का वध और नाश होगा। खेती में सनई और घास की पैदावार अधिक होगी।

उत्तर की हवा बहती हो, तो पृथ्वी पर निश्चय पानी पड़ेगा।

यदि चारोंओर का झकोरा चलता हो, तो दुःख पड़ेगा और जीवों को भय होगा।

यदि हवा नीचे से ऊपर को जाय, तो पृथ्वी पर संग्राम होगा।

[४२]

होली सूक सनीचरी,
मङ्गलवारी होय।
चारु चहोड़े मेदिनी,
बिरला जीवै कोय॥

होली यदि शुक्र, सनीचर या मङ्गलवार को पड़े, तो पृथ्वी पर भयानक समय उपस्थित होगा। शायद ही कोई जीवे।

[४३]

चैत अमावस जै घड़ी,
परती पत्रा माँहिं।
तेता सेरा भड्डरी,
कातिक धान बिकाहिं॥

पंचांग में चैत का अमावस जै घड़ी होगा, कातिक में उतने ही सेर धान बिकेगा।

[४४]

चैत सुदी रेवतड़ी जोय।
बैसाखहिं भरणी जो होय॥

जेठ मास मृगसिर दरसंत।
पुनरवसू आषाढ़ चरंत॥
जितो नक्षत्र कि बरत्यो जाई।
तेतो सेर अनाज बिकाई॥

चैत्र सुदी में रेवती, वैशाख में भरणी, जेठ में मृगशिरा और आषाढ़ में पुनर्वसु जितने घड़ी रहेंगे, उतने सेर अनाज बिकेगा।

[४५]

चैत मास उजियाले पाख।
आठें दिवस बरसता राख॥
नव बरसे जित बिजली जोय।
ता दिसि काल हलाहल होय॥

चैत सुदी अष्टमी को यदि आकाश से धूल बरसती रहे और नवमी को पानी बरसे, तो जिस दिशा में बिजली चमकेगी, उस दिशा में भयानक दुर्भिक्ष पड़ेगा।

[४६]

चैत मास दसमी खड़ा,
बादर बिजुरी होय।
तौ जानौ चित माँहि यह,
गर्भ गला सब जोइ॥

चैत सुदी दशमी को यदि बदल और बिजली हो, तो यह समझ रखना कि वर्षा का गर्भ गल गया। अर्थात् चौमासे में वृष्टि बहुत कम होगी।

[४७]

चैत मास दसमी खड़ा,
जो कहुँ कोरा जाइ।
चौमासे भर बादला,
भली भाँति बरसाइ॥

यदि चैत सुदी दशमी को बादल न हुआ, तो समझना कि चौमासे भर अच्छी वृष्टि होगी।

[४८]

चैत पूर्णिमा होइ जो,
सोम गुरौ बुधवार।
घर घर होइ बधावड़ा,
घर घर मंगलचार॥

चैत्र की पूर्णिमा यदि सोमवार, वृहस्पतिवार और बुधवार को पड़े, तो घर-घर आनन्द की बधाई बजेगी और घर घर मङ्गलाचार होगा।

[४९]

असनी गलिया अन्त विनासै।
गली रेवती जल को नासै॥
भरनी नासै तृनौ सहूतो।
कृतिका बरसै अन्त बहूतो॥

चैत्र में यदि अश्विनी बरस जाय, तो चौमासे के अंत में सूखा पड़ेगा। रेवती बरसे, तो वृष्टि होगी ही नहीं। भरणी बरसे तो तृण का भी नाश हो जायगा। और कृतिका बरसे, तो अन्त में अच्छी वृष्टि होगी।

[५०]

बादर ऊपर बादर धावै।
कह भड्डर जल आतुर आवै॥

बादल के ऊपर बादल दौड़ने लगें, तब भड्डरी कहते हैं कि जल्दी ही पानी बरसेगा।

[५१]

असुना गल भरनी गली,
गलियो जेष्ठा मूर।

वैशाख में अक्षय तृतीया के दिन यदि गुरुवार हो, तो भड्डरी कहते हैं कि अन्न बहुत उपजेगा।

[५९]

अखै तीज रोहिणी न होई।
पौष अमावस मूल न जोई॥
राखी श्रवणो हीन विचारो।
कातिक पूनो कृतिका टारो॥
महि माहीं खल बलहिं प्रकासै।
कहत भड्डरी सालि बिनासै॥

वैशाख की अक्षय तृतीया को यदि रोहिणी न हो, पौष की अमावस्या को मूल न हो, रक्षाबन्धन के दिन श्रवण और कार्तिक की पूर्णिमा को कृतिका न हो, तो पृथ्वी पर दुष्टों का बल बढ़ेगा और भड्डरी कहते हैं कि धान की उपज न होगी।

[६०]

जेठ पहिल परिवा दिना,
बुध बासर जो होइ।
मूल असाढ़ी जोमिलै,
पृथ्वी कम्पै जोइ॥

जेठ बदी प्रतिपदा को यदि बुधवार पड़े और आषाढ़ की पूर्णिमा को मूल हो तो पृथ्वी दुःख से काँप उठेगी।

[६

[५५]

मृगसिर वायु न बाजिया,
रोहिणि तपै न जेठ।
गोरी बीनै काँकरा,
खड़ी खेजड़ी हेठ॥

मृगशिर में हवा न चली और जेठ में रोहिणी न तपी, तो वृष्टि न होगी। किसान की स्त्री खेजड़ी (एक वृक्ष) के नीचे खड़ी कंकड़ चुनेगी।

[५६]

आद्रा तौ बरसै नहीं,
मृगसिर पौन न जोय।
तौ जानौ ये भड्डरी,
बरखा बूँद न होय॥

चैत में आर्द्रा में वर्षा नहीं हुई और मृगशिर में हवा न चली, तो भड्डरी कहते हैं कि एक बूँद भी बरसात नहीं होगी।

[५७]

बैसाख सुदी प्रथमै दिवस,
बादर बिज्जु करेइ।
दामा बिना बिसाहिजै,
पूरा साख भरेइ॥

बैशाख शुक्ल प्रतिपदा को यदि बादल हो और बिजली चमके, तो उस वर्ष ऐसी अच्छी पैदावार होगी कि अन्न बिना मोल के बिकेगा।

[५८]

अखै तीज तिथि के दिना,
गुरु होवै संजूत।
तो भाखै यों भड्डरी,
निपजै नाज बहूत॥

पुरवापाढ़ा धूल कित,
उपजै सातों तूर ॥

अश्विनी में वर्षा हुई, भरणी में हुई, ज्येष्ठा और मूल में हुई, तो पूर्वाषाढ़ में कितनी धूल शेष रहेगी? निश्चय ही सातो प्रकार के अन्न उपजेंगे।

[५२]

कृतिया तो कोरी गई,
अद्रा मेंह न बूँद।
तौ यों जानौ भड्डरी,
काल मचावै दूँद ॥

कृतिका नक्षत्र कोरा ही चला गया, वर्षा हुई ही नहीं, आर्द्रा में बूँद भी नहीं गिरा। भड्डरी कहते हैं कि निश्चय ही अकाल पड़ेगा।

[५३]

जो चित्रा में खेलैं गाई।
निहचै खाली साख न जाई ॥

यदि कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा—गोवर्द्धन पूजा, अन्नकूट, गो-क्रीड़ा के दिन चित्रा नक्षत्र में चन्द्रमा हो, तो फसल अच्छी होगी।

[५४]

रोहिणि माहीं रोहिणी,
एक घड़ी जो दीख।
हाथ मे खपरा मेदिनी,
घर घर माँगे भीख ॥

यदि चैत्र में रोहिणी में एक घड़ी भी रोहिणी रहे, तो ऐसा अकाल पड़ेगा कि लोग हाथ में खप्पर लेकर भीख माँगते फिरेंगे।

[५५]

मृगसिर वायु न वाजिया,
रोहिणि तपै न जेठ।
गोरी वीनै काँकरा,
खड़ी खेजड़ी हेठ॥

मृगशिर में हवा न चली और जेठ में रोहिणी न तपी, तो वृष्टि न होगी। किसान की स्त्री खेजड़ी (एक वृक्ष) के नीचे खड़ी कंकड़ चुनेगी।

[५६]

आद्रा तौ वरसै नहीं,
मृगसिर पौन न जोय।
तौ जानौ ये भड्डरी,
वरखा बूँद न होय॥

चैत में आर्द्रा में वर्षा नहीं हुई और मृगशिर में हवा न चली, तो भड्डरी कहते हैं कि एक बूँद भी बरसात नहीं होगी।

[५७]

वैसाख सुदी प्रथमै दिवस,
बादर बिज्जु करेइ।
दामा विना बिसाहिजै,
पूरा साख भरेइ॥

वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को यदि बादल हो और बिजली चमके, तो उस वर्ष ऐसी अच्छी पैदावार होगी कि अन्न बिना मोल के बिकेगा।

[५८]

अखै तीज तिथि के दिना,
गुरु होवै सजूत।
तो भाखै यों भड्डरी,
निपजै नाज बहूत॥

वैशाख में अक्षय तृतीया के दिन यदि गुरुवार हो, तो भड्डरी कहते हैं कि अन्न बहुत उपजेगा।

[५९]

अखै तीज रोहिणी न होई।
पौष अमावस मूल न जोई॥
राखी श्रवणो हीन विचारो।
कातिक पूनो कृतिका टारो॥
महि माहीं खल वलहिं प्रकासैं।
कहत भड्डरी सालि निनासै॥

वैशाख की अक्षय तृतीया को यदि रोहिणी न हो, पौष की अमावस्या को मूल न हो, रक्षाबन्धन के दिन श्रवण और कार्तिक की पूर्णिमा को कृतिका न हो, तो पृथ्वी पर दुष्टों का बल बढ़ेगा और भड्डरी कहते हैं कि धान की उपज न होगी।

[६०]

जेठ पहिल परिवा दिना,
बुध वासर जो होइ।
मूल असाढ़ी जोमिलै,
पृथ्वी कम्पै जोइ॥

जेठ बदी प्रतिपदा को यदि बुधवार पड़े और आषाढ़ की पूर्णिमा को मूल नक्षत्र हो, तो पृथ्वी दुःख से काँप उठेगी।

[६१]

जेठ आगली परवा देखू।
कौन वासरा है यों पेखू॥
रविबासर अति बाढ़ बढ़ाव।
मगलवारी व्याधि वताय॥

बुधा नाज महँगा जो करई।
सनिवासर परजा परिहरई॥
चन्द्र सुक्र सुरगुरु के वारा।
होय तो अन्न भरो संसारा॥

जेठ बदी प्रतिपदा को रविवार पड़े, तो बाढ़ आवे; मंगल पड़े, तो रोग बढ़े; बुधवार पड़े, तो अन्न महँगा हो, शनिवार हो, तो प्रजा को कष्ट हो। और यदि सोमवार, शुक्रवार और बृहस्पतिवार पड़े, तो संसार अन्न से भर जायगा।

[६२]

जेठ बदी दसमी दिना,
जो सनिवासर होइ।
पानी होय न धरनि पर,
बिरला जीवै कोइ॥

जेठ कृष्ण दशमी को को यदि शनिवार पड़े, तो पृथ्वी पर पानी न पड़ेगा अर्थात् वर्षा न होगी और शायद ही कोई जीवित रहे।

[६३]

जेठ उँजारे पच्छ में
आद्रादिक दस रिच्छ।
सजल होय निरजल कह्यो
निरजल सजल प्रत्यच्छ॥

जेठ सुदी में यदि आर्द्रा आदि दस नक्षत्र बरस जायँ, तो चौमासे में सूखा पड़ेगा और यदि न बरसे, तो चौमासे में पानी बरसेगा।

[६४]

स्वाति बिसाखा चित्रा,
जेठ सु बेरा जाय।
पिछलो गरभ गल्यो कहो
बनी साख मिट जाय॥

यदि स्वाती, विशाख और चित्रा जेठ में सूखा जाय; अर्थात् इनमें बादल न हों, तो वृष्टि का पिछला गर्भ गला हुआ समझना चाहिये। इससे खेती नष्ट हो जायगी।

[६५]

तपा जेठ में जो चुइ जाय।
सभी नखत हलके परि जायँ॥

जेठ में मृगशिर के अंत के दस दिन के, दसतपा कहते हैं। यदि दसतपा में पानी बरस जाय, तो पानी के सभी नक्षत्र हलके पड़ जायँगे।

[६६]

जेठ उज्यारी तीज दिन,
आद्रा रिप बरसन्त।
जोसी भाखै भड्डरी,
दुर्भिक्ष अवसि करन्त॥

जेठ सुदी तृतीया को यदि आर्द्रा नक्षत्र बरसे, तो भड्डरी ज्योतिषी कहते हैं कि अवश्य दुर्भिक्ष पड़ेगा।

[६७]

चैत मास जो बीज बिजोवै।
भरि बैसाखहिं टेसू धोवै॥

यदि चैत के महीने में बिजली चमके, तो बैसाख के महीने में इतना पानी बरसे कि टेसू के फूल धुल जायँगे।

[६८]

जेठ मास जो तपै निरासा।
तो जानो बरषा की आसा॥

जेठ के महीने में खूब गरमी पड़े, तो वर्षा की आशा करनी चाहिये।

[६९]

उतरे जेठ जो बोलै दादर।
कहैं भड्डरी बरसै बादर॥

यदि जेठ उतरते ही मेंढक बोलने लगें, तो वृष्टि जल्दी होगी।

[७०]

असाढ़ मास पुनर्गौना।
धुजा बाँधि के देखौ पौना॥
जो पै पवन पुरब से आवै।
उपजै अन्न मेघ झर लावै॥
अगिन कोन जो बहै समीरा।
पड़ै काल दुख सहै सरीरा॥
दखिन बहै जल थल अलगीरा।
ताहि समै जूझै बड़ बीरा॥
नीरथ कोन बूँद ना परैं।
राजा परजा भूखन मरै॥
पच्छिम बहै नीक कर जानो।
पड़ै तुसार तेज डर मानो॥
बायव बह जल थल अति भारी।
मूस उगाह दंड बस नारी॥
उत्तर उपजै बहु धन धान।
खेत बात सुख करै किसान॥
कोन इसान दुन्दुभी बाजै।
दही भात भोजन सब गाजै॥

असाढ़ की पूर्णमासी को झण्डी बाँधकर हवा का रुख देखना चाहिये। यदि पूर्व की हवा हो, तो समझना चाहिये कि पैदावार अच्छी होगी, वृष्टि बहुत होगी।

यदि पूर्व और दक्षिण कोन की हवा हो, तो अकाल पड़ेगा और शरीर को कष्ट मिलेगा।

यदि दक्षिण की हवा हो, तो पानी बहुत बरसेगा और बड़े-बड़े योद्धा लड़ मरेंगे।

यदि दक्षिण-पश्चिम कोन की हवा हो, तो बरसात न होगी और राजा-प्रजा दोनों भूखों मरेंगे।

यदि पश्चिम की हवा हो, तो मौसम अच्छा होगा। लेकिन पाला ज़्यादा पड़ेगा।

यदि पश्चिम-उत्तर कोन की हवा हो, तो पानी बहुत बरसेगा। लेकिन चूहे बहुत पैदा होंगे और हानि पहुँचायेंगे। प्लेग होगा और स्त्रियाँ दुःख पायेंगी।

यदि उत्तर की हवा हो, तो धन-धान्य की उपज बहुत होगी, और किसान मौज करेंगे।

यदि पूर्व-उत्तर कोन की हवा हो, तो पैदावार अच्छी होने के कारण शादी-ब्याह बहुत होंगे। सब लोग दही-भात खाकर मस्त रहेंगे।

[७१]

कृष्ण अषाढ़ी प्रतिपदा,
जो अम्बर गरजन्त।
छत्री छत्री जूझिया,
निहचै काल पड़न्त॥

आषाढ़ कृष्ण प्रतिपदा को यदि आकाश गरजे, तो क्षत्रिय-क्षत्रिय लड़ पड़ेंगे और निश्चय अकाल पड़ेगा।

पाठान्तर—उत्तर गरजन्त।

[७२]

धुर आसाढ़ी बिज्जु की,
चमक निरन्तर जोय।

सोमाँ सुकराँ सुरगुराँ,
तो भारी जल होय ॥

आषाढ़ बदी में यदि लगातार थोड़ी-थोड़ी दूर पर सोमवार, शुक्र और बृहस्पति के दिन बिजली चमके तो पानी बहुत बरसेगा।

[७३]

नवैं असाढ़े बादलो,
जो गरजैं घनघोर।
कहैं भड्डरी जोतिसी,
काल पड़ै चहुँओर ॥

आषाढ़ कृष्ण नौमी का यदि बादल ज़ोर का गरजें तो भड्डरी ज्योतिषी कहते हैं कि चारोंओर अकाल पड़ेगा।

[७४]

दसैं असाढ़ी कृष्ण की,
मंगल रोहिनि होय।
सस्ता धान बिकाइहै,
हाथ न छुइहैं कोय ॥

आषाढ़ कृष्ण की दशमी को यदि मंगल और रोहिणी हो, तो इतना सस्ता अन्न बिकेगा कि कोई हाथ से भी न छुवेगा।

[७५]

सुदि असाढ़ में बुध को,
उदै भयो जो देख।
सुक्र अस्त सावन लखो,
महाकाल अवरेख ॥

आषाढ़ शुक्ल में यदि बुध उदय हों और सावन में शुक्र अस्त हों, तो महा अकाल पड़ेगा।

[७६]

सुदि असाढ़ की पंचमी,
गरज धमधमो होय।
तो यों जानो भड्डरी,
मधुरी मेघा जोइ॥

आषाढ़ शुक्ल की पंचमी को यदि बिजली चमके, तो भड्डरी कहते हैं कि बरसात अच्छी होगी।

[७७]

सुदि असाढ़ नौमी दिना,
बादर भीनो चन्द।
जानें भड्डर भूमि पर,
मानो होय अनन्द॥

आषाढ़ शुक्ल नवमी को यदि चन्द्रमा के ऊपर हलका बादल छाया रहे तो भड्डरी कहते हैं कि पृथ्वी पर आनन्द होगा।

[७८]

चित्रा स्वाति विसाखड़ी,
जो बरसै आषाढ़।
चलौ नरौं विदेसड़ो,
परिहै काल सुगाढ़॥

यदि आषाढ़ में चित्रा, स्वाती और विशाखा नक्षत्र बरसें, तो भयानक अकाल पड़ेगा। मनुष्यों को विदेश ही में शरण मिलेगी।

[७९]

आसाढ़ी पूनो दिना,
बादर भीनो चन्द।
सो भड्डर जोसी कहै,
सकल नरौं आनन्द॥

आषाढ़ पूर्णिमा को यदि चन्द्रमा बादलों से ढका हो, तो भड्डरी कहते हैं कि सब मनुष्य सुख पायेंगे।

[८०]

आसाढ़ी पूनो दिना,
निर्मल ऊगै चन्द।
पीव जाव तुम मालवै,
अटूठैं है दुख द्वन्द॥

आषाढ़ की पूर्णिमा को यदि चन्द्रमा स्वच्छ उदय हो, तो हे स्वामी! तुम मालवे चले जाना, यहाँ कठिन दुःख पड़ेगा।

[८१]

आसाढ़ी पूनो दिना,
गाज बीज बरसन्त।
नासै लच्छन काल का,
आनँद मानो सन्त॥

आषाढ़ की पूर्णिमा को यदि बादल गरजे, बरसे और बिजली चमके, तो सुकाल का लक्षण है। खूब आनन्द होगा।

[८२]

आसाढ़ी पूनो की साँझ।
वायु देखिये नभ के माँझ॥
नैऋत भूइँ बूँद ना पड़े।
राजा परजा भूखों मरे॥
अगिन कोन जो बहे समीरा।
पड़े काल दुख सहे सरीरा॥
उत्तर से जल फूहों परे।
मूस साँप दोनों अवतरें॥

पच्छिम संमै नीक करि जान्यो।
आगे वहै तुसार प्रमान्यो ॥
जो कहुँ वहै इसाना कोना।
नाप्यो विस्वा दो दो दोना ॥
जो कहुँ हवा अकासे जाय।
परै न बूँद काल परि जाय ॥
दक्खिन पच्छिम आधो समयो।
भड्डर जोसी ऐसे भनयो ॥

आषाढ़ की पूर्णिमा की शाम के आकाश में हवा की परीक्षा करना। नैऋत्य कोन की हवा हो, तो पृथ्वी पर एक बूँद भी पानी नहीं पड़ेगा और राजा प्रजा दोनों भूखों मरेंगे।

अग्नि कोन की हवा हो, तो अकाल पड़ेगा और शरीर को कष्ट मिलेगा।

उत्तर की हवा हो, तो पानी साधारण बरसेगा और चूहे और साँप बहुत पैदा होंगे।

पश्चिम की हवा हो, तो समय अच्छा होगा। किन्तु आगे चलकर पाला पड़ेगा।

और यदि कहीं ईसान कोन की हवा हो, तो पैदावार बिस्वे में दो दो दोने भर की होगी।

यदि हवा आकाश की ओर जाय, तो एक बूँद भी वर्षा न होगी और अकाल पड़ जायगा।

दक्खिन पश्चिम की हवा हो, तो पैदावार आधी होगी। भड्डरी ज्योतिषी ने ऐसा कहा है।

[८३]

जो बदरी बादर माँ खमसे।
कहैं भड्डरी पानी बरसे ॥

बादल से बादल मिलें, तो भड्डरी कहते हैं कि पानी बरसेगा।

[८४]

आसाढ़ मास आठें अँधियारी।
जो निकले चन्दा जलधारी॥
चन्दा निकले बादल फोड़।
साढ़े तीन मास बरखा का जोग॥

आषाढ़ बदी अष्टमी को यदि चन्द्रमा बादल में से निकले, तो साढ़े-तीन महीने वर्षा होगी।

[८५]

आगे रवि पीछे चलै,
मंगल जो आसाढ़।
तौ बरसै अनमोल ही,
पृथी अनन्दै बाढ़॥

आषाढ़ में यदि सूर्य आगे और मंगल पीछे हो, तो पानी खूब बरसेगा और पृथ्वी पर आनंद बढ़ेगा।

[८६]

आर्द्रा भरणी रोहिणी,
मघा उत्तरा तीन।
इन मंगल आँधी चलै,
तबलौं बरसा छीन॥

यदि मंगल के दिन आर्द्रा, भरणी, रोहिणी और तीनो उत्तरा नक्षत्रों में आँधी चले, तो बरसात कम समझना।

[८७]

असाढ़ मास पूनो दिवस,
बादल घेरे चन्द।

पच्छिम संभै नीक करि जान्यो।
आगे पड़ै तुसार प्रमान्यो॥
जो कहुँ चलै इसाना कोना।
नाप्यो बिस्वा दो दो दोना॥
जो कहुँ हवा अकासे जाय।
परै न बूँद काल परि जाय॥
दक्खिन पच्छिम आधो समयो।
भड्डर जोसी ऐसे भनयो॥

आषाढ़ की पूर्णिमा की शाम को आकाश में हवा की परीक्षा करना। नैऋत्य कोन की हवा हो, तो पृथ्वी पर एक बूँद भी पानी नहीं पड़ेगा और राजा प्रजा दोनों भूखों मरेंगे।

अग्नि कोन की हवा हो, तो अकाल पड़ेगा और शरीर को कष्ट मिलेगा।

उत्तर की हवा हो, तो पानी साधारण बरसेगा और चूहे और साँप बहुत पैदा होंगे।

पश्चिम की हवा हो, तो समय अच्छा होगा। किन्तु आगे चलकर पाला पड़ेगा।

और यदि कहीं ईसान कोन की हवा हो, तो पैदावार बिस्वे में दो दो दोने भर की होगी।

यदि हवा आकाश की ओर जाय, तो एक बूँद भी वर्षा न होगी और अकाल पड़ जायगा।

दक्खिन पश्चिम की हवा हो, तो पैदावार आधी होगी। भड्डरी ज्योतिषी ने ऐसा कहा है।

[८३]

जो बदरी बादर माँ खमसे।
कहै भड्डरी पानी बरसे॥

बादल से बादल मिलें, तो भड्डरी कहते हैं कि पानी बरसेगा।

[८४]

आसाढ़ मास आठें अँधियारी।
जो निकले चन्दा जलधारी॥
चन्दा निकले बादल फोड़।
साढ़े तीन मास बरखा का जोग॥

आषाढ़ बदी अष्टमी को यदि चन्द्रमा बादल में से निकले, तो साढ़े-तीन महीने वर्षा होगी।

[८५]

आगे रवि पीछे चलै,
मंगल जो आसाढ़।
तौ बरसै अनमोल ही,
पृथी अनन्दै बाढ़॥

आषाढ़ में यदि सूर्य आगे और मंगल पीछे हो, तो पानी खूब बरसेगा और पृथ्वी पर आनंद बढ़ेगा।

[८६]

आर्द्रा भरणी रोहिणी,
मघा उत्तरा तीन।
इन मंगल आँधी चलै,
तबलौं बरखा हीन॥

यदि मंगल के दिन आर्द्रा, भरणी, रोहिणी और तीनों उत्तरा नक्षत्रों में आँधी चले, तो बरसात कम समझना।

[८७]

असाढ़ मास पूनो दिवस,
बादल घेरे चन्द।

तो भड्डर जोसी कहैं,
होवै परम अनन्द ॥

आषाढ़ की पूर्णमासी को यदि चन्द्रमा बादलों से घिरा रहे, तो भड्डर कहते हैं कि परम आनन्द होगा। अर्थात् वर्षा अच्छी होगी।

[८८]

आगे मंगल पीछे भान।
वरषा होवै ओस समान ॥

जब मंगल आगे हो और सूर्य पीछे, तब वर्षा ओस के समान अर्थात् बहुत थोड़ी होगी।

[८९]

आगे मघा पीछे भान।
वरषा होवै ओस समान ॥

आगे मघा और पीछे सूर्य हो, तो वर्षा ओस के समान होगी।

[९०]

आगे मघा पीछे भान।
पानी पानी रटै किसान ॥

आगे मघा और पीछे सूर्य हो, तो सूखा पड़ेगा। किसान पानी-पानी की रट लगायेगा।

[९१]

रात निर्मली दिन को छाँहीं।
कहैं भड्डरी पानी नाहीं ॥

रात निर्मल हो और दिन में बादलों की छाया दिखाई पड़े, तो भड्डरी कहते हैं कि अब वर्षा न होगी।

[९२]

पूरब को घन पच्छिम चलै।
राँड़ बतकही हँसि हँसि करै॥
ऊ बरसै ऊ करै भतार।
भड्डर के मन यही विचार॥

पूर्व का बादल पश्चिम को जाता हो, विधवा पर-पुरुष से हँस-हँस कर बतलाती हो, तो भड्डर कहते हैं कि वे बादल बरसेंगे और विधवा दूसरा पति कर लेगी।

[९३]

मगल रथ आगे चलै,
पीछे चलै जो सूर।
मन्द वृष्टि तब जानिये,
पड़सी सगलै भूर॥

यदि मंगल आगे हो और सूर्य पीछे; तो वृष्टि कम होगी और सर्वत्र सूखा पड़ेगा।

[९४]

आगे मंगल पीठ रवि,
जो असाढ़ के मास।
चौपट नासै चहुँ दिसा,
बिरलै जीवन आस॥

आषाढ़ में यदि मंगल आगे हो, और सूर्य पीछे; तो चारोंओर चौपायों का नाश होगा और शायद ही किसी के जीने की आशा हो।

[९५]

न गिनु तीनि सै साठ दिन,
ना कर लग्न विचार।

गिनु नौमी आषाढ़ बदि,
होवै पौनउ बार ॥

रवि अकाल मंगल जग डरै।
बुध समो सम भायो लगै॥
सोम शुक्र सुरगुरु जो होय।
पुहुमी फूल फलन्ती जोय॥

न तीन सौ साठ दिनों की गिनती करो, और न लग्न का विचार करो। आषाढ़ बदी नवमी का विचार करो, चाहे वह किसी दिन पड़े। रविवार को होगी तो अकाल पड़ेगा, मंगल को होगी तो सभी कांप उठेंगे; बुध को होगी तो समभाव रहेगा; सोमवार, शुक्रवार या बृहस्पतिवार को होगी तो पृथ्वी और भी फूलें फलेंगी।

[९६]

रोहिनि जा बरसै नहीं,
बरसै जेठ नित मूर।
एक बूँद स्वाती पड़ै,
लागै तीनों तूर॥

यदि रोहिणी न बरसे, पर जेठा और मूल बरस जाय और एक बूँद स्वाती की भी पड़ जाय, तो तीनों फसलें अच्छी होंगी।

[९७]

सावन पहली चौथ में,
जो मेघा बरसाय।
तो भाखैं यों भड्डली,
साख सवाई जाय॥

सावन बदी चौथ को यदि बादल बरसे, तो भड्डरी कहते हैं कि उपज सवाई होगी।

[९८]

साधन पहिले पाख में,
दसमी रोहिणि होइ।
महँग नाज अरु अल्प जल,
विरला विलसै कोइ॥

श्रावण के पहले पक्ष की दशमी को यदि रोहिणी हो, तो अन्न महँगा होगा, जल कम बरसेगा और शायद ही कोई सुख भोगे।

[९९]

सावन वदि एकादसी,
जेती रोहिणि होय।
तेतो समया ऊपजै,
चिन्ता करो न कोय॥

श्रावण कृष्ण एकादशी को जितने दंड रोहिणी होगी, उसी परिमाण से उपज होगी। व्यर्थ चिंता कोई मत करो।

[१००]

सावन कृष्ण एकादसी,
गर्जि मेघ घहरात।
तुम जाओ पिय मालवै,
हम जावैं गुजरात॥

सावन बदी एकादशी को यदि बादल गरज-गरज कर घहराता रहे, तो अकाल पड़ेगा। हे स्वामी! तुम मालवे चले जाना और मैं गुजरात चली जाऊँगी।

[१०१]

जो कृतिका तो किरवरो,
रोहिणि होय सुकाल। •

जो मृगसिर आवै तहाँ,
निहचै पड़ै दुकाल ॥

यदि सावन बदी द्वादशी को कृत्तिका हो, तो अन्न का भाव साधारण रहेगा। रोहिणी हो, तो सुकाल होगा और यदि मृगशिर पड़े, तो निश्चय दुर्भिक्ष पड़ेगा।

[१०२]

सावन सुकला सत्तमी,
छिपि कै ऊगै भान।
तब लग दैव बरीसिहैं,
जब लग देव-उठान ॥

सावन सुदी सप्तमी को यदि इतनी बदली हो कि उदय होते समय सूर्य दिखाई न दे, बाद को दिखाई दे, तो समझना चाहिये कि वर्षा देवोत्थान एकादशी तक होगी।

[१०३]

सावन केरे प्रथम दिन,
उवत न दीखै भान।
चार महीना बरसै पानी,
याको है परमान ॥

सावन बदी प्रतिपदा को यदि ऐसी बदली हो कि उदय के समय सूर्य न दिखाई पड़े, तो निश्चय जानो कि चार महीने तक वृष्टि होगी।

[१०४]

माघ उजेरी अष्टमी,
वार होय जो चन्द।
तेल घीव को जानिये,
महँगो होय दुचन्द ॥

यदि माघ सुदी षष्टमी को सोमवार हो, तो तेल और घी का भाव दूना महँगा हो जायगा।

[१०५]

पुरवा बादर पच्छिम जाय।
वासे वृष्टि अधिक बरसाय॥
जो पच्छिम से पूरब जाय।
वर्षा बहुत न्यून हो जाय॥

दिशा से यदि बादल पश्चिम को जायँ, तो वृष्टि अधिक होगी। यदि पश्चिम से बादल पूर्व को जायँ, तो वर्षा बहुत न्यून होगी।

[१०६]

सावन बदी एकादसी,
बादल ऊगै सूर।
तो यों भाखै भड्डरी,
घर घर बाजै तूर॥

सावन बदी एकादशी को यदि उदय होते हुये सूर्य पर बादल रहें, तो भड्डरी कहते हैं कि सुकाल होगा और घर घर आनंद की बंशी बजेगी।

[१०७]

सावन सुक्ला सत्तमी,
चन्दा छिटिक करै।
की जल देखौ कूप में,
की कामिनि सीस धरै॥

सावन सुदी सप्तमी को यदि आकाश निर्मल हो और चन्द्रमा साफ़ उदय हो, तो सूखा पड़ेगा। पानी या तो कुँए में मिलेगा या घड़े में स्त्रियों के सिर पर।

[१०८]

सावन पहली पंचमी,
जोर की चलै बयार।
तुम जाना पिय मालवा,
हम जावै पितुसार ॥

सावन बदी पंचमी को यदि जोर की हवा चले, तो हे प्रिय! तुम मालवे चले जाना, मैं पिता के घर चली जाऊँगी। अर्थात् अकाल पड़ेगा।

[१०९]

चित्रा स्वाति विसाखहूँ,
सावन नहिं बरसन्त।
हाली अन्नै संग्रहो,
दूनो मोल करन्त ॥

यदि चित्रा, स्वाती और विशाखा भी सावन में न बरसे, तो जल्दी अन्न का संग्रह कर लो। क्योंकि भाव दूना महँगा हो जायगा।

[११०]

करक जु भीजै काँकरो,
सिंह अभीनो जाय।
ऐसा बोलै भड्डली,
टीड़ी फिरि फिरि खाय ॥

सावन में जब कर्क राशि पर सूर्य हों, तब यदि इतनी अल्प वृष्टि हो कि केवल कंकड़ ही भीजे और सिंह राशि भी सूखा ही जाय, तो भड्डरी कहते हैं टीड़ी पैदा होंगी और बार-बार फसल को खायँगी।

[१११]

मीन सनीचर कर्क गुरु,
जो तुल मंगल होय।

गोहूँ गोरस गोरड़ी,
बिरला बिलसै कोय ॥

यदि मीन का शनैश्चर, कर्क का बृहस्पति और तुला का मंगल हो, तो गेहूँ, दूध और ऊख की उपज मारी जायगी और शायद ही कोई इनसे सुख पावे।

[११२]

कै जु सनीचर मीन को,
कै जु तुला को होय।
राजा बिग्रह प्रजा छय,
बिरला जीवै कोय ॥

शनैश्चर मीन का हो या तुला का, दोनों दशाओं में राजाओं में युद्ध होगा, प्रजा का नाश होगा और शायद ही कोई जीवित बचे।

[११३]

सावन कृष्ण पच्छ में देखौ।
तुल को मगल होय बिसेखौ ॥
कर्क रासि पर गुरु जो जावै।
सिंह रासि में सुक्र सुहावै ॥
ताल सो सोखै बरसै धूर।
कहूँ न उपजै सातो तूर ॥

सावन के कृष्ण पक्ष में यदि तुला का मंगल हो, या कर्क राशि पर बृहस्पति हो, या सिंह राशि पर शुक्र हो, तो तालाब सूख जायँगे, धूल की वृष्टि होगी और कहीं अन्न न उपजेगा।

[११४]

सावन उजरे पाख में,
जो ये सब दरसाय।
जुद होय छत्री लड़ैं,
भिरैं भूमिपति राय ॥

सावन सुदी में यदि यही योग पड़े, तो भयानक लड़ाई होगी, क्षत्रिय और राजा राव लड़ेंगे।

[११५]

तीतर बरनी बादरी,
रहै गगन पर छाय।
कहै डंक सुनु भड्डरी,
बिन बरसे ना जाय॥

तीतर के पंख की शक्ल वाली बदली यदि आकाश पर छा जाय, तो डंक कहते हैं कि हे भड्डरी! सुन, वह बदली बरसे बिना नहीं जायगी।

[११६]

सावन सुक्ला सत्तमी,
उवत जो दीखै भान।
या जल मिलि हैं कूप में,
या गंगा असनान॥

सावन सुदी सप्तमी को यदि आकाश साफ़ हो और सूर्य उदय होता हुआ दिखाई पड़े, तो सूखा पड़ेगा। पानी या तो कुँवों में मिलेगा या गंगा-स्नान में।

[११७]

सावन पछियाँ भादों पुरवा,
आसिन बहै इसान।
कातिक कंता सींक न डोले,
गाजैं सबै किसान॥

सावन में पछुवाँ, भादों में पूर्वा और आश्विन में ईशान कोन की हवा बहे, तो हे स्वामी! कातिक में एक सींक भी न हिलेगी, अर्थात् हवा न बहेगी। और सब किसान हर्ष से गरजेंगे।

[११८]

तीतर बरनी बादरी,
विधवा काजर रेख।
वे बरसैं वे घर करैं,
कहैं भड्डरी देख॥

तीतर के पंख की तरह बदली हो और विधवा की आंखों में काजल की रेखा हो, तो भड्डरी कहते हैं कि बदली बरसेगी और विधवा दूसरा घर करेगी।

[११९]

पवन थक्यो तीतर लवै,
गुरुहि सदेवै नेह।*
कहत भड्डरी जोतिसी,
ता दिन बरसै मेह॥

हवा थम गई हो, तीतर ओदा खा रहे हों, . . . तो भड्डर ज्योतिषी कहते हैं कि उस दिन वर्षा होगी।

[१२०]

कलसे पानी गरम है,
चिरियाँ न्हावैं धूर।
अंडा लै चींटी चढ़ैं,
तौ बरषा भरपूर॥

घड़े में पानी गरम जान पड़े, चिड़ियाँ धूल में नहायें और चींटी अंडे लेकर चलें, तो भरपूर वर्षा होगी।

---

* पाठ स्पष्ट नहीं है।

[१२१]

बोले मोर महातुरी,
खाटी होय जु छाछ।
मेह मही पर परन को,
जानौ काछे काछ॥

मोर जल्दी-जल्दी बोले और मट्ठा खट्टा हो जाय, तो समझो कि पानी पृथ्वी पर पड़ने के लिये कछनी काछे है।

[१२२]

सावन सुक्ला सत्तमी,
जो बरसै अधिरात।
तू पिय जाओ मालवा,
हम जायें गुजरात॥

सावन सुदी सप्तमी को यदि आधी रात के समय पानी बरसे, तो हे पति! तुम मालवे चले जाना और मैं गुजरात चली जाऊँगी। अर्थात् अकाल पड़ेगा।

[१२३]

सावन उसमे भादों जाड़।
बरखा मारे ठाढ़ कछाँड़॥

यदि सावन में गरमी जान पड़े और भादों में सरदी, तो समझना चाहिये कि वर्षा बहुत होगी।

[१२४]

कुही अमावस मूल बिन,
बिन रोहिनि अखतीज।
स्रवन बिना हो सावनी,
आधा उपजै बीज॥

अमावस के दिन मूल नक्षत्र न पड़े, अक्षय तृतीया को रोहिणी न पड़े और सलूनो के दिन श्रवण न पड़े, तो बीज आधा उगेगा।

[१२५]

सावन पहली पंचमी,
गरभे ऊदे भान।
बरखा होगी अति घनी,
ऊँचे जानो धान॥

सावन बदी पंचमी को यदि सूर्य बादलों में से निकले, तो बड़ी वर्षा होगी और धान की फ़सल अच्छी होगी।

[१२६]

सावन बदी एकादशी,
जितनी घड़ी क होय।
तितनी संवत नीपजै,
चिंता करै न कोय॥

सावन बदी एकादशी को जै घड़ी एकादशी होगी, उतने ही सेर अन्न बिकेगा। कोई चिन्ता न करे।

[१२७]

मृगसिरा वायु न बादला,
रोहिनि तपै न जेठ।
अद्रा जो बरसै नहीं,
कौन सहै अलसेठ॥

यदि मृगशिरा में न हवा चले, न बादल हों, जेठ में गरमी न पड़े और आर्द्रा न बरसे, तो खेती करने का झंझट कौन ले? अर्थात् मौसम बहुत ख़राब होगा।

[१२८]

सर्व तपै जो रोहिणी,
सर्व तपै जो मूर।
परिवा तपै जो जेठ की,
उपजै सातो तूर॥

यदि रोहिणी पूरी तपे, मूल भी पूरा तपे और जेठ का परिवा भी पूरा तपे, तो सातों प्रकार के अन्न उत्पन्न हों।

[१२९]

जौ पुरवा पुरवाई पावे।
झूरी नदिया नाव चलावे॥
ओरी क पानी बँड़ेरी जावे॥

अगर पूर्वा नक्षत्र में पूर्व की हवा चले, तो इतना पानी बरसे कि सूखी नदी में भी नाव चलने लगे। और ओलती का पानी छप्पर की चोटी पर चढ़ जायगा।

[१३०]

सावन सुकला सत्तमी,
जो गरजै अधिरात।
बरसै तो सूखा पड़े,
नाहीं समौ सुकाल॥

सावन सुदी सप्तमी को यदि आधी रात के समय बादल गरजे और पानी बरसे, तो सूखा पड़ेगा और यदि पानी न बरसे, तो समय अच्छा होगा।

[१३१]

भोर समै डरडम्बरा,
रात उजेरी होय।
दुपहरिया सूरज तपै,
दुरभिछ तेऊ जोय॥

सवेरे आकाश में बादल छाये हों, रात में आकाश साफ़ रहे और दोपहर में सूर्य तपे, तो दुर्भिक्ष पड़ेगा।

[१३२]

सुकरवारी बादरी,
रही सनीचर छाय।
तो यों भाखै भड्डरी,
बिन बरसे नहिँ जाय॥

शुक्रवार के दिन बदली हो और शनैश्चरवार को छाई रहे, तो भड्डरी कहते हैं कि बिना बरसे वह नहीं जायगी।

[१३३]

मघादि पंच नछत्तरा,
भृगु पच्छिम दिसि होय।
तो यों जानो भड्डरी,
पानी पृथी न जोय॥

मघा, पूर्वा, उत्तरा, हस्त और चित्रा नक्षत्रों में यदि शुक्र पश्चिम दिशा में हो, तो भड्डरी कहते हैं कि पृथ्वी पर पानी न बरसेगा।

[१३४]

रात्यो बोलै कागला,
दिन में बोलै स्याल।
तो यों भाखै भड्डरी,
निहचै परै अकाल॥

रात में यदि कौवे बोलें और दिन में सियार; तो भड्डरी कहते हैं कि अकाल निश्चय पड़ेगा।

[१३५]

रवि के आगे सुरगुरू,
ससि सुका परवेस।

दिवस चु चौथे पाँचवें,
रुधिर वहन्तो देस ॥

यदि सूर्य के आगे वृहस्पति हों और चन्द्रमा शुक्र की परिधि में प्रवेश करे, तो उसके चौथे-पाँचवें दिन देश में रक्त बह चलेगा।

[१३६]

सूर उगे पच्छिम दिसा,
धनुप उगन्तो जान।
दिवस जो चौथे पाँचवें,
रुडमुंड महि मान ॥

यदि सूर्योदय के समय पश्चिम दिशा में इन्द्र-धनुष दिखाई पड़े, तो उसके चौथे-पाँचवें दिन पृथ्वी रुण्ड-मुण्ड से भर जायगी।

[१३७]

उतरा उत्तर दै गई,
हस्त गयो मुख मोरि।
भली विचारी चित्रा,
परजा लेइ वहोरि ॥

उत्तरा सूखा जवाब दे गई। हस्त मुख मोड़कर चला गया। बेचारी चित्रा ने उजड़ती हुई प्रजा को फिर बसा लिया। अर्थात् उत्तरा और हस्त में वृष्टि नहीं हो, पर चित्रा में हो जाय, तो भी फ़सल अच्छी होगी।

पाठान्तर—भींजै चित्रा पावरी, परजा लेइ वहोरि।

[१३८]

रवि ऊगंते भादवा,
अम्मावस रविवार।
धनुप उगन्ते पच्छिम,
होसी हाहाकार ॥

भादों के अमावस्या को यदि रविवार हो, और उस दिन सूर्योदय के समय पश्चिम दिशा में इन्द्र-धनुष दिखाई पड़े, तो संसार में हाहाकार मच जायगा।

[१३९]

भादों की सुदि पंचमी,
स्वाति सँजोगी होय।
दोनों सुभ जोगै मिलै,
मंगल बरती लोय॥

भादों सुदी पंचमी को यदि स्वाती हो, तो यह योग शुभ है। लोग आनन्द से रहेंगे।

[१४०]

भादों मासै ऊजरी,
लखौ मूल रविवार।
तो यों भाखै भड्डरी,
साख भली निरधार॥

यदि भादों सुदी में रविवार के दिन मूल नक्षत्र हो, तो फ़सल अच्छी होगी, ऐसा भड्डरी कहते हैं।

[१४१]

मूल गल्यो रोहिनि गलो,
अद्रा बाजी बाय।
हाली बेंचो बधिया,
खेती लाभ नसाय॥

यदि मूल और रोहिणी नक्षत्र में बादल हो और आर्द्रा में हवा चले, तो जल्दी बैल बेंच डालो। खेती में लाभ न होगा।

[१४२]

भादों बदी एकादसी,
जो ना छिटकै मेघ।

चार मास बरसै नहीं,
कहै भड्डरी देस ॥

भादों बदी एकादशी को यदि बादल तितर-बितर न हो जायँ, तो चार मास तक वर्षा न होगी। ऐसा भड्डरी कहते हैं।

[१४३]

क्या रोहिनि बरसा करै,
बचै जेठ नित मूर।
एक बूँद कृतिका पड़ै,
नासै तीनों तूर ॥

रोहिणी में वर्षा होने और जेठ में न होने से क्या लाभ-हानि है? एक बूँद भी यदि कृत्तिका बरस जाय, तो तीनों फ़सलें चौपट हो जायँगी।

[१४४]

आस्विन बदी अमावसी,
जो आवै सनिवार।
समयो होवै किरवरो,
जोसी करो विचार ॥

कुआर बदी अमावस को यदि शनिवार पड़े, तो समय साधारण होगा।

[१४५]

बिजै दसैं जो बारो होई।
सवतसर के राजा सोई ॥

विजयादशमी के दिन जो वार होगा, वही संवत्सर का राजा होगा। जैसे मंगलवार हो तो राजा मंगल हो।

[१४६]

स्वाती दीपक जो बरै,
खेल बिसारा गाय।

धना गयंदा रन चढ़ै,
उपजी सारु नसाय ॥

यदि स्वाती नक्षत्र में दीवाली हो, और कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को विशाखा नक्षत्र में चन्द्रमा हो तो बड़ी भारी लड़ाई हो और खेती की हानि हो।

[१४७]

जिन बारौं रवि संक्रमै,
तिनै अमावस होय।
खप्पर हाथा जग भ्रमै,
भीख न घालै कोय ॥

जिस दिन सूर्य की संक्रान्ति हो और उसी दिन अमावस भी हो, तो ऐसा अकाल पड़ेगा कि लोग हाथ में खप्पर लेकर फिरेंगे और कोई भीख न डालेगा।

[१४८]

जिन बारौं रवि संक्रमै,
तासों चौथे वार।
असुभ परती सुभ करै,
जोसी जोतिस सार ॥

जिस दिन सूर्य की संक्रान्ति हो, उसके चौथे दिन अशुभ भी हो, तो शुभ फल होता है।

[१४९]

दूजे तीजे किरवरो,
रस कुसुम्भ महँगाय।
पहले छठये आठयें,
पिरथी परलै जाय ॥

सूर्य की संक्रान्ति के दूसरे और तीसरे दिन गड़बड़ हैं। रसदार पदार्थ और तेलहन महँगा होगा। और पहला, छठाँ और आठवाँ तो पृथ्वी पर प्रलय करने वाले हैं।

[१५०]

जाड़े में सूतो भलो,
बैठो बरषा काल।
गरमी में ऊभो भलो,
चोंगो करै सुकाल॥

द्वितीया का चन्द्रमा जाड़े में सोया हुआ, वर्षा में बैठा हुआ और गर्मी में खड़ा शुभ है।

[१५१]

रिक्ता तिथि अरु क्रूर दिन,
दुपहर अथवा प्रात।
जो सक्रान्ति सो जानियो,
संवत महँगो जात॥

रिक्ता तिथि और क्रूर दिन (जैसे शनिवार, मंगल आदि) को यदि दोपहर या प्रातःकाल में संक्रान्ति पड़े, तो समझना कि संवत् महँगा जायगा।

[१५२]

ज्येष्ठा आर्द्रा सतभिखा,
स्वाति सुलेखा माँहि।
जो संक्रान्ति तो जानियो,
महँगो अन्न बिकाहिँ॥

ज्येष्ठा, आर्द्रा, शतभिषा, स्वाती, श्लेषा में यदि संक्रान्ति हो, तो समझना कि अन्न महँगा बिकेगा।

[१५३]

कर्क संक्रमी मंगलवार।
मकर संक्रमी सनिहि विचार॥

पद्रह महुरतनारी होय।
देस उजाड मरे यों जोय॥

यदि मर्क की समान्ति मगलवार को पडे और मकर की समान्ति शनिवार को, तथा वह पन्द्रह मुहूर्त की हो, तो ऐसा अकाल पडेगा कि देश उजड़ जायगा।

[१५४]

जिहि नक्षत्र में रवि तपै,
तिहीं अमावस होय।
परिवा साँझी जा मिलै,
सूर्य ग्रहण तब होय॥

सूर्य जिस नक्षत्र म होता है, उसी में अमावस्या होती है। शाम को यदि प्रतिपदा हो जाय, तो सूर्यग्रहण होगा।

[१५५]

मास अगहन्य जो तीज अँध्यारी।
लेहु जोतिसी ताहि विचारी॥
तिहि नक्षत्र जो पूरनमासी।
निहचै चन्द्रग्रहन उपनासी॥

महीने की कृष्णपक्ष की तृतीया को कौन सा नक्षत्र है, ज्योतिपी को इसका विचार कर लेना चाहिये। यदि उसी नक्षत्र में पूर्णिमा पडे, तो निश्चय चन्द्रग्रहण होगा।

[१५६]

दो आस्विन दो भादों,
दो अपाढ के माँह।
सोना चाँदी बेंचकर,
नाज वेसाहो साह॥

[१५०]

जाड़े में सूतो भला,
बैठो बरषा काल।
गरमी में ऊभो भलो,
चोखा करै सुकाल॥

द्वितीया का चन्द्रमा जाड़े में सोया हुआ, वर्षा में बैठा हुआ और गर्मी में खड़ा शुभ है।

[१५१]

रिक्ता तिथि अरु क्रूर दिन,
दुपहर अथवा प्रात।
जो सक्रान्ति सो जानियो,
संवत महँगो जात॥

रिक्ता तिथि और क्रूर दिन (जैसे शनिवार, मंगल आदि) को यदि दोपहर या प्रातःकाल में संक्रान्ति पड़े, तो समझना कि संवत् महँगा जायगा।

[१५२]

ज्येष्ठा आर्द्रा सतभिखा,
स्वाति सुलेखा माँहि।
जो संक्रान्ति तो जानियो,
महँगो अन्न बिकाहिं॥

ज्येष्ठा, आर्द्रा, शतभिषा, स्वाती, श्लेषा में यदि संक्रान्ति हो, तो समझना कि अन्न महँगा बिकेगा।

[१५३]

कर्क संक्रमी मंगलवार।
मकर संक्रमी सनिहि विचार॥

पंद्रह महुरतवारी होय।
देस उजाड़ करै यों जोय॥

यदि कर्क की संक्रान्ति मंगलवार को पड़े और मकर की संक्रान्ति शनिवार को, तथा वह पन्द्रह मुहूर्त्त की हो, तो ऐसा अकाल पड़ेगा कि देश उजड़ जायगा।

[१५४]

जिहि नक्षत्र में रवि तपै,
तिहीं अमावस होय।
परिवा साँझी जो मिलै,
सूर्य ग्रहण तब होय॥

सूर्य जिस नक्षत्र में होता है, उसी में अमावस्या होती है। शाम को यदि प्रतिपदा हो जाय, तो सूर्यग्रहण होगा।

[१५५]

मास अगन्य जो तीज अँध्यारी।
लेहु जोतिसी ताहि विचारी॥
तिहि नक्षत्र जो पूरनमासी।
निहचै चन्द्रग्रहन उपजासी॥

महीने की कृष्णपक्ष की तृतीया को कौन सा नक्षत्र है, ज्योतिषी को इसका विचार कर लेना चाहिये। यदि उसी नक्षत्र में पूर्णिमा पड़े, तो निश्चय चन्द्रग्रहण होगा।

[१५६]

दो आस्विन दो भादौं,
दो असाढ़ के माँह।
सोना चाँदी बेंचकर,
नाज बेसाहो साह॥

[१५०]

जाड़े में सूतो भला,
बैठो बरषा काल।
गरमी में ऊभो भलो,
चांगो करै सुकाल॥

द्वितीया का चन्द्रमा जाड़े में सोया हुआ, वर्षा में बैठा हुआ और गर्मी में खड़ा शुभ है।

[१५१]

रिक्ता तिथि अरु क्रूर दिन,
दुपहर अथवा प्रात।
जो सक्रान्ति सो जानियो,
संवत महँगो जात॥

रिक्ता तिथि और क्रूर दिन (जैसे शनिवार, मंगल आदि) को यदि दोपहर या प्रातःकाल में संक्रान्ति पड़े, तो समझना कि संवत् महँगा जायगा।

[१५२]

ज्येष्ठा आर्द्रा सतभिखा,
स्वाति सुलेखा माँहि।
जो संक्रान्ति तो जानियो,
महँगो अन्न बिकाहिं॥

ज्येष्ठा, आर्द्रा, शतभिषा, स्वाती, श्लेषा में यदि संक्रान्ति हो, तो समझना कि अन्न महँगा बिकेगा।

[१५३]

कर्क संक्रमी मंगलवार।
मकर संक्रमी सनिहि बिचार॥

पंद्रह मुहुरतचारी होय।
देस उजाड़ करै यों जोय॥

यदि कर्क की संक्रान्ति मंगलवार को पड़े और मकर की संक्रान्ति शनिवार को, तथा वह पन्द्रह मुहूर्त की हो, तो ऐसा अकाल पड़ेगा कि देश उजड़ जायगा।

[१५४]

जिहि नक्षत्र में रवि तपै,
तिहीं अमावस होय।
परिवा साँझी जो मिलै,
सूर्य ग्रहण तब होय॥

सूर्य जिस नक्षत्र में होता है, उसी में अमावस्या होती है। शाम को यदि प्रतिपदा हो जाय, तो सूर्यग्रहण होगा।

[१५५]

मास अष्य जो तीज अँध्यारी।
लेहु जोतिसी ताहि विचारी॥
तिहि नक्षत्र जो पूरनमासी।
निहचै चन्द्रग्रहन उपजासी॥

महीने की कृष्णपक्ष की तृतीया को कौन सा नक्षत्र है, ज्योतिषी को इसका विचार कर लेना चाहिये। यदि उसी नक्षत्र में पूर्णिमा पड़े, तो निश्चय चन्द्रग्रहण होगा।

[१५६]

दो आस्विन दो भादौं,
दो असाढ़ के माँह।
सोना चाँदी बेंचकर,
नाज बेसाहो साह॥

यदि किसी वर्ष में, दो आश्विन या भादों या दो आषाढ़ पड़ें, तो सोना-चाँदी बेचकर अन्न खरीदो। क्योंकि अकाल पड़ेगा। अन्न महँगा होगा।

[१५७]

पाँच सनीचर पाँच रवि,
पाँच मँगर जो होय।
छत्र टूटि धरनी परै,
अन्न महँगो होय॥

यदि एक महीने में पाँच सनीचर या पाँच रविवार या पाँच मंगल पड़ें, तो महा अशुभ है। इससे राजा का नाश होगा और अन्न महँगा होगा।

पाठान्तर—माघे मंगर जेठ रवि, जो शनि भादों होय।
छत्र टूटि धरती परे, की अन्न महँगो होय॥

माघ में पाँच मंगल, जेठ में पाँच रवि और भादों में पाँच शनिवार पड़ें, तो राजा का नाश होगा या अन्न महँगा होगा।

[१५८]

सावन सुक्ला सत्तमी,
उभरे निकले भान।
हम जायें पिय माइके,
तुम कर लो गुजरान॥

सावन सुदी सप्तमी को यदि सूर्य बिना बादलों के साफ़ निकलता हुआ दिखाई पड़े, तो हे प्रियतम! मैं माइके चली जाऊँगी, तुम किसी तरह दिन काट लेना। अर्थात् सूखा पड़ेगा।

[१५९]

धुर अषाढ़ की अष्टमी,
ससि निर्मल जो दीख।
पीव जाइके मालवा,
माँगत फिरि हैं भीख॥

आषाढ़ बदी अष्टमी को यदि चन्द्रमा के आसपास बादल न हों, तो अकाल पड़ेगा। और पुरुष मालवे में जाकर भीख माँगता फिरेगा।

[१६०]

भादों जै दिन पछुवाँ ब्यारी।
तै दिन माघे पड़े तुसारी॥

भादों में जितने दिन पछुवाँ हवा बहेगी, माघ में उतने दिन पाला पड़ेगा।

[१६१]

जै दिन जेठ बहे पुरवाई।
तै दिन सावन धूरि उड़ाई॥

जेठ में जितने दिन पूर्वा हवा बहेगी, सावन में उतने दिन धूल उड़ेगी।

[१६२]

सावन पुरवाई चलै,
भादों में पछियाँव।
कन्त डँगरवा बेंचि के,
लरिका जाइ जियाव॥

सावन में पूर्वा हवा चले और भादों में पछुवाँ; तो हे स्वामी! बैलों को बेंचकर बालबच्चों की रक्षा करो। अर्थात् वर्षा कम होगी।

[१६३]

सुक्रवार की बादरी,
रहै सनीचर छाय।
ऐसा बोलैं भड्डरी,
बिन बरसे नहिँ जाय॥

यदि शुक्रवार के बादल हों और शनीचर तक क़ायम रहें, तो भड्डरी कहते हैं कि बिना बरसे वे नहीं जायँगे।

[१६४]

अगहन द्वादस मेघ अखाड़।
असाढ़ बरसै अछना धार॥

यदि अगहन की द्वादशी के बादलों का जमघट दिखाई पड़े, तो आषाढ़ में वर्षा बहुत होगी।

[१६५]

मोरपंख बादल उठे,
राँडौं काजर रेख।
वह बरसे वह घर करे,
या में मीन न मेख॥

जब मोर के पंख की सी सूरत वाले बादल उठें और विधवा आँखों में काजल दे, तो समझना चाहिये कि बादल बरसेंगे और विधवा किसी पर पुरुष के साथ बस जायगी। इसमें संदेह नहीं।

[१६६]

कर्करासि में मंगलवारी।
ग्रहण परै दुर्भिच्छ विचारी॥

जब चन्द्रमा कर्क राशि में हो, तब मंगल के दिन चन्द्रग्रहण हो, तो दुर्भिक्ष पड़ेगा।

[१६७]

गुरु वासर धन बरखा करई।
थावर बारा राजा मरई॥

और जब धन राशि में बृहस्पति के दिन चन्द्रग्रहण हो, तो वर्षा होगी और यदि रविवार को हो तो राजा मरेगा।

[१६८]

एक मास में ग्रहण जो दोई।
तो भी अन्न महँगो होई॥

एक महीने में यदि दो ग्रहण पड़ें, तो भी अन्न महँगा होगा।

[१६९]

गहत्ता आथा गहतो ऊगै।
तोऊ चोरसी साख न पूगै॥

यदि ग्रहण अस्तास्त या अस्तोदय हो, तो भी फ़सल अच्छी न होगी।

[१७०]

अद्रा भद्रा कृत्तिका,
असरेखा जो मघाहिँ।
चन्दा ऊगै दूज को,
सुख से नरा अघाहिँ॥

यदि द्वितीया का चन्द्रमा आर्द्रा, भद्रा, कृत्तिका, अश्लेषा या मघा में उदय हो, तो मनुष्य सुख से तृप्त हो जायँगे।

[१७१]

तेरह दिन का देखो पाख।
अन्न महँग समझो वैसाख॥

यदि पक्ष तेरह दिन का हो, तो अन्न महँगा होगा।

[१७२]

छः ग्रह एकै राशि बिलोकौ।
महाकालको दीन्हों कोकौ॥

यदि छः ग्रह एक ही राशि पर हों, तो मानों महाकाल को निमन्त्रण दिया है।

[१७३]

सनि चकर की सुनिये बात।
मेष राशि भुगते गुजरात॥
वृष में करे निरोवाचार।
भूवै आबू औ गिरनार॥

मिथुने पिंगल औ मुलतान।
कर्के कास्मीर खुरसान॥
जो सनि सिंहा करसी रंग।
तो गढ़ दिल्ली होसी भंग॥
जो सनि कन्या करै निवास।
तो पूरब कछु माल विनास॥
तुला वृश्चिके जो सनि होय।
मारवाड़ ने काट विलोय॥
मकरा कुंभा जो सनि आवै।
दीन्हों अन्न न कोई खावै॥
जो धन मीन सनीचर जाइ।
पवन चलै पानी जु नसाय॥

अब शनि के चन्द्र की बात सुनो। यदि शनि मेष राशि पर हो, तो गुजरात कष्ट भोगेगा।

वृष राशि पर हो, तो सब प्रकार का सुख छिन्न-भिन्न हो जायगा। और आबू गिरनार प्रान्त दुःख भोगेंगे।

मिथुन राशि पर हो, तो पिङ्गल देश और मुल्तान, और कर्क राशि पर हो, तो काश्मीर और खुरासान पर संकट आयेगा।

यदि शनि सिंह राशि पर होगा, तो दिल्ली का राजभंग होगा।

यदि शनि कन्या राशि पर होगा, तो पूर्व दिशा में हानि पहुँचायेगा।

यदि वृश्चिक राशि पर होगा, तो मारवाड़ को भूखों मारेगा।

मकर और कुम्भ राशियों पर शनि होगा, तो ऐसा कष्ट पड़ेगा कि कोई दिया हुआ अन्न भी नहीं खायगा।

धन और मीन राशियों पर शनि होगा, तो हवा तेज़ चलेगी और सूखा पड़ेगा।

[१७४]

साते पाँच तृतीया दसमी,
एकादसि मे जीव।
ऐहि तिथिन पर जोतहु,
तौ प्रसन्न हो सीव॥

सप्तमी, पंचमी, तृतीया, दशमी और एकादशी में जीव का होता है। इन तिथियों में खेत जोते, तो शिवजी प्रसन्न होते हैं।

[१७५]

भादो की छठ चाँदनी,
जो अनुराधा हो।
ऊबड़खाबड़ बोय दे,
अन्न घनेरा हो॥

भादों सुदी छठ को यदि अनुराधा नक्षत्र हो, तो खराब ज़मीन को भी यदि बो दोगे, तो अन्न बहुत पैदा होगा।

[१७६]

मौन अमावस मूल निन,
रोहिनि बिन अखतीज।
सावन सरवन ना मिले,
वृथा बखेरो बीज॥

यदि मौनी अमावस के दिन मूल नक्षत्र न हो, अक्षय तृतीया को रोहिणी न हो और श्रावण में श्रवण नक्षत्र न हो, तो बीज बोना व्यर्थ है। अर्थात् सूखा पड़ेगा।

[१७७]

इतवार करै धनवन्तरि होय।
सोम करै सेवा फल होय॥

बुध बिहफै सुक्रै भरै बखार।
सनि मंगल बीज न आवै द्वार॥

खेती का काम यदि रविवार को प्रारम्भ करे, तो किसान धनवान् होगा। सोमवार को करेगा, तो परिश्रम का फल मिलेगा। बुध, बृहस्पति और शुक्र को करेगा, तो अन्न से कोठिला भर जायगा और यदि शनिवार और मंगलवार को प्रारम्भ करेगा, तो हानि होगी और बीज भी लौटकर घर नहीं आयेगा।

[१७८]

कर्क के मंगल होयँ भवानी।
दैव धूर बरसेंगे पानी॥

यदि सावन में कर्क और मंगल का योग हो, तो निश्चय वृष्टि होगी।

[१७९]

सोम सनीचर पुरुब न चाल।
मंगर बुद्ध उतर दिसि काल॥
जो बिहफै को दक्खिन जाय।
बिना गुनाहें पनहीं खाय॥
बुद्ध कहै मैं बड़ा सयाना।
मोरे दिन जिन किह्यौ पयाना॥
कौड़ी से नहिँ भेंट कराऊँ।
कल कुसुल से घर पहुँचाऊँ॥

सोमवार और शनिवार को पूर्व, मंगल और बुध को उत्तर में दिशाशूल है।

बृहस्पति को जो दक्षिण जायगा, वह बिना अपराध ही जूतों से पीटा जायगा।

बुध कहता है कि मैं बड़ा चतुर हूँ। पर मेरे दिन कहीं जाना मत। मैं कौड़ी से भी भेंट नहीं होने देता। हाँ, क्षेम-कुशल से घर वापस पहुँचा देता हूँ।

[१८०]

रवि तामूल सोम के दरपन।
भौमवार गुर धनियाँ चरबन॥
बुद्ध मिठाई बिहफै राई।
सुक्र कहै मोहिँ दही सुहाई॥
सनी बाउभिरंगो भावै।
इन्द्रौ जीति पुत्र घर आवै॥

रविवार को पान खाकर, सोमवार को दर्पण देखकर, मंगलवार को गुड़ और धनिया खाकर, बुध को मिठाई और बृहस्पति को राई खाकर यात्रा में जाना चाहिये। शुक्रवार कहता है कि मुझे दही पसन्द है। शनिवार को वायभिरङ्ग भाता है। इस प्रकार घर से प्रयाण करने वाला इन्द्र को भी जीत कर घर वापस आयेगा।

[१८१]

भरणि बिसाखा कृत्तिका,
आर्द्रा मघ मूल।
इनमें काटै कूकुरा,
भड्डर है प्रतिकूल॥

भरणी, विशाखा, कृत्तिका, आर्द्रा, मघा और मूल नक्षत्रों में कुत्ता काटे, तो भड्डर कहते हैं कि बुरा है।

[१८२]

कपड़ा पहिरै तीनि बार।
बुद्ध बृहस्पत सुकवार॥
हारे अबरे का इतवार।
भड्डर का है यही बिचार॥

बुध, बृहस्पति और शुक्रवार को नया वस्त्र धारण करना चाहिये।

यदि बड़ी ही ज़रूरत आ पड़े, तो रविवार को भी पहना जा सकता है। भड्डरी की यही राय है।

[१८३]

गवन समय जो स्वान।
फरफराय दे कान॥
एक सूद्र दो बैस असार।
तीनि विप्र औ छत्री चार॥
सनमुख आवै जो नौ नार।
कहै भड्डरी असुभ विचार॥

घर से चलते समय यदि कुत्ता कान फटफटा दे, तो बुरा है। सामने से एक शूद्र, दो वैश्य, तीन ब्राह्मण और चार क्षत्रिय और नौ स्त्रियाँ आयें, तो भड्डरी कहते हैं कि अशुभ है।

[१८४]

चलत समय नेउरा मिलि जाय।
बाम भाग चारा चखु खाय॥
काग दाहिने खेत सुहाय।
सफल मनोरथ समझहु भाय॥

प्रयाण करते समय यदि नेवला मिल जाय, नीलकंठ बाईं तरफ़ चारा खा रहा हो, दाहिने ओर कौवा हो, तो मनोरथ को सिद्ध समझो।

[१८५]

लोमा फिरि फिरि दरस दिखावे।
बाये ते दहिने मृग आवै॥
भड्डर ऋषि यह सगुन बतावैं।
सगरे काज सिद्ध होइ जावैं॥

लोमड़ी बारबार दिखाई पड़े, हरिण बायें से दाहिने को आयें, तो भड्डरी कहते हैं कि कार्य सिद्ध होगा।

[१८६]

भैंसि पाँच खट स्वान।
एक बैल यक बकरा जान॥
तीनि धेनु गज सात प्रमान।
चलत मिलैं मति करो पयान॥

यदि चलने के समय पाँच भैंसें, छः कुत्ते, एक बैल, एक बकरा, तीन गायें और सात हाथी मिलें, तो रुक जाना चाहिये।

[१८७]

सगुन सुभासुभ निकट हो,
अथवा होवै दूर।
दूरि से दूरि निकट से निकट,
समझौ फल भरपूर॥

शुभ और अशुभ शकुन दूर हों, तो फल को दूर समझना चाहिये, निकट हों तो निकट।

[१८८]

नारि सुहागिन जल घट लावै।
दधि मछली जो सनमुख आवै॥
सनमुख धेनु पिआवै बाछा।
यही सगुन हैं सब से आछा॥

सौभाग्यवती स्त्री पानी से भरा हुआ घड़ा लाती हो, या सामने से दही और मछली आती हो, या गाय बछड़े को पिला रही हो, तो शकुन सबसे अच्छा है।

[१८९]

रबिदिन बास चमार घर,
ससि दिन नाई गेह।

मंगल दिन काछी भयन,
बुध दिन रजक मनेह ॥
गुरु दिन ब्राह्मण के धर्मै,
भृगु दिन वैश्य गँवार।
सनि दिन वेश्या के धर्मै,
भड्डर कहैं विचार ॥

भड्डरी कहते हैं कि रविवार को चमार के घर, सोमवार को नाई के घर, मंगल को काछी के घर, बुध को धोबी के घर, बृहस्पति को ब्राह्मण के घर, शुक्रवार को वैश्य के घर और शनिवार को वेश्या के घर प्रस्थान रखना चाहिये।

[१९०]

सनमुख छींक लड़ाई भाखै।
पीठि पाछिलो सुख अभिलाखै ॥
छींक दाहिनी धन को नासै।
बाम छींक सुख सदा प्रकासै ॥
ऊँची छींक महा सुभकारी।
नीची छींक महा भयकारी ॥
अपनी छींक महा दुखदाई।
कह भड्डर जोसी समझाई ॥
अपनी छींक राम बन गयऊ।
सीता हरन तुरतै भयऊ ॥

सामने छींक होगी, तो लड़ाई होगी। पीठ पीछे की छींक सुख देगी। दाहिने ओर की छींक धन का नाश करती है। बाईं ओर की छींक सदा सुख देनेवाली है। ज़ोर की छींक शुभ करनेवाली है और हलकी छींक भय उत्पन्न करनेवाली है। अपनी छींक बड़ी ही दुःखदायिनी है। भड्डरी कहते हैं कि रामचन्द्र अपनी छींक के साथ बन गये थे, परिणाम यह हुआ कि तुरन्त ही सीता का हरण हुआ।

[१९१]

सिर पर गिरै राज सुख पावै।
औ ललाट ऐश्वर्यहिं आवै॥
कंठ मिलावै पिय को लाई।
काँधे पड़े विजय दरसाई॥
जुगल कान औ जुगल भुजाहू।
गोधा गिरे होय धन लाहू॥
हाथन ऊपर जो कहुँ गिरई।
सम्पति सकल गेह में धरई॥
निश्चय पीठ परै सुख पावै।
परे काँख पिय बंधु मिलावै॥
कटि के परे वस्त्र बहु रंगा।
गुदा परे मिल मित्र अभंगा॥
जुगल जाँघ पर आनि जो परई।
धन गन सकल मनोरथ भरई॥
परे जाँघ नर होइ निरोगी।
परव परे तन जीव वियोगी॥
या बिधि पल्ली सरट विचारा।
कह्यो भड्डरी जोतिस सारा॥

छिपकली और गिरगिट यदि सिर पर गिरें, तो राजसुख मिले। ललाट पर पड़ें, तो ऐश्वर्य मिले। कंठ पर पड़ें, तो प्रियजन से भेंट हो। कंधे पर पड़ें, तो विजय प्राप्त हो। दोनों कानों और दोनों भुजाओं पर पड़ें, तो धन का लाभ हो। यदि हाथों पर गिरें, तो धन घर में आवे। पीठ पर पड़े, तो निश्चय सुख मिले। काँख पर पड़े, तो प्रिय-बन्धु से भेंट हो। कटि पर पड़े, तो रंगबिरंगे वस्त्र मिलें। गुदा पर पड़े, तो सच्चा मित्र मिले। यदि दोनों जाँघों पर पड़े, तो धन आदि का सब मनोरथ पूरे हों। एक जाँघ पर पड़े, तो मनुष्य नीरोगी होगा। यदि पर्व के दिन गिरे, तो शरीर और जीव का वियोग होगा। इस

प्रकार छिपकली और गिरगिट का विचार भड्डरी ने ज्योतिष का सार लेकर कहा है।

[१९२]

स्वान धुनै जो अग, अथवा लोटै भूमि पर।
तौ निज कारज भंग, अनिष्ठी कुसगुन जानिये॥

यदि यात्रा के समय कुत्ता अपना शरीर फरफराये या भूमि पर लोटता दिखाई दे, तो बड़ा अशकुन समझना चाहिये, कार्य की हानि अवश्य होगी।

[१९३]

सूके सोमे बुद्धे वाम।
यदि स्वर लंका जीते राम॥
जो स्वर चले सोई पग दीजै।
काहे क पंडित पत्रा लीजै॥

शुक्रवार, सोमवार और बुधवार को बायें स्वर में काम प्रारम्भ करने से सिद्ध होता है। राम ने इसी स्वर में लंका जीती थी।

बायाँ स्वर चले, तो बायाँ पैर आगे रखना चाहिये। दाहिना चले, तो दाहिना पैर। इससे कार्य सिद्ध होगा। पञ्चाङ्ग में विचार करने की क्या आवश्यक्ता है?

[१९४]

पुरुब गुधूली पश्चिम प्रात।
उत्तर दुपहर दक्खिन रात॥
का करै भद्रा का दगसूल।
कहै भड्डर सब चकनाचूर॥

पूर्व दिशा में यात्रा करनी हो, तो गोधूली (संध्या) के समय, पश्चिम जाना हो, तो प्रात काल, उत्तर जाना हो, तो दोपहर को और दक्खिन जाना हो, तो रात में घर से निकलना चाहिये। भड्डरी कहते हैं कि इस प्रकार चलने से भद्रा और दिशाशूल क्या कर सकेंगे? सब चकनाचूर हो जायँगे।

राजपूताने में भड्डली की कहावतें

[१]

सूरज तेज मुतेज,
आड बोले अनयाली।
मही माट गल जाय,
पवन फिर बैठे छाली॥
कीड़ी मेलै इड,
चिडी रेत में नहावै।
काँसी कामन दौड,
आभलीलो रग आवै॥
डेडरो डहक बाडा चढ़ै,
बिसहर चढ नैठै बड़ाँ।
पाँडिया जोतिस झूठा पडै,
घन बरसै इतरा गुणाँ॥

यदि धूप की तेज़ी बढ़ जाय, चातक चिल्लाने लगे, घी पिघल जाय, बकरी हवा के रुख पर पीठ करके बैठे, चीटियाँ अंडे लेकर चलें, गौरैया धूल में नहाय काँसे का रंग फीका पड़ जाय, आकाश का रंग गहरा नीला हो जाय, मेढक काँटों की बाड़ में घुस जायँ और साँप वृक्ष के ऊपर चढ़कर बैठे, तो घनी वर्षा होगी। ज्योतिषी का कथन झूँठा हो सकता है, पर ये लक्षण मिथ्या नहीं हो सकते।

[२]

ईसानी।
विसानी॥

ईशान कोन में यदि बिजली चमके, तो पैदावार अच्छी होगी।

[३]

अगस्त ऊगा।
मेह पूगा॥

अगस्त तारा उदय होने पर बरसात का अंत समझना चाहिये।

तुलसीदास ने भी कहा है:—

उदित अगस्त पंथ जल सोखा।
जिमि लोभहिं सोखै संतोषा॥

[४]

परभाते मेह डंबरा,
साँजे सीला वाव।
डंक कहै हे भड्डली,
काला तणा सुभाव॥

डंक भड्डली से कहता है कि यदि प्रातःकाल मेघ भागे जा रहे हों और को ठंडी हवा चले, तो समझना चाहिये कि अकाल पड़ेगा।

[५]

ऊगन्तेरो माछलो,
अथँव तेरी मोग।
डक कहै हे भड्डली,
नहियाँ चढ़सी गोग॥

यदि प्रातःकाल इन्द्रधनुष हो और संध्या को सूर्य की किरणें लाल ई पड़ें, तो समझना चाहिये कि नदियों में बाढ़ आयेगी।

[६]

आमा राता।
मेह माता॥

आकाश लाल हो, तो वर्षा बहुत हो।

[७]

आभा पीला।
मेह सोला॥

आकाश पीला हो, तो वर्षा कम हो।

[८]

दुश्मन की किरपा बुरी,
भली मित्र की त्रास।
आडंग कर गरमी करै,
जद बरसन की आस॥

शत्रु की कृपा की अपेक्षा मित्र की डाट-डपट अच्छी है। जब कड़ाके की गरमी पड़ती है और पसीना नहीं सूखता, तब वर्षा की आशा होती है।

[९]

अगस्त ऊगा मेह न मंडे।
जे मंडे तो धार न खंडे॥

अगस्त के उदय होने पर वर्षा होती ही नहीं। और यदि होती है, तो मूसलधार होती है।

[१०]

सवारो गाजियो,
नै सापुरस रो बोलियो—
एल्यो नही जाय॥

सबेरे का गरजना और सत्पुरुष का वचन निष्फल नहीं जाता।

[११]

पानी पाता पादसा,
उत्तर सूँ आवै।

पानी, पाला और बादशाह उत्तर ही से आया करते हैं।

[१२]

परभाते मेह डम्बरा,
दोफाराँ तपत।
रातू तारा निरमला,
चेला करो गछंत॥

प्रात काल मेघ दौड़ें, दोपहर को धूप कड़ी हो और रात को निर्मल आकाश में तारे दिखाई पड़ें, तो अकाल पड़ेगा, वहाँ से अपना रास्ता लेना चाहिये।

[१३]

धन जायाँ कुल मेहनो,
धन वूँठा कण हाण।

कन्या की अधिकता कुटुम्ब की हानि करती है और अधिक वर्षा अन्न का।

[१४]

झिमलियाँ बोलै रात निमाई।
छाली वाडाँ बेस छिकाई॥
गोहाँ राग करे गरणाई।
जोराँ मेह मोराँ अजगाई॥

यदि रात भर झींगुर बोले, बकरी बाड़ के पास बैठकर छींके, गोह ज़ोर से आवाज़ करे और मोर बोले, तो वर्षा होगी।

[१५]

भल भल थके पपइयों वाणी।
कूंपल कैर तणी कमलाणी॥
जलहल तो ऊगे रवि जाणी।
पहरां मांय अवसरे पाणी॥

यदि पपीहा चारोंओर पी-पी रटता हुआ फिरे, कैर (एक वृक्ष) की ताज़ी कोंपल कुम्हला जाय, और सूर्योदय के समय बड़ी कड़ी धूप हो, तो समझना चाहिये कि पहर भर के अंदर वर्षा होगी।

[१६]

नाडी जल हुवै तातो न्हाली।
थिर करवै नीलो रँग थाली॥
चहके बैठ सिरे चूँचाली।
काँटल बँधे उतर दिस काली॥

यदि तालाब का जल गरम हो जाय, काँसे की थाली नीली पड़ जाय और पनडुब्बी पेड़ पर बैठकर बोले, तो उत्तर दिशा से काली घटा आयेगी।

[१७]

जिए दिन नीली बले जवासी।
माँडे राड साँपरी मासी॥
वादल रहे रातरा वासी।
तो जाणो चौकस मेह आसी॥

यदि हरा जवासा जल जाय, बिल्लियाँ लड़ें और रात के बादल सबेरे तक रहें, तो समझना चाहिये कि वर्षा अवश्य आयेगी।

[१८]

विरछाँ चढ़े किरकाँट विराजे।
स्याह सुफेत लाल रँग साजे॥

[११]

पानी पाला पादसा,
उत्तर सूँ आवै।

पानी, पाला और बादशाह उत्तर ही से आया करते हैं।

[१२]

परभाते मेह डवरा,
दोफाराँ तपत।
रात् तारा निरमला,
चेला करो गछंत॥

प्रात काल मेघ दौड़ें, दोपहर को धूप कड़ी हो और रात को निर्मल आकाश में तारे दिखाई पड़ें, तो अकाल पड़ेगा, वहाँ से अपना रास्ता लेना चाहिये।

[१३]

घन जायाँ कुल मेहनो,
घन वूँठा कण हाण।

कन्या की अधिकता कुटुम्ब की हानि करती है और अधिक वर्षा अन्न का।

[१४]

विभलियाँ बोलै रात निमाई।
छाली बाड़ाँ बेस छिंकाई॥
गोहाँ राग करे गरणाई।
जोराँ मेह मोराँ अजगाई॥

यदि रात भर झींगुर बोले, बकरी बाड़ के पास बैठकर छींके, गोह ज़ोर से आवाज़ करे और मोर बोले, तो वर्षा होगी।

[१५]

भल भल थके पपइयों याणी।
कूँपल कैर तणी कमलाणी॥
उलहल तो उगे रवि जाणी।
पहरों मांय अवसरे पाणी॥

यदि पपीहा चारोंओर पी-पी रटता हुआ फिरे, कैर (एक वृक्ष) की ताज़ी कोंपल कुम्हला जाय, और सूर्योदय के समय बड़ी कड़ी धूप हो, तो समझना चाहिये कि पहर भर के अंदर वर्षा होगी।

[१६].

नाडी जल हौ तातो न्हाली।
थिर करवै नीलो रँग थाली॥
चहके बैठ सिरे चूँचाली।
काँठल बँधे उतर दिस काली॥

यदि तालाब का जल गरम हो जाय, काँसे की थाली नीली पड़ जाय और पनडुब्बी पेड़ पर बैठकर बोले, तो उत्तर दिशा से काली घटा आयेगी।

[१७]

जिण दिन नीली बले जवासी।
माँडे राड साँपरी मासी॥
बादल रहे रातरा बासी।
तो जाणो चौकस मेह आसी॥

यदि हरा जवासा जल जाय, बिल्लियाँ लड़ें और रात के बादल सबेरे तक रहें, तो समझना चाहिये कि वर्षा अवश्य आयेगी।

[१८]

बिरछाँ चढ़े किरकाँट बिराजे।
स्याह स्फेत लाल रँग साजे॥

विजनस पवन सूरियो वाजे।
घड़ी पलक माँहि मेह गाजे॥

यदि गिरगिट पेड़ पर बैठकर काला-सफेद या लाल रंग धारण करे और वायु उत्तर पश्चिम से चले, तो घड़ी दो घड़ी में वर्षा आयेगी।

[१९]

ऊँचो नाग चढ़ै तर ओडे।
दिस।पिछमाँण वादला दौड़े॥
सारस चढ़ असमान सजोडे।
तो नदियाँ ढाहा जल तोड़े॥

यदि साँप पेड़ की चोटी पर चढ़े, मेघ पश्चिम दिशा को दौड़ें और सारसों के जोड़े आकाश में उड़ें, तो नदी का जल किनारे को तोड़ कर बहेगा।

[२०]

ऊमस कर घृत माठ जमावै।
ईंडा कीड़ी वाहर लावै॥
नीर विना चिड़िया रज न्हावै।
मेह वरसे घर माँह न मावै॥

यदि गर्मी से घी पिघल जाय, चींटियाँ अपना अंडा बाहर निकालें और चिड़ियाँ रेत में नहायें, तो इतना पानी बरसेगा कि घर में नहीं समायगा।

[२१]

जटा वधे वड़री जद जाँणाँ।
वादल तीतर परा वखाणाँ॥
अवस नील रँग है असमाणाँ।
घण वरसे जल रो घमसाणाँ॥

जब बरगद की जटा बढ़ने लगे, बादल का रंग तीतर के पंख की तरह हो जाय, और आकाश का रंग गहरा नीला हो जाय, तब घमासान वर्षा होगी।

[२२]

गले अमल गुलरी ह्वै गारी।
रवि सिसरे दोलो कुडारी॥
सुरपत धनख करै विध सारी।
एरापत मघवा असवारी॥

यदि अफ़ीम गलने लगे, गुड़ में पानी छूटने लगे, सूर्य और चन्द्रमा के चारों ओर कुण्डल हो, इन्द्रधनुष पूरा दिखाई दे, तो इन्द्र ऐरावत की सवारी पर आयेगा।

[२३]

पवन गिरी छूटै परवाई।
ऊठे घटा छटा चढ़ आई॥
सारो नाज करै सरसाई।
धर गिर छोलाँ इन्द्र धपाई॥

यदि पूर्व से हवा चले, बिजली की चमक के साथ बादल चढ़े तथा नाज हरा होने लगे, तो भूमि और पर्वत को इन्द्र पानी से अघा देंगे।

[२४]

चैत चिडपड़ा।
सावन निरमला॥

यदि चैत्र में छोटी-छोटी बूँदें गिरें, तो सावन में वर्षा बिलकुल न होगी।

[२५]

जेठ मूँगा।
सदा सूँगा॥

यदि जेठ में अन्न महँगा हो, तो वर्ष भर सस्ता ही रहेगा।

[२६]

चैत मास नै परत अँधियारा।
आठम चौदस दो दिन सारा॥
जिण दिस बादल जिण दिस मेह।
जिण दिस निरमल जिण दिस खेह॥

चैत्र के कृष्णपक्ष की अष्टमी और चतुर्दशी को जिस दिशा में बादल होंगे, उस दिशा में बरसात में वर्षा अच्छी होगी, और जिस दिशा में बादल न होंगे, उस दिशा में धूल उड़ेगी।

[२७]

चैत मास उजियाले पाख।
नव दिन बीज लुकोई राख॥
आठम नम नीरत कर जोय।
जाँ बरसे जाँ दुरभख होय॥

चैत्र शुक्ल में प्रतिपदा से नवमी तक यदि बिजली न चमके, अष्टमी और नवमी को ख़ास तौर पर देखना चाहिये तो जहाँ वर्षा हो, वहाँ अकाल पड़ेगा।

[२८]

चैत मास जो बीज लुकोवै।
धुर बैसाखाँ केसू धोवै॥

यदि चैत्र में बिजली न चमके, तो आषाढ़ बदी में वृष्टि हो।
पाठान्तर—केसू=टेसू।

[२९]

जेठा अंत बिगाड़िया,
पूनम नै पड़वा।

यदि जेठ की पूर्णिमा और आषाढ़ की प्रतिपदा को छींटें पड़ें, तो अवश्य अच्छा नहीं।

[३०]

जेठ बीती पहली पड़वा,
जो अम्बर धरहड़ै।
असाढ़ सावन जाय कोरो,
भादरवे विरखा करै॥

आषाढ़ की प्रतिपदा को यदि बादल गरजे या वर्षा हो, तो आषाढ़ और सावन सूखे जायँगे और भादों में वर्षा होगी।

[३१]

आसाढ़ी धुर अष्टमी,
चन्द सेवरा छाय।
चार मास चवतो रहै,
जिउ भाँडे रै राय॥

आषाढ़ बदी अष्टमी को चंद्रोदय के समय यदि बादल हो, तो फूटी हाँडी की तरह वे चारो महीने चूते रहेंगे।

[३२]

आसाढ़ै सुद नौमी,
घन बादल घन बीज।
कोठा खरे खँखेर दो,
राखो बलद ने बीज॥

आषाढ़ सुदी नवमी को यदि बादल घना हो और खूब बिजली चमकती हो, तो ज़माना अच्छा होगा। कोठिला ख़ाली कर दो। सिर्फ़ बोने के लिये बीज और बैल रक्खो।

[३३]

आसाढ़ै सुद नवमी,
नै बादल नै बीज।

हल फाड़ो ईंधन करो,
बैठा चावो बीज ॥

आषाढ़ सुदी नवमी को यदि बादल और बिजली न हो, तो हल को तोड़कर जला दो और बैठे-बैठे बीज को चबा जाओ। क्योंकि वर्षा नहीं होगी।

[३४]

सावण पहली पंचमी,
मेह न मांडे आल।
पीउ पधारो मालवे,
मैं जासूँ मोसाल ॥

सावन बदी पंचमी तक यदि बादल बरसना प्रारम्भ न करे, तो हे पति! तुम मालवे चले जाना, मैं अपने नैहर चली जाऊँगी। क्योंकि अकाल पड़ेगा।

[३५]

सावण वदी एकादसी,
तीन नखत्तर जोय।
कृतिका होवे किरवरो,
रोहन होय सुगाल ॥
टुक यक आवै मिरगलो,
पड़ै अचिन्त्यौ काल ॥

सावन बदी एकादशी को तीन नक्षत्र देखो—यदि कृत्तिका हो, तो वर्षा मामूली हो; रोहिणी हो, तो सुकाल हो, और यदि मृगसिरा हो, तो ऐसा अकाल पड़ेगा, जैसा किसी ने सोचा भी नहीं होगा।

[३६]

सावण पहले पाख में,
जे तिथ ऊणी जाय।
कैयक वैयक देस में,
टाबर बेंचै माय ॥

सावन के पहले पक्ष में यदि कोई तिथि टूट जाय, तो किसी-किसी देश में ऐसा अकाल पड़ेगा कि माताएँ अपने बच्चे बेचेंगी।

[३७]

सावण पहली पंचमी,
झीनो छांट पड़ै।
डंक कहै हे भड्डली,
सफलां रूख फलै॥

यदि सावन बदी पंचमी को छींटें पड़ें, तो डंक भड्डली से कहते हैं कि वृष्टि अच्छी होगी और वृक्षों में फल आयेंगे।

[३८]

सावण पहिली पंचमी,
जो वाजे बहु वाय।
काल पड़ै सहु देस में,
मिनख मिनख नै खाय॥

सावन बदी पंचमी को यदि गहरी हवा चले, तो देश भर में ऐसा अकाल पड़ेगा कि आदमी को आदमी खा जायगा।

[३९]

आसोजां रा मेहड़ा,
दोय बात विनास।
बोरड़ियां बोर नहिं,
विणयां नहीं कपास॥

आश्विन में यदि वर्षा हो, तो दो प्रकार की हानि होगी—बेर की झाड़ियों में बेर नहीं लगेंगे और कपास में रुई न लगेगी।

हल फाड़ो ईंधन करो,
बैठा चावो बीज ॥

आषाढ़ सुदी नवमी को यदि बादल और बिजली न हो, तो हल को तोड़कर जला दो और बैठे-बैठे बीज को चबा जाओ। क्योंकि वर्षा नहीं होगी।

[३४]

सावण पहली पंचमी,
मेह न माँडै आल।
पीउ पधारो मालवे,
मैं जासाँ मोसाल ॥

सावन बदी पंचमी तक यदि बादल बरसना प्रारम्भ न करे, तो हे पति! तुम मालवे चले जाना, मैं अपने नैहर चली जाऊँगी। क्योंकि अकाल पड़ेगा।

[३५]

सावण वदी एकादसी,
तोन नखत्तर जोय।
कृतिका होवे किरवरो,
रोहन होय सुगाल ॥
टुक यक आवै मिरगलो,
पड़ै अचिन्त्यौ काल ॥

सावन बदी एकादशी को तीन नक्षत्र देखो—यदि कृत्तिका हो, तो वर्षा मामूली हो; रोहिणी हो, तो सुकाल हो; और यदि मृगसिरा हो, तो ऐसा अकाल पड़ेगा, जैसा किसी ने सोचा भी नहीं होगा।

[३६]

सावण पहले पाख में,
जे तिथ ऊणी जाय।
कैयक कैयक देस में,
टाबर वेचै माय ॥

सावन के पहले पच में यदि कोई तिथि टूट जाय, तो किसी-किसी देश में ऐसा अकाल पड़ेगा कि माताएँ अपने बच्चे बेंचेंगी।

[३७]

सावण पहली पंचमी,
झीनो छांट पड़ै।
डंक कहै है भड्डली,
सफलां रूख फलै॥

यदि सावन बदी पंचमी को छींटें पड़ें, तो डंक भड्डली से कहते हैं कि वृष्टि अच्छी होगी और वृक्षों में फल आयेंगे।

[३८]

सावण पहिली पंचमी,
जो वाजे बहु वाय।
काल पड़ै सहु देस में,
मिनख मिनख नै खाय॥

सावन बदी पंचमी को यदि गहरी हवा चले, तो देश भर में ऐसा अकाल पड़ेगा कि आदमी को आदमी खा जायगा।

[३९]

आसोजां रा मेहड़ा,
दोय बात विनास।
बोरड़ियां बोर नहिं,
बिणयां नहीं कपास॥

आश्विन में यदि वर्षा हो, तो दो प्रकार की हानि होगी—बेर की झाड़ियों में बेर नहीं लगेंगे और कपास में रुई न लगेगी।

[४०]

आसवाणी।
भागवाणी॥

आश्विन में वर्षा भाग्यवानों के यहाँ होती है।

[४१]

सासू जितरै सासरो,
आसू जितरै मेह।

जब तक सास जीती रहती है, तब तक ससुराल का सुख है। इसी प्रकार आश्विन तक वर्षा की आशा रहती है।

[४२]

काती ।
सब साथी॥

कार्तिक में सब फसलें साथ पकती हैं।

[४३]

दीवाली रा दीया दीठा।
काचर बोर मतीरा मीठा॥

दिवाली का दिया दिखाई देने तक कचरी, बेर और तरबूज़ मीठे हो जाते हैं।

[४४]

काती रो मेह,
कटक बराबर।

कार्तिक की वर्षा खेती के लिये वैसी ही हानिकारक है, जैसी सेना।

[४५]

मिँगसर बद वा सुद मँही,
आधे पोह वरे।

धुँवरा धुंध मचाय दे,
तो समियो होय सिरे ॥

यदि अगहन के कृष्ण या शुक्लपक्ष में या पौष के पहले पक्ष में यदि प्रातःकाल धुधँला हो, तो ज़माना अच्छा होगा।

[४६]

मिँगसर वद वा सुद महीं,
आधे पोह उरे।
धुँवर न भीजे धूल तो,
करसण काहे करे ॥

अगहन वदी या सुदी में या पौष वदी में मिट्टी ओस से गीली न हो, तो भूमि क्यों बोई जाय? अर्थात् उपज अच्छी न होगी।

[४७]

पोह सबिभल पेखजे,
चैत निरमलो चद।
डंक कहै हे भड्डली,
मण हूता अन मंद ॥

पौष में यदि गहरे बादल दिखाई पड़ें और चैत्र में चन्द्रमा स्वच्छ दिखाई पड़े, तो डंक भड्डली से कहता है कि अन्न रुपये के एक मन से भी सस्ता हो जायगा।

[४८]

बरसे भरणी।
छोड़े परणी ॥

यदि भरणी नक्षत्र में बरसात हो, तो परिणीता (विवाहिता स्त्री) को छोड़ना पड़ेगा। अर्थात् विदेश जाना पड़ेगा।

[४९]

किरती एक जबूकड़ो,
थोगन सह गलिया।

कृतिका नक्षत्र (१ से २२ मई तक) की बिजली की एक चमक भी पहले के सब अपशकुनों का नाश कर देती है।

[५०]

रोहन रेली ।
रुपया री अधेली ॥

रोहिणी में वर्षा हो, तो फ़सल रुपये की अठन्नी भर रह जायगी।

[५१]

पहली रोहन जल हरै,
बीजी बहोतर खाय।
तीजी रोहन तिण हरै,
चौथी समन्दर जाय॥

यदि पहली रोहिणी में वर्षा हो, तो अकाल पड़े; दूसरी में बहत्तर दिन तक सूखा पड़े; तीसरी में घास न उगे और चौथी में मूसलधार वर्षा हो।

[५२]

रोहन तपै ने मिरगला वाजै।
अदरा मैं अनचीतियो गाजै॥

रोहिणी में कड़ाके की गरमी पड़े, मृगशिरा में आँधी चले, तो आर्द्रा में मेघ ख़ूब गरजेगा ;

[५३]

रोहन वाजै मृगला तपै।
राजा जूझैं परजा खपै॥

यदि रोहिणी नक्षत्र में आँधी चले और मृगशिरा में ख़ूब धूप हो, तो राजा लोग लड़ेंगे और प्रजा का नाश होगा।

[५४]

मिरगा वाव न वाजियो,
रोहन तपी न जेठ।
केनै बाँधो भूँपड़ा,
बैठो बड़लै हेठ॥

यदि मृगशिरा में हवा न चले, और जेठ में रोहिणी नक्षत्र में कड़ाके की धूप न हुई, तो झोपड़ा क्यों बनाते हो? बरगद के नीचे बैठ जाओ। अर्थात् अकाल पड़ने से दूसरे स्थान को जाना होगा।

[५५]

द्वै मूसा द्वै कातरा,
द्वै टीडी द्वै ताव।
दोयाँ री बादी जल हरै,
द्वै बीसर द्वै बाव॥

यदि मृगशिर के प्रथम दो दिनों में हवा न चले, तो चूहे पैदा हों। तीसरे चौथे दिन हवा न चले, तो गुबरीले पैदा हों। पाँचवें छठें दिन हवा न चले, तो टीडी पैदा हों। सातवें आठवें दिन हवा न चले, तो ज्वर फैले। नवें दसवें हवा न चले, तो वर्षा कम हो। ग्यारहवें बारहवें हवा न चले, तो ज़हरीले कीड़े पैदा हों और तेरहवें चौदहवें न चले, तो ख़ूब आँधी चले।

[५६]

पहली आद टपूकड़ै,
मासाँ पाखाँ मेह।

यदि आर्द्रा के प्रारम्भ में बूँदें पड़ जायँ, तो महीने पखवाड़े में वर्षा हो।

[५७]

आदरा बाजे बाय।
भूँपड़ी जोला खाय॥

[४९]

किरती एक जबूकड़ो,

थोगन सह गलिया।

कृतिका नक्षत्र (६ से २२ मई तक) की बिजली की एक चमक भी पहले के सब अपशकुनों का नाश कर देती है।

[५०]

रोहन रेली ।

रुपया री अधेली ॥

रोहिणी में वर्षा हो, तो फ़सल रुपये की अठन्नी भर रह जायगी।

[५१]

पहली रोहन जल हरै,

बीजी बहोतर खाय।

तीजी रोहन तिण हरै,

चौथी समन्दर जाय ॥

यदि पहली रोहिणी में वर्षा हो, तो अकाल पड़े; दूसरी में बहत्तर दिन तक सूखा पड़े; तीसरी में घास न उगे और चौथी में मूसलधार वर्षा हो।

[५२]

रोहन तपै नै मिरगला वाजै ।

अदरा मैं अनचीतियो गाजै ॥

रोहिणी में कड़ाके की गरमी पड़े, मृगशिरा में आँधी चले, तो आर्द्रा में मेघ ख़ूब गरजेगा ।

[५३]

रोहन वाजै मृगला तपै ।

राजा जूझैं परजा खपै ॥

यदि रोहिणी नक्षत्र में आँधी चले और मृगशिरा में ख़ूब धूप हो, तो राजा लोग लड़ेंगे और प्रजा का नाश होगा।

[५४]

मिरगा वाव न वाजियो,
रोहन तपी न जेठ।
केनै बाँधो झूँपड़ा,
बैठो पड़लै हेठ॥

यदि मृगशिरा में हवा न चले, और जेठ में रोहिणी नक्षत्र में कड़ाके की धूप न हुई, तो झोपड़ा क्यों बनाते हो? बरगद के नीचे बैठ जाओ। अर्थात् अकाल पड़ने से दूसरे स्थान को जाना होगा।

[५५]

द्वै मूसा द्वै कातरा,
द्वै टीडो द्वै ताय।
दोयाँ री वादी जल हरै,
द्वै वीसर द्वै वाव॥

यदि मृगशिर के प्रथम दो दिनों में हवा न चले, तो चूहे पैदा हों। तीसरे चौथे दिन हवा न चले, तो गुबरीले पैदा हों। पाँचवें छठें दिन हवा न चले, तो टीड़ी पैदा हों। सातवें आठवें दिन हवा न चले, तो ज्वर फैले। नवें दसवें हवा न चले, तो वर्षा कम हो। ग्यारहवें बारहवें हवा न चले, तो ज़हरीले कीड़े पैदा हों और तेरहवें चौदहवें न चले, तो खूब आँधी चले।

[५६]

पहली आद टपूकड़ै,
मासाँ पाखाँ मेह।

यदि आर्द्रा के प्रारम्भ में बूँदें पड़ जावें, तो महीने पखवाड़े में वर्षा हो।

[५७]

आदरा वाजे वाय।
झूँपड़ी जोला खाय॥

आर्द्रा में हवा चले, तो झोपड़ी डाँवाडोल हो जाय। अर्थात् अकाल पड़े और घर छोड़ना पड़े।

[५८]

एक आदरगो हाथ लग जाय,
पछै तो जाट राजी।

आर्द्रा में एक बार भी वर्षा हो जाय, तो जाट (किसान) प्रसन्न हो जाय।

[५९]

आदरा भरै खायड़ा,
पुनरवसु भरै तलाव।
नै बरस्यो पुसै,
तो बरसही घणा दुसै॥

आर्द्रा में वर्षा हो, तो गड्ढे पानी से भर जायँगे। पुनर्वसु में बरसे, तो तालाब भर जाय और यदि पुष्य में न बरसे, तो फिर कठिनता से बरसेगा।

[६०]

असलेखा बूँठा,
वैदां घरे बधावना।

अश्लेषा में वर्षा हो, तो वैद्यों के घर बधाई बजे अर्थात् रोग खूब फैलेगा।

[६१]

मघा माचन्त मेहा।
नहीं तो उड़ंत खेहा॥

मघा में यदि बरसे, तो ठीक; नहीं तो धूल उड़ेगी।

[६२]

मघा मेह माचन्त।
नहीं तो गन्छन्त॥

मघा में या तो वर्षा होगी, या मेघ चले जायँगे।

[६३]

भादरवे जग रेलसी,
जे छट अनुराधा होय।
डंक कहै हे भड्डली,
चिन्ता करौ न कोय॥

यदि भादों बदी छठ को अनुराधा हो, तो वर्षा खूब होगी। डंक कहता है—हे भड्डरी! चिन्ता न करो।

[६४]

आखा रोहन बायरी,
राखी स्रवन न होय।
पोही मूल न होय तौ,
मही डोलन्ती जोय॥

अक्षय तृतीया को रोहिणी न हो, रक्षाबन्धन पर श्रवण न हो और पौष की पूर्णिमा को मूल न हो, तो पृथ्वी काँप उठेगी।

[६५]

चित्रा दीपक चेतवे,
स्वाते गोवरधन्न।
डक कहै हे भड्डली,
अथग नीपजे अन्न॥

यदि चित्रा में दीवाली हो, और गोवर्धन-पूजा के समय स्वाती हो, तो डंक भड्डली से कहता है कि अन्न की उपज बहुत होगी।

[६६]

स्वाते दीपक प्रजले,
बिसाखा पूजे गाय।
लाख गयन्दा धड़ पड़े,
या साख निरफल जाय॥

यदि दीवाली स्वाती नक्षत्र में हो, और दूसरे दिन गोपूजन के समय विशाखा हो, तो लड़ाई होगी; जिसमें लाखों हाथी मारे जायँगे, या क्रमश निष्फल होगी।

[६७]

दीया धोती पचमी
सोम सुकर गुरु मूल।
डक कहै हे भड्डली,
निपजे सातो तूल॥

कार्तिक सुदी पंचमी को यदि मूल नक्षत्र में सोमवार, शुक्रवार या बृहस्पतिवार पड़े, तो डंक भड्डली से कहता है कि सातो प्रकार के अन्न उत्पन्न होंगे।

[६८-६९]

काती पूनम दिन कृति,
चद मधाने जोय।
आगे पीछे दाहिने,
जिणसूँ निश्चय होय॥
आगे ह्वै तो अन्न नही,
पासे ह्वै तो ईत।
पीठ हुयाँ परजा सुखी,
निस दिन रह्यो नचीत॥

कार्तिक की पूर्णमासी को देखो कि चन्द्रमा का मध्य किस तरफ़ है, आगे है या पीछे या दाहिने ? उनसे निश्चय होगा कि यदि आगे होगा, तो अन्न नहीं उपजेगा; दाहिने होगा तो ईतिभीति* होगी और यदि पीछे होगा तो प्रजा सुखी रहेगी और रात-दिन निश्चिन्त रहना।

* अति वृष्टि, अनावृष्टि, चूहे, टिड्डी, पक्षी और राज-विद्रोह ,ये छः ईति कहते हैं।

[७०]

माहे मंगल जेठ रवि,
भादरवै सनि होय।
डंक कहै हे भड्डली,
विरला जीवै कोय॥

यदि माघ में पाँच मंगल, जेठ में पाँच रविवार और भादों में पाँच शनिवार पड़ें, तो डंक भड्डली से कहता है कि ऐसा अकाल पड़ेगा कि शायद ही कोई जीवित बचे।

[७१]

सावण मास सूरियो बाजै,
भादरवे परवाई।
आसोजाँ में समदरी बाजै,
काती साख सवाई॥

यदि श्रावण में उत्तर पश्चिम की हवा चले, भादों में पूर्वा, और कुवार में पश्चिम की हवा चले, तो कार्तिक में फ़सल अच्छी हो।

[७२]

पवन बाजै पूरियो।
हाली हलावकीम पूरियो॥

यदि उत्तर पश्चिम की हवा चले, तो किसान को गई ज़मीन में हल नहीं चलाना चाहिये। क्योंकि वर्षा जल्दी ही आनेवाली है।

[७३]

आधे जेठ अमावस्या,
रवि आथिम तो जोय।
बीज जो चंदो उगसी,
तो साख भरेला सोय॥

उत्तर होय तो अति भलो,
दक्खन होय दुकाल।
रवि माथे ससि आथये,
तो आधो एक सुगाल ॥

जेठ की अमावस्या को जहाँ सूर्योदय होता है, उस स्थान को याद रक्खो। यदि जेठ सुदी द्वितीया का चन्द्रमा उस स्थान से उत्तर में हो, तो ज़माना अच्छा होगा; दक्षिण में होगा, तो अकाल पड़ेगा; और यदि उसी स्थान पर होगा, तो समय साधारण होगा।

[७४]

आसाढ़े धुर अष्टमी,
चन्द उगन्तो जोय।
कालो वै तो करवरो,
धोलो वै तो सुगाल ॥
जे चंदो निर्मल ह्वै,
तो पड़ै अचिन्त्यो काल ॥

आषाढ़ बदी अष्टमी को उदय होते हुए चन्द्रमा की ओर देखो, यदि वह काले बादलों में हो, तो समय साधारण होगा; यदि सफ़ेद बादलों में होगा, तो समय अच्छा होगा; और यदि बादल नहीं होगा, तो निश्चय अकाल पड़ेगा।

[७५]

सोमाँ सुकराँ सुरगुराँ,
जे चन्दो ऊगन्त।
डंक कहै हे भड्डली,
जल थल एक करन्त ॥

यदि आषाढ़ में चन्द्रमा सोमवार, शुक्रवार या गुरुवार को उदय हो, तो डंक भड्डली से कहता है कि ऐसी वृष्टि होगी कि जल और थल एक हो जायँगे।

[७६]

सावन तो सूतो भलो,
ऊभो भलो असाढ़ ॥

द्वितीया का चन्द्रमा सावन में सोता हुआ अच्छा है और आषाढ़ में खड़ा हुआ।

[७७]

मंगल रथ आगे हुवै,
लारे हुवै जो भान।
आरँभिया यूँही रहै,
ठाली रवै निवाण॥

यदि सूर्य के आगे मंगल हो, तो सारी आशाओं पर पानी फिर जायगा और तालाब सूखे पड़े रहेंगे।

[७८]

सोमाँ सुकराँ बुध गुराँ,
पुरवाँ धनुस तणै।
तीजै चौथै देहरै,
समदर ठेल भरै॥

यदि सोम, शुक्र, बुध और गुरुवार को पूर्व दिशा में इन्द्रधनुष तने, तो उसके तीसरे-चौथे दिन इतनी वृष्टि होगी कि समुद्र भर जायगा।

[७९]

विना तिलक का पाँडिया,
विना पुरुष की नार।
बाये भले न दायें,
सीन्याँ सर्प सुनार॥

यात्रा के समय बिना तिलक का पंडित, विधवा स्त्री, दर्ज़ी, साँप और सुनार न दाहिने अच्छे हैं, न बायें।

[८०]

रार करो तो बोलो आड़ा।
कृषी करो तो रक्खो गाड़ा॥

यदि झगड़ा करना हो, तो एँड़ी-बैंड़ी बात बोलो। और यदि खेती करना हो, तो गाड़ी रक्खो।

[८१]

जो तेरे कंता धन घना,
गाड़ी कर ले दो।
जो तेरे कंता धन नहीं,
कालर बाड़ी बो॥

हे स्वामी! यदि तुम्हारे पास अधिक धन हो, तो दो गाड़ियाँ बनवा लो; और यदि धन न हो, तो बाड़ी में कपास बो दो।

अनुक्रमणिका

२४

ख

ग

पृष्ठ

विषय ... पृष्ठ

भ

विषय		पृष्ठ

ह

ह

राजपूताने में

भड्डली की कहावतों की अनुक्रमणिका

विषय			पृष्ठ

विषय पृष्ठ

ई

ऊ

ए

क

ग

घ

च

कोष

अ

अग्नि कोन—दक्षिण-पूर्व
अँकोर—घूस, रिश्वत
अगसर—पहले-पहल
अँतरे खोंतरे—कभी-कभी, दूसरे-तीसरे
असाढ़ी—अषाढ़ की
असलेखा—अश्लेषा नक्षत्र
अघा—तृप्त करो या तृप्त कर देता है
अमहा—बैल की एक किस्म
अगरा—अग्रिम
अलगौरा—अलग
अखूटा—अटूट
अबोनो—बिना बोया हुआ
असनी—अश्विनी नक्षत्र
अखै तीज—अक्षय तृतीया
अम्बर—आकाश
अलसेठ—कष्ट, संकट, दबाव
अगन्ते—अग्रिम
अन्नाधार—मूसलाधार

असार—व्यर्थ

अम्या—आम

अरसी—अलसी, तीसी

आ

आछी—अच्छी

आछा—अच्छा

पञ्आयुष—आयु योग

आदित—आदित्य, सूर्य

आर, आड़—आरी, किनारा

इ

इकलन्त—अकेला

ई

ईसाना—ईशान कोण, पूर्वोत्तर

उ

उढ़रि—विषय-भोग के लिये किसी के साथ भाग जाना

उलिया झुलिया—छोटी-छोटी क्यारियाँ

उरुझी—उलझी

उफनायँ—उफान आये

उपाठ—पक जाता है

उखेरा—ऊख, ईख

उन्हारी—गर्मी

उदन्त—जिस बैल के दूध के दाँत न टूटे हों

उगाह—

ऊ

ऊसम—ऊष्मा, गर्मी

ए

एक धाह्—अकेला, एकान्त

ओ

ओर—अत

ओसारै—नाज और भूसा अलग करे

ओद—गील।पन

ओहरी—उधर

औ

औआ-बौआ—बे सिर-पैर का

क

करकसा—कर्कशा, झगडालू

कुतवा मूतनि—वह खाट, जिस पर कुत्ते मूत जाते हों

कुडहल—ऊसर, बञ्जर, खोदी हुई, हल से जोती हुई

कठौती—काठ की थाली

काछी—एक जाति का नाम है

कोरी—एक जाति का नाम है

कुसहै—कुशवाली

कसी—फावडा

काकुन—एक अन्न का नाम है

कनाई—ईख में एक रोग लग जाना

कुँडिया—कूँडा (घड़ा), कुरिया—खेत रखाने के लिये झोपडा

कछौटी—बैल की पूँछ के नीचे का भाग

कजरा—काली आँखोंवाला बैल

फेर—कूँड़; हल की लीक
करवा—घड़ा
कुलखनी—कुलक्षिणी
कजली—कृष्णपक्ष
काहें—क्यों
कसाये—ईख को बोने से पहले पानी में छोड़ रखने से
कोरा—खाली
करन्त—करता है
करवरो—साधारण

ख

खटिया—छोटी खाट
खुनुस—क्रोध
खेजड़ी—मारवाड़ का एक वृक्ष
खसम—पति

ग

गइल—गये; नष्ट हो गये
गिहथिन—गृहस्थिनी; गृहस्थी के धंधों में निपुण स्त्री
गागल—खूब रसदार
गरियार—ढीठ
गादर—सुस्त बैल
गाहा—अनेक बार पानी देना
गोड़ाई—कुदाल से खेत गोड़ना
गड़रा—एक प्रकार की घास
गधैला—चना का रोग
गाहे—बार बार पानी देने में

गाजै—गरजे; अच्छा हो

गाँड़ा—ईख

गाभिन—गर्भिणी

गेरुई—एक रोग, जो जौ-गेहूँ में लगता है

गोई—बैलों की जोड़ी

गाँधी—एक रोग, जो धान में लगता है

गुड़ुसा—एक कीड़ा, जिसे रीँवाँ कहते हैं

गरदा—धूल

गोरड़ी—ईख

गयंदा—हाथी

गया—नष्ट हुआ

घ

घोर—घोड़ा

घापघूप—घेरना

घोंची—वह बैल, जिसकी सींगें आगे को झुकी हुई हों

च

चीन—चीनी

चमकुल—चटक-मटक वाली

चिक—चिकवा, बकरी का मांस बेंचने वाला

चून—चूना, आटा

चकवर—चँकौड़ा

चिरैया—चित्रा नक्षत्र

चैना—एक अन्न

चास—स्वाद

चरका—धान का रोग

फार—फूँड़; हल की नोक

करवा—घड़ा

कुलच्छनी—कुलच्छिणी

कजली—कृष्णपक्ष

काहें—क्यों

कसाये—ईख को बोने से पहले पानी में छोड़ रखने से

कोरा—खाली

करन्त—करता है

करवरो—साधारण

ख

खटिया—छोटी खाट

खुनुस—क्रोध

खेजड़ी—मारवाड़ का एक वृक्ष

खसम—पति

ग

गइल—गये; नष्ट हो गये

गिहथिन—गृहस्थिनी; गृहस्थी के धंधे में निपुण स्त्री

गागल—खूब रसदार

गरियार—ढीठ

गादर—सुस्त बैल

गाहा—अनेक बार पानी देना

गोड़ाई—कुदाल से खेत गोड़ना

गड़रा—एक प्रकार की घास

गधैला—चना का रोग

गाहे—बार बार पानी देने मे

गाजै—गरजे; अच्छा हो
गाँड़ा—ईख
गाभिन—गर्भिणी
गेरुई—एक रोग, जो जौ-गेहूँ में लगता है
गोई—बैलों की जोड़ी
गुँधी—एक रोग, जो धान में लगता है
गुडुसा—एक कीड़ा, जिसे रोंवाँ कहते हैं
गरदा—धूल
गोरड़ी—ईख
गयंदा—हाथी
गया—नष्ट हुआ

घ

घोर—घोड़ा
घापघूप—घेरना
घोंची—वह बैल, जिसकी सींगें आगे को झुकी हुई हों

च

चीन—चीनी
चमकुल—चटक-मटक वाली
चिक—चिकवा, बकरी का मांस बेंचने वाला
चून—चूना, आटा
चकवर—चँकौड़ा
चिरैया—चित्रा नक्षत्र
चैना—एक अन्न
चास—खाद
चरका—धान का रोग

चापर—नष्ट, बरबाद
चोखी—अच्छी
चाक चहोड़े—चारों ओर
चरबन—चबेना

छ

छज्जे—द्वार के ऊपर बढ़ी हुई छत
छीदी-छीछी—बिड़र, दूर-दूर
छिया बिया—नष्ट
छीपा—रँगरेज
छेड़ी—बकरी
छदर—छः दाँतों वाला बैल

ज

जड़हन—जाड़े में पैदा होने वाला धान
जार—पर-स्त्री-गामी पुरुष
जुट्टी—नील का डंठल
जेठी—जेठ का
जबहा—बैल की एक जाति
जल्ला—जल
जोसी—ज्योतिषी
ज्येष्ठा—एक नक्षत्र
जोन्हरी—मक्का; कहीं-कहीं ज्वार को भी जोन्हरी कहते हैं।

झ

झिलँगा—ढीली-ढाली खाट
झंपा—फलों का गुच्छा
झर—बरसात

भार—झड़ी; राशि
भूरा—सूखा

ट

टोवै—टटोले
टोटा—घाटा

ठ

ठकुर क—ठाकुर का
ठूँट—कटी हुई डालों वाला पेड़
ठरै—सरदी सहे

ड

डंडै—डंड कसरत
डंडा—छड़ी
डाँस—मच्छर
डग-मग—लड़खड़ाते हुये
डँगरवा—बैल
डेहरी पारै—कोठिला तैयार कर

ढ

ढिलढिल—ढीला-ढाला

त

तारो—ताला
तेकर—उसका
ताका—दो तरहकी आँखों वाला, ऐंचाताना
तेकी—उसकी
तूर—अन्न

तुसार—पाला
तरियान—लटकी हुई
सकें—देखते हैं; प्रशंसा करते हैं।

थ

थाहे—कम गहरा, जहाँ डुबाव न हो।

द

दुलकन—दुलकी चलने वाला
दरबि—द्रव्य, धन
दलिद्दर—दरिद्रता
दिवला—दिया
दलाये—खोंटने से
दायाँ—दाहिना; जौ गेहूँ के डंठल को बैलों से कुचलवाना
दाना—पोस्त
देव-उठान—देवोत्थान एकादशी कार्तिक में होती है
दमोय—बैलों की एक किस्म
दो तौई—एक घर में दो तवे चढ़ने से
दमकन्त—चमकती है
दिसन्त—दिखाई पड़ती है
दूँद—द्वंद्व, ऊधम
दाँय—बार

ध

धना—धान
धिया—कन्या
धोरे—निकट

धी—कन्या
धौरा—सफेद
धुरंधर—बैल

न

नसकट—एँड़ी के ऊपर की नस काटने वाली
निरघिन—घिनौनी, फूहड़
नसौनी—नाश
निगोड़ी—बुरी, अशुभ, निकम्मी
निचान—नीचा
निपिद—निषिद्ध, अधम
निदान—अंत, अंतिम
नायँ—नहीं, नाईं, तरह
नसी—हल से सँरोचना
नरसी—नीरस
नीयर—निकट
निटिया—नाटा, छोटा
निकौनी—निरवाही
नखत—नक्षत्र
नारेल—नारियल
निपजै—उपजै
नेउरा—नेवला

प

पाही—वह खेती, जो दूसरे गाँव में की जाती
पूवा—खाने का एक पदार्थ
परै—पड़े
परुया—पराया, पड़ा हुआ

तुसार—पाला।

तरियान—लटकी हुई

तकें—देखते हैं; प्रशंसा करते हैं।

थ

थाहे—कम गहरा, जहाँ डुबाव न हो

द

दुलकन—दुलकी चलने वाला।
दरबि—द्रव्य, धन
दलिद्दर—दरिद्रता
दियला—दिया
दलाये—सोंटने से
दायाँ—दाहिना; जौ गेहूँ के डंठल को बैलों से कुचलवाना
दाना—पोस्त
देव-उठान—देवोत्थान एकादशी कार्तिक में होती है
दमोय—बैलों की एक किस्म
दो तौई—एक घर में दो तवे चढ़ने से
दमकन्त—चमकती है
दिसन्त—दिखाई पड़ती है
दूँद—द्वन्द्व, ऊधम
दाँय—बार

ध

धना—धान
धिया—कन्या
धोरे—निकट

धी—कन्या
धौरा—सफ़ेद
धुरंधर—बैल

न

नसकट—एँड़ी के ऊपर की नस काटने वाली
निरघिन—घिनौनी, फूहड़
नसौनी—नाश
निगोड़ी—बुरी, अशुभ, निकम्मी
निचान—नीचा
निषिद्—निषिद्ध, अधम
निदान—अंत, अंतिम
नायँ—नहीं, नाईं, तरह
नसी—हल से खँरोचना
नरसी—नीरस
नीयर—निकट
निटिया—नाटा, छोटा
निकौनी—निरवाही
नखत—नक्षत्र
नारेल—नारियल
निपजै—उपजै
नेउरा—नेवला

प

पाही—वह खेती, जो दूसरे गाँव में की जाती है
पूवा—खाने का एक पदार्थ
परै—पड़े
परुया—पराया, पड़ा हुआ

पाड़ी—भैंस का बचा
पुरखिन—गृह-कर्म में निपुण स्त्री
पुरवा—पूर्वा
पाँसा—खाद
पइया—वह धान, जिसमें चावल न हो
पँड़वा—भैंस का बचा
पौला—पैर में पहनने का एक खड़ाऊँ, जिसमें खूँटी के स्थान पर रस्सी लगी रहती है।
पकन्त—पकती है।
पैना—बैल हाँकने की सोंटी
पछम—पश्चिम की
पेड़ी—तना
पास—खाद
पेंडुरि—पिँडली
पेलन—ढकेलने वाला
पिरथी—पृथ्वी
पुगौना—पूर्णिमा को
पूगे—पूरा हुआ

फ

फूट—पकी हुई ककड़ी
फूटे—फूटने से
फलाँगन—छलाँग
फुलवा—बैल की एक किस्म
फरका—छप्पर
बनिय क—बनिये का
बइद—वैद्य

घेसवा—वेश्या
बाछा—बछड़ा
बहुरिया—बहू, नई आई हुई स्त्री
बावै—बाबा को
बाध—मूँज की रस्सी
बिया—बीज
बेकहल—ढाक के जड़ की छाल
बारी—एक जाति, फुलवाड़ी
बीन—चुनना
बगड़—घर
बिराने—पराये
बगौधा—पालतू बैल
बातल—बादो
बिसाहन—खरीदने
बारह बाट—छिन्न-भिन्न, व्यर्थ
बढ़वारी—वृद्धि
बराहे—सूअर से खोदी जाती हुई
बतास—हवा
बिड़र—दूर-दूर
बान—वाणिज्य, रंग
बाहे—हल से जोतना
बारे—लड़के
बाढ़—वृद्धि
बोउनिहा—बोनेवाला
बरदिया—बैलवाला
बिस्सा—बिस्वा

बर्रे—ततैया

बरौठे—दालान में, ओसारे में

बौनी—बोआई

बाड़ी—खेत जिसमें शाक-सब्जी बोई जाय; कपास

बड़हरा—कंडा जमा करने का घर .

बरारी—दबी हुई रोड़

बाव—हवा

बांसड़—उभरी हुई रीढ़वाला बैल

बाड़ा—खेत के आस-पास काँटों का घेरा

बौंडा—दक्षिण-पश्चिम की हवा

बिलखें—रोयें

बधावड़ा—बधाई

भ

भुइयाँ—जमीन; खेत

भकुवा—मूर्ख, भोंदू

भड़हरि—बरतन-भाँड़ा

भाड़—एक कटीली झाड़ी, जिसे भड़भड़ा कहते हैं।

भुजी—भुजवा

भुसौला—भूसा रखने का घर

भ्रमत—घूमते हैं

भवा—हुआ

म

मइल—मैली, गंदी

महावट—महावृष्टि

मुँड़िया—साधू, स्वामी

मही—मट्ठा

मरकना—मारने वाला

मूसर—मुशल

मसीना—उड़द

मरकनी—मर-मर करने वाली

मकुनी—मोटी रोटी

मेहरी—स्त्री

मेहरारू—स्त्री

मोरा—मोर

मघारै—शीत सहे

माँड़—भात का पानी

मँमार—में, बीच में

मुसरहा—ढील लटका हुआ बैल, अथवा जिसकी पूँछ के बीच में दूसरे रंग के बालों का गुच्छा हो।

मेवाती—मेवात की

मकर—नीला और सफेद मिले हुए रग का बैल

महुवा—लाल

मुतान—मूतने का स्थान

मोराये—ईख का रस निकालना

मठाय—सुस्त पड़ जाय

मूर—मूली

मियनी—बैल की एक किस्म

महातुरी—बहुत आतुर होकर

माहूँ—सरसों का रोग

र

रामबाँस—एक सिरे पर नोकदार लोहा जड़ा हुआ बाँस, जिसे कुएँ मे पानी निकालने के लिये धँसाते हैं।

बर्र—ततैया
बरौठे—दालान में, ओसारे में
बौनी—बोआई
बाड़ी—खेत जिसमें शाक-सब्जी बोई जाय; कपास
बड़हरा—कंडा जमा करने का घर .
बरारी—दबी हुई खोड़
बाव—हवा
बाँसड़—उभरी हुई रीढ़वाला बैल
बाड़ा—खेत के आस-पास काँटों का घेरा
बाँडा—दक्षिण-पश्चिम की हवा
बिलखे—रोयें
बधावड़ा—बधाई

भ .

भुइयाँ—ज़मीन; खेत
भकुवा—मूर्ख, भोंदू
भड़ेहरि—बरतन-भाँडा
भाड़--एक कटीली झाड़ी, जिसे भड़भड़ा कहते हैं।
भुजी—भुजवा
भुसौला—भूसा रखने का घर
भ्रमत—घूमते हैं
भवा—हुआ

म

मइल—मैली, गंदी
महावट—महावृष्टि
मुँड़िया—साधू, स्वामी, सन्यासी
मही—मट्ठा; पृथ्वी

मरकना—मारने वाला

मूसर—मुशल

मसीना—उडद

मरकनी—मर-मर करने वाली

मकुनी—मोटी रोटी

मेहरी—स्त्री

मेहरारू—स्त्री

मोरा—मोर

मघारै—शीत सहे

माँड—भात का पानी

मँभार—मे, बीच में

मुसरहा—डील लटका हुआ बैल, अथवा जिसकी पूँछ के बीच मे दूसरे रग के बालों का गुच्छा हो।

मेवाती—मेवात की

मक्कर—नीला और सफेद मिले हुए रग का बैल

महुवा—लाल

मुतान—मूतने का स्थान

मेराये—ईख का रस निकालना

मठाय—सुस्त पड जाय

मूर—मूली

मियनी—बैल की एक किस्म

महातुरी—बहुत आतुर होकर

माहूँ—सरसो का रोग

र

रामबाँस—एक सिरे पर नोकदार लोहा जडा हुआ बाँस, जिसे कुएँ मे पानी निकालने के लिये धँसाते हैं।

राड़ी—एक घास
रड़ई—एक प्रकार की घास
रेंढ—डंठल
रिरियाय—प्रसन्न होता है
रोड़ा—गुड़ का टुकड़ा
रहुआ—किसान
रिच्छ—नक्षत्र, तारे
रेवतड़ी—रेवती नक्षत्र
रात्यो—लाल
रजक—धोबी
रूसा—अडूसा

ल

लोमा—लोमड़ी
लीवर—कीचड़
लवार—झूठा
लवै—जोड़ा गाय
लरजै—लज्जित हो
लोधा—गोह
लोरु—रोटी

व

वाकी—उसकी
विडरे—दूर-दूर
विदेसड़ा—परदेश

स

सखरच—शाहखर्च, फ़जूलखर्च
सुथना—पाजामा

सतवति—सदाचारिणी

सतवार—पतिव्रता

सँघाती—साथी

ससुरवन—ससुरों के

साख—खेती

सेती—से

सावनी—सावन की फसल

सैल—जुये के बैल के गले में रोक रखने वाली लकड़ी

सारै—सड़ावे

सरसी—रसवाली

सरौती—एक प्रकार की ईख

सलसी—निकट, पास-पास

स्यारी—जाड़े की फ़सल

सकाली—प्रात:काल

समथर—समतल ज़मीन

सार—वह स्थान जहाँ बैल बाँधे जाते हैं।

सरवा—श्रुवा, कटोरा, चम्मच

सहना—शाहंशाह

सौंख—बैल के माथे पर बालों का एक चक्र, जो शस्त्र की तर होता है।

सुलखनी—अच्छे लक्षणों वाली

समेती—सहित

सरसे—नम, गीली ज़मीन

सुरही—गाय

सजूत—सयुक्त, सहित

सगलै—सब

राड़ी—एक घास
रड़ई—एक प्रकार की घास
रेंड—डंठल
रिरियाय—प्रसन्न होता है
रोड़ा—गुड़ का टुकड़ा
रहुआ—किसान
रिच्छ—नक्षत्र, तारे
रेवतड़ी—रेवती नक्षत्र
रात्यो—लाल
रजक—धोबी
रूसा—अडूसा

ल

लोमा—लोमड़ी
लीवर—कीचड़
लबार—झूठा
लवै—जोड़ा खाय
लरजै—लज्जित हो
लोधा—गोह
लोक—रोटी

व

वाकी—उसकी
विडरे—दूर-दूर
विदेसड़ो—परदेश

स

सखरच—शाहखर्च, फ़जूलखर्च
सुथना—पाजामा

सतवति—सदाचारिणी

सतवार—पतिव्रता

सँघाती—साथी

ससुरवन—ससुरों को

साख—खेती

सेती—से

सावनी—सावन की फ़सल

सैल—जुये के बैल के गले में रोक रखने वाली लकड़ी

सारे—सड़ाने

सरसी—रसवाली

सरौती—एक प्रकार की ईख

सलसी—निकट, पास-पास

स्यारी—जाड़े की फसल

सकाली—प्रातःकाल

समथर—समतल ज़मीन

सार—वह स्थान जहाँ बैल बाँधे जाते हैं।

सरवा—श्रुवा, कटोरा, चम्मच

सहना—शाहंशाह

सँख—बैल के माथे पर बालों का एक चक्र, जो शंख की तरह होता है।

सुलखनी—अच्छे लक्षणों वाली

समेती—सहित

सरसे—नम, गीली ज़मीन

सुरही—गाय

सजूत—संयुक्त, सहित

सगलै—सब

राड़ी—एक घास
रड़ई—एक प्रकार की घास
रेंड—डंठल
रिरियाय—प्रसन्न होता है
रोड़ा—गुड़ का टुकड़ा
रहुआ—किसान
रिच्छ—नक्षत्र, तारे
रेवतड़ी—रेवती नक्षत्र
रात्यो—लाल
रजक—धोबी
रूसा—अड़ूसा

ल

लोमा—लोमड़ी
लीवर—कीचड़
लवार—झूठा
लवै—जोड़ा खाय
लरजै—लज्जित हो
लोधा—गोह
लोक—रोटी

व

वाकी—उसकी
विडरे—दूर-दूर
विदेसड़ो—परदेश

स

सखरच—शाहखर्च, फजूलखर्च
सुथना—पाजामा